**सुविचार**
नाकामिया आपको अपनी गलती सुधारने और वापस दोगुनी ताकत से सफल होने के लिए प्रेरित करती है।

Daily
# THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
द फोटोन न्यूज Published from Ranchi



वर्कआउट रूटीन की एक झलक शेयर...

Ranchi ● Friday, 23 February 2024 ● Year : 02 ● Issue : 37 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com
E-Paper : epaper.thephotonnews.com


**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 73,158.24 |
| निफ्टी | : | 22,217.45 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,910 |
| चांदी | : | 78.00 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

### पति ने पत्थर से कूचकर की पत्नी की हत्या, गिरफ्तार

**KHUNTI :** मुरहू थानांतर्गत मुंडा कुंजला गांव के रतन तिड़ू नामक युवक ने मामूली विवाद में गत बुधवार की रात अपनी पत्नी बिंझिया तिड़ू (35) की पत्थर से कूचकर निर्मम हत्या कर दी। गुरुवार सुबह घटना की सूचना मुरहू थाना की पुलिस को मिलने पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल खूंटी भेजा। इस संबंध में मुरहू थाना में आरोपित के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज कर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। दूसरी ओर सदर अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराकर पुलिस ने उसे स्वजनों को सौंप दिया।

### थाने में युवक ने कंबल फाड़ कर लगाई फांसी, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**RAMGARH :** रामगढ़ थाने के हाजत में गुरुवार को एक युवक ने फांसी लगा ली। इस मामले की पुष्टि करते हुए रामगढ़ एसपी पीयूष पांडे ने बताया कि मृतक अनिकेत उर्फ कोका चोरी की एक मामले में पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया था। बुधवार की देर रात तक उससे पूछताछ नहीं हो पाई थी। इसी बीच उसने हाजत में पुलिस द्वारा दिए गए कंबल को फाड़कर हाजत के शौचालय में आत्महत्या कर ली। पुलिस ने जब देखा कि अनिकेत 10 मिनट के बाद भी शौचालय से बाहर नहीं निकाला और आवाज देने के बाद भी उसने कोई रिस्पांस नहीं किया तो तत्काल टीम अंदर घुसी। पुलिस ने उसे फंदे से लटका देखा तो उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया।

### सीएम को सीयूजे के कुलपति ने दीक्षांत समारोह में शामिल होने का दिया निमंत्रण

**RANCHI :** झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूजे) में तृतीय दीक्षांत समारोह की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर केबी दास ने झारखंड के नये मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से मुलाकात कर उन्हें तृतीय दीक्षांत समारोह के आयोजन की जानकारी दी तथा समारोह में आने का निमंत्रण भी दिया। मुख्यमंत्री ने समारोह में शामिल होने का आश्वासन भी दिया। झारखंड केन्द्रीय विश्वविद्यालय 28 फरवरी को अपना तृतीय दीक्षांत समारोह का आयोजन करने जा रहा है।

## सीएम ने की मैराथन बैठक, कहा- हेमंत मुद्दे और सरकार के कार्यों के लेकर जाएंगे चुनाव में

# जेएमएम केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक, झारखंड सहित चार राज्यों में लोकसभा चुनाव लड़ेगी पार्टी

**PHOTON NEWS RANCHI :** पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के जमीन मामले में फंसने और जेल जाने के बाद बदले राजनीतिक हालात और आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर झामुमो केंद्रीय कार्यकारिणी की छह घंटे तक मैराथन बैठक हुई। पहली बार इस बैठक में झामुमो प्रमुख शिबू सोरेन और कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन शामिल नहीं हुए। बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने की। मिली जानकारी के अनुसार बैठक के दौरान विधायकों को जेएमएम-कांग्रेस की दिल्ली में हुई बैठक की जानकारी देते हुए बताया गया कि इस बार का लोकसभा चुनाव पार्टी केवल झारखंड ही नहीं, बल्कि बिहार, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और असम में भी लड़ेगी। इन सभी राज्यों में पार्टी की ओर से उम्मीदवार खड़े किए जाएंगे। सीटों के बंटवारे में सीटों की संख्या क्या होगी, यह स्पष्ट नहीं किया गया है।कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री निवास में आयोजित इस बैठक में पार्टी नेताओं और पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि हमारे प्रिय नेता हेमंत सोरेन को साजिश के तहत फंसाने और सरकार के चार के कार्यकाल के कार्यों को लेकर हमें चुनाव में जाना है। हमारे नेताओं एवं कार्यकताओं का यह दायित्व बनता है कि वह इन दोनों मुद्दों को भली-भांति जनता के बीच लेकर जाएं और बताएं।


बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते मुख्यमंत्री संपाई सोरेन। ● फोटोन न्यूज

### कल्याणकारी योजनओं का लाभ निचले स्तर तक पहुंचाने की जिम्मेवारी कार्यकर्ताओं पर : चंपाई

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ निचले स्तर तक पहुंचाने की जिम्मेदारी कार्यकताओं की है। सरकार की उपलब्धियों का व्यापक पैमाने पर प्रचार-प्रसार होगा। पार्टी ने सभी 14 सीटों पर जीत हासिल करने का लक्ष्य तय किया है। इसके लिए व्यापक पैमाने पर अभियान चलाया जाएगा। जल्द ही सहयोगी दलों के साथ सीटों के बंटवारे को अंतिम रूप दिया जाएगा। अनुमान के मुताबिक, मार्च के पहले सप्ताह तक स्थिति स्पष्ट हो जाएगी।

### न्याय मिलने तक जारी रहेगा संघर्ष : मिथिलेश ठाकुर

झामुमो केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक के बाद मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि सभी 14 सीटों को जीतने का लक्ष्य लेकर हम आगे बढ़ेंगे। झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को न्याय मिलने तक सड़क पर पार्टी का संघर्ष जारी रहेगा। हेमंत सोरेन को विधानसभा के बजट सत्र में शामिल नहीं होने संबंधी पीएमएलए कोर्ट के निर्णय पर कहा कि पूर्व में सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायकों को लेकर कई बार सकारात्मक फैसला आ चुका है। किन परिस्थितियों और कारणों की वजह से हेमंत सोरेन को बजट सत्र में शामिल नहीं होने की इजाजत कोर्ट ने दी है, उस पर टिप्पणी करना सही नहीं होगा।

### झामुमो की चल रही है आंधी : सरफराज

बैठक से बाहर निकलने के बाद गांडेय के पूर्व विधायक सरफराज अहमद ने कहा कि राज्य में झामुमो की आंधी चल रही है। हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी और बीजेपी के षड्यंत्रों के खिलाफ चल रहा आंदोलन गली-मोहल्ले तक पहुंचेगा। 2019 के लोकसभा चुनाव में हमारा प्रदर्शन बेहतर भले नहीं रहा, लेकिन इस बार नया स्टार प्रचारक होगा। हमारे बेहतरीन स्टार प्रचारक पूर्व सीएम हेमंत सोरेन जेल में हैं, लेकिन पार्टी इस बार लोकसभा चुनाव में शानदार प्रदर्शन करेगी। सरकार उसी मजबूती के साथ चलेगी जो पिछले चार सालों से चल रही है। हेमंत सोरेन के अधूरे काम को पूरा किया जाएगा।

## हेमंत को ईडी कोर्ट का डबल झटका, सात मार्च तक रहेंगे जेल में, बजट सत्र में नहीं हो पाएंगे शामिल

**RANCHI :** हेमंत सोरेन को कोर्ट से डबल झटका लगा है। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन को गुरुवार (22 फरवरी) को 7 मार्च तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। वहीं दूसरी तरफ, झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में हेमंत सोरेन को शामिल होने की अनुमति देने से भी अदालत ने इंकार कर दिया।

**जमीन घोटाला मामले में हेमंत सोरेन को ईडी ने किया था गिरफ्तार :** जमीन घोटाला मामले में गिरफ्तार हेमंत सोरेन की हिरासत अवधि समाप्त होने के बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उन्हें प्रिवेंशन ऑफ मनी लाउंडरिंग एक्ट (पीएमएलए) कोर्ट में पेश किया। पीएमएलए कोर्ट के जज राजीव रंजन ने हेमंत सोरेन और ईडी के वकीलों की दलील सुनने के बाद झारखंड के पूर्व सीएम की न्यायिक हिरासत 7 मार्च तक बढ़ा दी।

**हेमंत सोरेन को बजट सत्र में शामिल होने की अनुमति देने से इंकार :** इससे पहले, पीएमएलए कोर्ट ने हेमंत सोरेन को झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में शामिल होने की अनुमति देने से इंकार कर दिया। हेमंत सोरेन की

## विपक्ष ने की बजट सत्र बढ़ाने की मांग, सरकार को पारा शिक्षक समेत कई मुद्दों पर घेरने की तैयारी

**RANCHI :** झारखंड विधानसभा का कल से बजट सत्र शुरू हो रहा है। बजट सत्र से पहले गुरुवार को विधानसभा अध्यक्ष ने सर्वदलीय बैठक की, जिसमें सदन शांतिपूर्ण तरीके से संचालित हो। इसपर चर्चा की गई। बैठक में बीजेपी की ओर से कहा गया कि बजट सत्र छोटा है 23 फरवरी से शुरू होनेवाला बजट सत्र दो मार्च तक ही चलेगा। सत्र की अवधि बढ़ाने की मांग की गई। विधानसभा अध्यक्ष रविन्द्र नाथ महतो की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। इसमें मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, एनसीपी से कमलेश सिंह, निर्दलीय विधायक सरयू राय, सीपीआईह एमएल से विनोद सिंह, आजसू से लम्बोदर महतो, राजद से सत्यानंद भोक्ता और कांग्रेस से प्रदीप यादव शामिल हुए।

**विपक्ष ने की बजट सत्र बढ़ाने की मांग :** विपक्षी पार्टियों की ओर से बजट सत्र बढ़ाने की मांग की गई। विपक्ष ने कहा है कि यह बजट सत्र भले ही पांचवें विधानसभा का यह आखिरी सत्र हो, लेकिन राज्य में चंपई सोरेन सरकार पहली बजट है।

**जनहित के मुद्दों पर सरकार को घेरेंगे :** विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा चंपई सरकार सत्र बढ़ाने पर सहमति नहीं देती है तो बजट सत्र की क्या जरूरत है। उन्होंने कहा कि विधानसभा में सत्र भले ही छोटा हो, लेकिन जनता के मुद्दे उठेंगे। जनहित के मुद्दों पर सरकार को घेरा जाएगा। इसको लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। उन्होंने कहा कि क्यों मुख्यमंत्री को इस्तीफा देना पड़ा। पेपर लीक का मामला, जमीन घोटाला, पारा शिक्षक आदि मुद्दे सदन में उठाए जाएंगे।

## मैतेई समुदाय से जुड़े जिस आदेश के बाद भड़की थी हिंसा, हाई कोर्ट ने किया रद्द

**AGENCY MANIPUR :** मणिपुर हाईकोर्ट ने मार्च 2023 में दिए गए फैसले के उस पैरा को हटाने का आदेश दिया है जिसमें राज्य सरकार से मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति (एसटी) की सूची में शामिल करने पर विचार करने को कहा गया था। अदालत ने कहा कि यह पैरा सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ द्वारा इस मामले में रखे गए रुख के विपरीत है।

जस्टिस गाइफुलशिलु ने 21 फरवरी के फैसले में अनुसूचित जनजाति सूची में संशोधन के लिए भारत सरकार की निर्धारित प्रक्रिया की ओर इशारा करते हुए निर्देश को हटाने की आवश्यकता पर जोर दिया। जस्टिस गाइफुलशिलू ने कहा, ह्यतदनुसार, पैरा संख्या 17(3) में दिए गए निर्देश को हटाने की जरूरत है और 27 मार्च, 2023



के फैसले और आदेश के पैरा संख्या 17(3) को हटाने के लिए तदनुसार आदेश दिया जाता है। हाईकोर्ट द्वारा 27 मार्च, 2023 दिए गए निर्देश को राज्य में जातीय संघर्ष के लिए उत्प्रेरक माना जाता है। इस संघर्ष में 200 से अधिक लोगों की जान चली गई। न्यायमूर्ति गोलमेई गैफुलशिलु की एकल एक पीठ ने बुधवार को एक समीक्षा याचिका की सुनवाई के दौरान उक्त अंश को हटा दिया। पिछले साल के निर्णय में राज्य सरकार को मैतेई समुदाय को एसटी सूची में डालने पर शीघ्रता से विचार करने का निर्देश देने वाले विवादित पैराग्राफ को हटाने का अनुरोध किया गया था। पिछले साल के फैसले के पैरा में कहा गया था कि राज्य सरकार आदेश प्राप्त होने की तारीख से मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति सूची में शामिल करने के लिए याचिकाकताओं के अनुरोध पर शीघ्रता से यह संभव हो तो चार सप्ताह की अवधि के भीतर विचार करेगी।

**मणिपुर हिंसा में गई सैकड़ों लोगों की जान**

मणिपुर में पिछले साल भड़की हिंसा में करीब 200 लोगों की मौत हो गई। मैतेई समुदाय के लोगों को आरक्षण दिए जाने का विरोध कुकी समुदाय के लोगों ने किया था। जिसमें भारी हिंसा हुई थी। उसके बाद राज्य में रह-रहकर हिंसा और झड़पें हुईं।

# भारत-इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज का चौथा मैच रांची में आज से शुरू

## इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स मैच से ठीक पहले पिच देखकर हुए हैरान

**PHOTON NEWS RANCHI :** भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का चौथा मैच शुक्रवार से रांची में होने जा रहा है। मैच की शुरूआत से पहले इंग्लैंड टीम के कप्तान बेन स्टोक्स ने पिच को लेकर हैरानी जताई है। बेन स्टोक्स ने कहा कि इससे पहले ऐसा कभी नहीं देखा है। गुरुवार को बेन स्टोक्स ने कहा कि उन्हें रांची की पिच समझ नहीं आई, क्योंकि दूर से ऐसा लगा कि यह घास से ढकी हुई है, लेकिन करीब से जाकर देखने पर पता चला कि उसमें कई जगह दरारें हैं और बल्लेबाजों और गेंदबाजों के लिए काफी मुश्किल हो सकती है।





उन्होंने कहा कि मुझे कोई अंदाजा नहीं है इसलिए मैं नहीं जानता कि क्या हो सकता है। ड्रेसिंग रूम से पिच हरी और घास वाली दिखती है लेकिन जब आप करीब जाते हैं तो यह अलग दिखती है। बहुत काली और उबड़-खाबड़ और कुछ दरारें भी, जो साफ दिखती हैं। उल्लेखनीय है कि सीरीज में भारतीय टीम 2-1 से आगे है। सीरीज का चौथा मैच रांची में शुक्रवार से खेला जाएगा।

**गुजरात कॉपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन के स्वर्ण जयंती समारोह को पीएम ने किया संबोधित, बोले-**

# पहले की सरकारें ग्रामीण अर्थव्यवस्था की जरूरतों को टुकड़ों में देखती थीं

**AGENCY AHMADABAD :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछली सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले की सरकारें ग्रामीण अर्थव्यवस्था की जरूरतों को टुकड़ों में देखती थीं। हम गांव के हर पहलू को प्राथमिकता देते हुए काम को आगे बढ़ा रहे हैं। प्रधानमंत्री गुरुवार को अहमदाबाद में गुजरात कॉपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन (जीसीएमएमएफ) के स्वर्ण जयंती समारोह को संबोधित कर रहे थे।



प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार का जोर अन्नदाता किसानों को ऊजादार्ता बनाने के साथ ही उर्वरकदाता बनाने पर भी है। उन्होंने कहा कि हमारा फोकस छोटे किसान का जीवन बेहतर करने, पशुपालन का दायरा बढ़ाने, पशुओं का स्वास्थ्य बेहतर करने, गांव में पशुपालन के साथ ही मछलीपालन और मधुमक्खी पालन को प्रोत्साहित करने पर केंद्रित है। महात्मा गांधी के कथन को याद करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की आत्मा गांवों में बसती है। विकसित भारत के निर्माण के लिए भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था का सशक्त होना जरूरी है।

उन्होंने कहा कि हमने पहली बार पशुपालकों और मछली पालकों को भी किसान क्रेडिट कार्ड की सुविधा दी है। किसानों को ऐसे आधुनिक बीज दिए हैं, जो जलवायु परिवर्तन का मुकाबला कर सकें। भाजपा सरकार राष्ट्रीय गोकुल मिशन जैसे अभियानों के माध्यम से दुधारू पशुओं की नस्ल सुधारने का भी काम कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हम किसान कल्याण सुनिश्चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। सरकार ने देश भर में 60,000 से अधिक अमृत सरोवर बनाए हैं। इसी पहल से न सिर्फ किसानों को फायदा होगा, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी। हमारा लक्ष्य देश के छोटे किसानों तक भी आधुनिक तकनीक और उसकी जानकारी पहुंचाना है।

प्रधानमंत्री ने गुजरात कॉपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन को स्वर्ण जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गुजरात के गांवों ने मिलकर 50 वर्ष पहले जो पौधा लगाया था वो आज विशाल वटवृक्ष बन गया है। उन्होंने कहा कि भारत की आजादी के बाद देश में बहुत से ब्रांड बने, लेकिन अमूल जैसा कोई नहीं। आज अमूल भारत के पशुपालकों के सामर्थ्य की पहचान बन चुका है। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे पशुपालकों की ये संस्था आज जिस बड़े पैमाने पर काम कर रही है, वही संगठन और सहकार की शक्ति है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि यह सरकार और सहकार का अद्भुत तालमेल है कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश बनकर उभरा है। आज भारत में करीब 8 करोड़ लोग सीधे तौर पर डेयरी सेक्टर से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि हम आज दुनिया के सबसे बड़े दूध उत्पादक देश हैं। भारत के डेयरी सेक्टर से 8 करोड़ लोग सीधे जुड़े हुए हैं। पिछले 10 साल में ही भारत में दूध उत्पादन में करीब 60 प्रतिशत वृद्धि हुई है। पिछले 10 वर्षों में प्रति व्यक्ति दूध उपलब्धता भी करीब 40 प्रतिशत बढ़ी है। दुनिया मे डेयरी सेक्टर सिर्फ 2 प्रतिशत की दर से आगे बढ़ रहा है। जबकि भारत में डेयरी सेक्टर 6 प्रतिशत की दर से आगे बढ़ रहा है।

प्रधानमंत्री ने महिलाओं को भारत के डेयरी सेक्टर की असली रीढ़ बताते हुए कहा कि आज अमूल सफलता की जिस ऊंचाई पर है, वो सिर्फ और सिर्फ महिला शक्ति की वजह से है।

### मोदी 26 को रांची रेल मंडल की योजनाओं का करेंगे ऑनलाइन शिलान्यास

**RANCHI :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 26 फरवरी को रांची रेल मंडल की कई विकास योजनाओं का ऑनलाइन शिलान्यास करेंगे। अधिकारियों ने इसकी तैयारियां शुरू कर दी हैं। प्रधानमंत्री बालसीरिंग, गोविंदपुर, बानो व ओरगा स्टेशन के अपग्रेडेशन की योजना का शिलान्यास करेंगे। इसके अलावा रेल ओवरब्रिज का भी शिलान्यास करेंगे। हटिया-बंडामुंडा लाइन में लोधमा व महाबुआंग में बने रोड अंडर ब्रिज का उद्घाटन किया जाएगा। रांची से भाजपा सांसद संजय सेठ ने रेलवे ओवरब्रिज और अंडरपास बनाने के लिए रेल मंत्रालय को प्रस्ताव भेजा था। उसे स्वीकृत कर लिया गया। इसके बनने से लोगों को सुविधा होगी। रेलवे ने रांची को एक साल में लगभग 2000 करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट दिया है। रांची रेल डिविजन में पहली बार केंद्र ने कई बड़ी परियोजनाओं की स्वीकृति दी है।

## सीएम अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें बढ़ी, ईडी ने जारी किया नया समन

**AGENCY NEW DELHI :** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद अब दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के मुश्किलें बढ़ गईं हैं। जानकारी के अनुसार ईडी केजरीवाल को फिर नया समन जारी किया है। आबकारी नीति मामले में पूछताछ के लिए 26 फरवरी को उन्हें पेश होने को कहा गया है।

केंद्रीय एजेंसी ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग अधिनियम यानी पीएमएलए के प्रावधानों के तहत सातवां समन जारी किया है और दिल्ली के सीएम केजरीवाल की उस दलील को खारिज करने का काम किया है जिसमें उनकी पेशी के लिए नया नोटिस देना गलत होने की बात कही गई है, क्योंकि यह मामला कोर्ट में विचाराधीन है। सूत्रों के हवाले से मीडिया में जो खबरें चल रही हैं उसके अनुसार, सीएम केजरीवाल को आबकारी नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 26 फरवरी को जांच एजेंसी के सामने पेश होने तथा अपना बयान दर्ज कराने के लिए कहा गया है।

**कोर्ट ने क्या कहा था :** यहां चर्चा कर दें कि ईडी ने पिछले दिनों इस मामले में उसके समन की अवज्ञा करने के लिए आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के खिलाफ एक नयी शिकायत दर्ज करायी थी। कोर्ट ने केजरीवाल को इस मामले में व्यक्तिगत रूप से पेश होने की छूट दी थी, साथ ही मामले की अगली सुनवाई के लिए अगले महीने की 16 मार्च की तारीख तय की थी। कोर्ट की ओर से यह भी कहा था कि शिकायत के विषय और रिकॉर्ड पर रखी गई सामग्री से, प्रथम द्दष्टया यह भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 174 के तहत अपराध बनता है।

THE PHOTON NEWS





# संगीत से रहे स्वस्थ निरोगी काया

एक तरफ जहां योग्य से मनुष्य शरीर, मन और मस्तिष्क को साधता है, वहीं संगीत हमारी आत्मा को शुद्ध करता है। संगीत का उद्देश्य केवल मनोरंजन करना नहीं है, आधुनिक एवं मीडिया में बने रहने के इच्छुक संगीतज्ञों को छोड़ दिया जाए तो हर तरह का संगीत शुद्धता व पवित्रता पर जोर देता है। स्वरों की उपासना, रियाज, शास्त्र शुद्ध पद्धति द्वारा आराधना कर अंतर्मन में गहराई तक उतारना संगीत का मुख्य लक्ष्य है। इसलिए संगीत शास्त्र व आध्यात्मिक एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं, क्योंकि दोनों का उद्देश्य समान है आत्म साक्षात्कार।

मानव जीवन की आवश्यकताओं में पहला सुख निरोगी काया माना गया है। निरोगी शरीर व मस्तिष्क हर किसी के लिए आवश्यक है। आत्म साक्षात्कार हेतु प्रयासरत कई साधक बीमार शरीर के कारण प्रगति नहीं कर पाते हैं। जिस प्रकार संगीत एक उपासना का तरीका है। उसी प्रकार का योग शास्त्र जीवन का मित्र है। यदि शरीर स्वस्थ रहे तो हम जीवन का आनंद ले सकते हैं।संगीत में रियाज के लिए एकाग्रता की आवश्यकता होती है। योग शास्त्र हमारे शरीर को स्वस्थ रखने में सहायक है। मन की, मस्तिष्क की एकाग्रता, प्रसन्नचित्त व्यक्तित्व योग शास्त्र की देन है।संगीत में स्वरों की शुद्धता पर जोर दिया जाता है, पर योग शास्त्र में आसन व मुद्राओं पर जोर दिया जाता है। दोनों में ही स्वर व मुद्रा की श्रेष्ठता से आनंद और स्वास्थ्य पाया जा सकता है। इस दृष्टि से देखा जाए तो दोनों शास्त्र एक-दूसरे के पूरक हैं।

संगीत साधना फिर चाहे गायन हो, वादन हो, कलाकार को एक ही मुद्रा में घंटों बैठे रहना पड़ता है। उसी तरह से योग में भी एक अवस्था में बैठना आवश्यक है। संगीत में एक ही स्थान पर साधना करने के लिए शरीर, मन व मस्तिष्क पूर्ण स्वस्थ होना चाहिए। इसके लिए योग सर्वश्रेष्ठ है। योग से शरीर, मन, मस्तिष्क स्वस्थ रहता है। मनुष्य एकाग्र रहता है व प्रसन्न मन से काम करता है। विभिन्न वैज्ञानिक प्रयोगों द्वारा यह सिद्ध हो चुका है कि संगीत साधना व योग साधना दोनों से मनुष्य के जीवन में शक्ति का विकास होता है। अतः कहा जा सकता है कि शरीर तथा मन को स्वस्थ्य, प्रफुल्लित रखने के लिए योग शास्त्र व संगीत शास्त्र दोनों समान रूप से आवश्यक है। दोनों से शरीर, मन, मस्तिष्क स्वस्थ रहता है, एकाग्रता रहती है। योग की तरह ही संगीत से तनाव भी दूर होता है। संगीत का असली आनंद सड़क पर, बगीचे में, बरामदे में, छत पर सुबह, शाम घूमते हुए उठाना चाहिए। रात में सोने से 2 घंटे पहले सुपाच्य भोजन करना चाहिए और दिन में कम से कम एक बार दिल खोलकर हंसना चाहिए।



### बरतें सावधानी

गर्भ–निरोधक का कोई भी उपाय करने से पहले डॉक्टर से दवाओं के असर, इनके असफल होने की संभावना और गर्भाशय से बाहर गर्भ धारण की संभावनाओं के बारे में पर्याप्त जानकारी प्राप्त कर लें। डॉक्टर की सलाह पर ही आप अपने लिए सही विकल्प चुनें।



# अनचाही प्रेग्नेंसी रोकने खाएं गर्भ-निरोधक टैबलेट्स

किसी नन्हीं जान को धरती पर लाने का निर्णय आज के दौर में सोचा-समझा होना चाहिए। सोचिए! न चाहते हुए अगर कभी आपको कंसीव करना पड़े, तो आप उस स्थिति में क्या करेंगी? आपके पास दो ही रास्ते होंगे। या तो आप अनचाही प्रेग्नेंसी को स्वीकार करें या फिर अबॉर्शन करवाएं। अबॉर्शन यानी गर्भपात इतना आसान भी नहीं होगा। इसमें शारीरिक बल्कि मानसिक पीड़ा से भी आपको गुजरना पड़ता है। यह आपकी जान के लिए खतरा भी बन सकता है। इससे बेहतर तो यही होगा कि आप पहले से सही प्रोटेक्शन लें ताकि इस तरह की समस्या आपकी जिंदगी में आए ही नहीं। जी हां, हम बात कर रहे हैं कॉन्ट्रासेप्टिव यानी गर्भ-निरोधक उपायों की।

अब आपके मन में यह सवाल भी उठता होगा कि गर्भ-निरोधक के लिए गोली सही है या फिर इंजेक्शन। आपका सवाल जायज ही है, विशेषकर तक जब बाजार में कई सारे विकल्प हों। आपको यहां हम कुछ विकल्पों के बारे में बता रहे हैं:

**आई पिल्स:** अनचाही प्रेग्नेंसी को रोकने का सबसे सटीक उपाय है इमरजेंसी कॉन्ट्रासेप्टिव पिल्स, जैसे कि आई पिल। यह पिल्स असुरक्षित सेक्स या किसी अन्य कॉन्ट्रोसेप्टिव के नाकाम होने के बाद अनचाही प्रेगनेन्सी को रोकने का एक सुरक्षित और सरल तरीका है। यह तीन तरीके से काम करती है: पहला यह ओवरी से निकलने वाले एग्स को बाहर आने से रोकती है।

दूसरा, अगर कोई एग बाहर आ गया है, तो ये स्पर्म को उसे फर्टिलाइज करने से रोकती है और तीसरा, अगर एग पहले ही फर्टिलाइज हो चुका है, तो ये उसे गर्भाशय से जुड़ने से रोकती है। लेकिन यह तभी सफल होता है, जब इसे असुरक्षित सेक्स के बाद जल्द-से-जल्द, यानी 72 घंटों के भीतर ले लिया जाए।जितनी जल्द आप इसका इस्तेमाल करेंगी, उतना ही ज्यादा असरदार सिद्ध होगा। यह विकल्प सुरक्षित तो है, लेकिन रेग्युलर बर्थ कंट्रोल के तौर पर इसका लगातार प्रयोग करना ठीक नहीं है। इसे एक महीने में एक से ज्यादा बार इस्तेमाल कर सकते हैं, लेकिन इसे एक इमरजेंसी कॉन्ट्रासेप्टिव के तौर पर ही इस्तेमाल करें। ये इमरजेंसी पिल्स आपको अबॉर्शन के शारीरिक व मानसिक कष्ट से तो बचाती ही है, हॉस्टिपल के भागदौड़ और खर्चों से भी छुटकारा दिलाती है।

### ये भी हो सकते है विकल्प

**गर्भनिरोधक गोलियां-** गर्भनिरोधक गोलियां जिन्हें सामान्यतः 'पिल्स' कहा जाता है, ओस्ट्रोजेन और प्रोजेस्टोजेन का सम्मिलित रूप हैं। गर्भनिरोधक गोलियों के नियमित इस्तेमाल से पीरियड्स कम पीड़ादायक और नियमित हो जाता है। हालांकि कुछ महिलाओं को गर्भनिरोधक गोलियों के लगातार इस्तेमाल से सिर दर्द, थकावट, त्वचा संबंधी परेशानियां आदि समस्याओं का भी सामना करना पड़ता है।

**मिनी पिल्स:** गर्भनिरोधक गोलियों का एक विकसित रूप अब उपलब्ध है, जिसे मिनी पिल (प्रोजेस्टिन ओनली पिल्स) कहते हैं। यदि आप स्तनपान करवा रही हैं, तो यह शरीर में दूध बनने की प्रक्रिया को बदलती नहीं हैं। जब शरीर को पीओपी यानी मिनी पिल की आदत पड़ जाती है, तो इसका कुछ नकारात्मक असर भी दिखने लगता है, जिसमें सिर दर्द आदि प्रमुख है। सामान्यतः दो महीने के बाद ये परेशानियां खत्म हो जाती हैं, पर अगर यही लक्षण लंबे वक्त तक दिखें, तो डॉक्टरी सलाह जरूर लें।

**इन्ट्रा युटरीन डिवाइस** (आईयूडा- यह टी अल्फाबेट की आकृति में छोटा-सा, प्लास्टिक का यंत्र है जिसके अंत में धागा लगा रहता है। गर्भधारण को रोकने के लिए आईयूडी को गर्भाशय के अंदर लगाया जाता है। इसमें कॉपर आईयूडी या कॉपर टी ज्यादा प्रचलन में है। इसमें प्लास्टिक ट्यूब के अंदर कॉपर की तार लगी रहती है। एक नई हारमोन कॉपर टी भी उपलब्ध है, जो सामान्य कॉपर टी ज्यादा प्रभावशाली होता है। कॉपर टी को आप पांच से दस साल के लिए लगवा सकती हैं। इन सब के अलावा इंजेक्शन, फीमेल कंडोम आदि भी गर्भनिरोधक के अन्य विकल्प हैं।

# रोज खाएं आंवला

आंवला भले ही खट्टा और कसैला हो, पर यह पौष्टिक होता है। आयुर्वेद की अनेक दवाओं में आंवले का प्रयोग खूब किया जाता है। इसे त्रिदोष नाशक भी बताया गया है। यह शारीरिक दुर्बलता को दूर करके शरीर को हृष्ट-पुष्ट बनाता है। आंवले को आप चाहे जिस रूप में सेवन करें, इसकी पौष्टिकता कम नहीं होती है। अमृत आंवला के और भी हैं कई गुण:

सूखे आंवले का एक छोटा चम्मच चूर्ण सुबह-शाम छाछ के साथ खाने से बवासीर की समस्या ठीक होती है।

आंवले के चूर्ण में सेंधा नमक मिलाकर सरसों तेल के साथ मसूड़ों पर मलने से मसूड़ों से रक्त आना बंद हो जाता है। यदि कब्ज आदि की समस्या रहती हो, तो रात को सोते समय आंवले का एक चम्मच चूर्ण पानी के साथ लेने से फायदा मिलता है।

आंवले के आधा चम्मच रस में 3 ग्राम पीपल का चूर्ण और दो चम्मच शहद मिलाकर सेवन करने से खांसी और दमा में आराम मिलता है।

एक चम्मच आंवले के रस में थोड़ा-सा शहद मिलाकर इसे चाटें। पित्त की समस्या दूर होती है। द्यबुढ़ापे में नित्य सुबह-शाम बिना कुछ खाए-पिए आंवले का मुरब्बा सेवन करे, तो व्यक्ति दीर्घजीवी होता है।

तीन ग्राम आंवले के चूर्ण में 6 ग्राम शहद मिलाकर रोजाना एक बार 3द्द दिनों तक खाने से श्वेत प्रदर में लाभ होता है।

प्रतिदिन प्रातःकाल आंवले के मुरब्बे में चांदी का वर्क लगाकर खाने से उच्च रक्तचाप ठीक होता है।

सूखे आंवले तथा जामुन की गुठली दोनों को समभाग लेकर चूर्ण बना लें। प्रतिदिन प्रातःकाल बासी मुंह 7 ग्राम चूर्ण का सेवन गाय के दूध के साथ करने से मधुमेह ठीक हो जाता है। गर्भावस्था के दौरान यदि किसी महिला को वमन की शिकायत हो, तो आंवले का मुरब्बा खाएं।

आंवला और आम की गुठली दोनों को समान मात्रा में पीसकर बालों में लेप करने से सफेद बाल काले, घने, मुलायम तथा चमकदार हो जाते हैं।

# यूं रखें दांतों को स्वस्थ

**यह सही है कि दांत के दर्द का इलाज महंगा होता है लेकिन अगर थोड़ी सावधानी बरती जाए और कुछ आदतें डाल ली जाएं तो आप लंबे समय तक दांतों के डॉक्टर के पास जाने से बच सकते हैं क्योंकि डेंटिस्ट के पास लगातार जाना किसी सिरदर्द से कम नही है। यहां पेश है ऐसे ही 10 खास तरीके जिन्हें आजमा कर आप चमकती मुस्कान पा सकते है।**

1. दिन में कम से कम आठ से दस ग्लास पानी पिएं। जितना पानी आप पिएंगें उतना ही आपके दांत साफ होंगें। इसके अलावा यह चाय, कॉफी, शराब, सोडा आदि के दागों को भी दांतों से मिटाने में कारगर साबित होगा।
2. अपने खाने में फल और सब्जी शामिल करें। सेब, खीरा, गाजर आपके दांतों को प्राकृतिक रूप से साफ करते हैं। यह आपके दांतों में फंसे खाने को भी निकालते हैं और मसूड़ों की समस्या दूर होती है।
3. खाने के बाद पनीर का टुकड़ा खाने से आपके दांत चमकदार रहते हैं।
4. च्यूइंगम खाने से सलाइवा का निर्माण होता है जो आपके दांतों से प्लाक एसिड को साफ करता है। साथ ही आपके दांतों के इनैमल को मजबूत बनता है।
5. जूस और सोडा पीने के बाद ब्रश नहीं करना चाहिए। हो सके तो कॉफी और वाइन स्ट्रॉ से पिएं। इससे इनका सीधा संपर्क आपके दांतों से नहीं हो पाएगा और आपके दांत हमेशा चमकते रहेंगें।
6. हमेशा सॉफ्ट ब्रश का इस्तेमाल करें। अगर आप सख्त ब्रश का इस्तेमाल करते हैं तो उसे कुछ देर गर्म पानी मे डुबोकर फिर ब्रश करें।
7. चॉकलेट व कैंडी बार भी आपके दांतों के लिए नुकसानदेह हैं। इनकी जगह बादाम, वेजमाइट क्रैकर्स चीज के साथ दही और ताजा फल आदि खाना चाहिए।
8. दांतों के साथ ही जीभ की सफाई भी जरूरी है। टंग क्लीनर का इस्तेमाल रोजाना करें। यह आपके दांतों को हाईजीनिक बनाएं रखता है, साथ ही मुंह से आने वाली बदबू को भी दूर करता है।
9. चीनी और स्टॉर्च का इस्तेमाल कम से कम करना चाहिए। यह बैक्टीरिया पैदा करते हैं जो आपके दांतों को नुकसान पहुंचाते हैं।
10. खाने के बाद दांतों को हाइड्रोजन पेरॉक्साइड से साफ करना चाहिए, ताकि आपके दांतों से बैक्टीरिया दूर हों और वे सुंदर दिखें। मगर हमेशा एक बात का ध्यान रखें कि हाइड्रोजन पेरॉक्साइड को निगलना नहीं चाहिए। इससे सिर्फ गरारे करने चाहिए।



# भूखे रहकर न घटाए वजन

यदि आप सोचती है भूखे रहकर वजन घटाना सही है तो यह गलत है। भूखे रहने से न सिर्फ आपके शरीर को नुकसान पहुंचता है बल्कि यह भी हो सकता है कि एक समय बाद आपका वजन और बढ़ जाए।

इसलिए व्यायाम विशेषज्ञों से लेकर चिकित्सकों तक सभी संतुलित और पौष्टिक भोजन एवं एक्सरसाइज के साथ वजन घटाने की सलाह देते हैं न कि भूखे रहने की। बैलेंस डाइट आपके शरीर को सही मात्रा में ऊर्जा देने के अलावा क्रियाशील बनाए रखने में भी मदद करती है। इसलिए ब्रेकफास्ट से लेकर लंच और डिनर तक हर चीज आपके लिए महत्वपूर्ण है। वह भी वक्त पर तथा पौष्टिक तत्वों के साथ।

भूखे रहने से आपके शरीर में पौष्टिक तत्वों की कमी तो होती ही है, बल्कि आप डायबिटीज, उच्च रक्तचाप आदि जैसी कई जीवनशैली जनित बीमारियों के शिकार भी आसानी से बन सकते हैं।

आपकी मसल्स को स्वस्थ तथा क्रियाशील बने रहने के लिए रोज नियमित रूप से पौष्टिक भोजन की आवश्यकता होती है। भूखे रहने से न केवल शरीर की मेटाबॉलिज्म रेट पर विपरीत असर पघ्ता है बल्कि आपका शरीर और तेजी से फैट्स स्टोर करने लगता है। यही कारण है कि जो लोग भूखे रहकर वजन घटाना चाहते हैं वे जब नॉर्मल डाइट पर भी आते हैं तो उनका वजन पहले से कहीं ज्यादा बघ जाता है।

इसलिए अगर आप फिट रहना चाहते हैं या वजन घटाना चाहते हैं तो पेटभर कर संतुलित और पौष्टिक भोजन खाइए और नारियल के पानी में दूध से ज्यादा पोषक तत्व होते हैं क्योंकि इसमें कोलेस्ट्रोल और वसा की मात्रा नहीं है। नारियल पानी में बेहद गुण पाए जाते हैं। इसमें बहुत ज्यादा मात्रा में इलेक्ट्रोलाइट और पोटेशियम पाया जाता है, जो ब्लड प्रेशर और दिल की गतिविधियों को दुरुस्त करने में सहयोगी होता है।



BRIEF NEWS

## एसएसपी ने रांची के 23 थाना प्रभारियों की पोस्टिंग, रामेश्वर उपाध्याय बने पंडरा ओपी प्रभारी

**RANCHI :** एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने 23 थाना प्रभारी, ओपी, टीओपी प्रभारी और तीन सब इंस्पेक्टरों की पोस्टिंग की है। इस संबंध में एसएसपी कार्यालय ने गुरुवार को अधिसूचना जारी कर दी है। जारी अधिसूचना के अनुसार रामेश्वर उपाध्याय पंडरा ओपी, चंद्रशेखर सिंह खेलगांव थाना, रोशन कुमार सिंह बीआईटी मेसरा, कश्यप गौतम एअरपोर्ट थाना, महेश मुंडा एसटी एससी थाना, पिंकी कुमारी साव महिला थाना, मोहित कुमार सिल्ली थाना, कुंदन कुमार मुरी ओपी, दीपक कुमार सिन्हा सिकिदरी थाना, गौतम कुमार राय पिठोरिया थाना, चंदन कुमार सोनाहातू थाना, फैज रवानी राहे ओपी, राहुल को मांडर थाना, अजीम अंसारी को चान्हो थाना, विनित कुमार को ठाकुरगांव थाना, संतोष कुमार यादव को लापुंग थाना, देव प्रताप धान को नरकोपी थाना, गोविंद कुमार को मैक्लुस्कीगंज थाना, संजीव कुमार को खादगढ़ा टीओपी, अजय कुमार को दलादली टीओपी, प्रदीप कुमार राय को विधानसभा थाना और अभिषेक राय को नगड़ी थाना का कार्यकारी थाना प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा सब इंस्पेक्टर चमरा मिंज को अनगड़ा थाना, शंकर राम और लक्ष्मण पूर्ति को खेलारी थाना, अभय कुमार को चुनाव कोषांग में पदस्थापित किया गया हैं।

## अनमोल स्नेहल फाउंडेशन के तीसरे स्थापना दिवस पर अनाथालय में मिठाई बांटी



**RANCHI :** संस्था अनमोल स्नेहल फाउंडेशन के तीसरे स्थापना दिवस पर रांची के माहेर (माँ का घर ) संस्था में रह रहे बच्चों और बड़ों के बीच मिठाई का वितरण किया गया. इस अवसर पर संस्था की सदस्य अधिवक्ता रूना शुक्ला ने बच्चों को उनके अधिकार और कर्तव्य की जानकारी दी. आगे उन्होंने संस्था की जानकारी देते हुए बताया की संस्था विगत तीन सालों से शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य करते आ रही है. अनमोल फाउंडेशन के जीवन जी ने बच्चों को खूब पढ़ाई करने के लिए प्रोत्साहित किया एवं हर संभव मदद करने का आश्वासन भी दिया इस अवसर पर आशीष ओरया, सहित माहेर की संचालिका उपस्थित रहे।

## हेमंत ने बजट सत्र में शामिल होने की अनुमति नहीं मिलने पर हाईकोर्ट में दी चुनौती

**RANCHI :** जमीन घोटाला मामले में जेल में बंद पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को 23 फरवरी से शुरू हो रहे झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में शामिल होने की अनुमति ईडी कोर्ट द्वारा नहीं दिए जाने को झारखंड हाई कोर्ट में चुनौती दी गई है। हेमंत सोरेन की इस याचिका की सुनवाई कल शुक्रवार को हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट में होगी। दरअसल ईडी की विशेष अदालत ने गुरुवार को हेमंत सोरेन को बजट सत्र में शामिल होने की अनुमति नहीं दी है। कोर्ट ने हेमंत सोरेन की याचिका खारिज कर दी है। हेमंत सोरेन की ओर से ईडी की विशेष अदालत में महाधिवक्ता राजीव रंजन ने बहस की थी। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया था कि बजट सत्र में मनी बिल पास होता है, इसलिए हेमंत सोरेन का रहना जरूरी है।

atom美 ATOMY
INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

# परीक्षा आयोजित करने वाली एजेंसी को नहीं मिली अंतरिम राहत, HC ने मांगा जवाब



**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड स्टाफ सेलेक्शन कमीशन (जेएसएससी) की ओर से कंबाइंड ग्रेजुएट लेवल एग्जाम (सीजीएल) की 28 जनवरी को आयोजित परीक्षा के पेपर लीक मामले में जेएसएससी की ओर से परीक्षा आयोजन करने वाली एजेंसी को ब्लैकलिस्टेड किए जाने को लेकर दिए गए शोकॉज के खिलाफ दायर याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने परीक्षा आयोजित करने वाली सतवत इंफोसोल प्राइवेट लिमिटेड को अंतरिम राहत नहीं दी। कोर्ट ने मामले में जेएसएससी को जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई अप्रैल माह में निर्धारित की है।

जेएसएससी की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरवाल ने कोर्ट को बताया गया की प्रथम प्रथम द्दष्टया प्रश्न पत्र लीक मामले में कंपनी की संलिप्तता प्रतीत होती है। इसी कारण जेएसएससी ने इन्हें ब्लैकलिस्टेड किए जाने के संबंध में शोकॉज कर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। लेकिन कंपनी ने जवाब देने से पहले जेएसएससी के शोकॉज को स्पेसिफिक नहीं बताया। इसलिए कंपनी की याचिका मेंटेनेबल नहीं है। इसलिए इसे देखते हुए कंपनी की याचिका खारिज की जाए।

इससे पहले सतवत इंफोसोल प्राइवेट लिमिटेड की ओर से जेएसएससी के शोकॉज पर रोक लगाने का आग्रह कोर्ट से किया गया। मामले की सुनवाई हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई। यहां बता दें कि जेएसएससी ने परीक्षा आयोजित करने वाली एजेंसी को शोकॉज करते हुए पूछा कि, क्यों नहीं उन्हें क्वेश्चन पेपर लीक मामले में ब्लैकलिस्टेड किया जाए। क्योंकि ना तो एग्जामिनेशन सेंटर में, ना ही ट्रेजरी में क्वेश्चन पेपर के खुलने की शिकायत मिली है। उक्त एग्जाम का जो थर्ड पेपर लीक हुआ है, वह आपके ऑफिस से हुआ है।

## ईडी ने नोटिस भेजकर जेबीएनएल से बड़गाई अंचल में लगे दो मीटरों की मांगी जानकारी

**RANCHI :** ईडी ने झारखंड राज्य बिजली वितरण निगम को नोटिस भेजा है। नोटिस में ईडी ने बड़गाई अंचल में लगे दो मीटर की जानकारी मांगी है। जिसमे पूछा गया है कि बड़गाई की एक जमीन जिसमें दो मीटर लगे हुए हैं, वो मीटर किसके नाम से एलॉट हैं। इसका जवाब जल्द से जल्द देने को कहा गया है।

वितरण निगम मुख्यालय ने ईडी के जवाब के लिए रांची जीएम को पत्र अग्रसारित किया है। इसके बाद जीएम ने अपने कनीय अफसरों को पूरा ब्यौरा उपलब्ध कराने को कहा है। ईडी की ओर से बड़गाई अंचल मे सेना के जमीन मामले में पिछले कुछ दिनों से जांच जारी है। इसमे पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी ने गिरफ्तार किया है। इसी संबंध में ईडी ने जेबीएनएल को नोटिस जारी किया है। जानकारी हो कि बिजली मीटर लेने से पहले बिजली कार्यालय में जमीन संबंधी कागजात जमा किया जाता है।

## सिपाही नियुक्ति नियमावली को चुनौती देने वाली याचिका पर हाइकोर्ट में सुनवाई जारी, अगली सुनवाई 26 फरवरी को

**PHOTON NEWS RANCHI :** सिपाही नियुक्ति नियमावली-2014 को चुनौती देनेवाली याचिका पर गुरुवार को झारखंड हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। हाइकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर की अध्यक्षतावाली खंडपीठ में राज्य सरकार एवं सफल अभ्यर्थियों की ओर से पक्ष रखा गया। राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि सरकार को अधिकार है कि वह नियमावली में चेंज कर सके और रूल फ्रेम कर सके। जो भी नियुक्ति की गई है वह नियम संगत है। कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 29 फरवरी की तिथि निर्धारित की है। इस संबंध में सुनील टुडू सहित 60 याचिकाएं अदालत में दाखिल की गयी हैं। झारखंड स्टाफ सलेक्शन कमीशन की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरवाल, प्रिंस कुमार एवं राकेश रंजन ने पैरवी की। वहीं पुलिस मेंस एसोसिएशन की ओर से दिवाकर उपाध्याय ने पैरवी की।

याचिका में कहा गया है कि झारखंड सरकार की ओर से बनायी गई नियुक्ति नियमावली पुलिस मैनुअल के विपरीत है। नई नियमावली में लिखित परीक्षा के लिए निर्धारित न्यनतम क्वालिफाइंग मार्क्स की शर्त लगाना भी गलत है। ऐसे में उक्त नियमावली को रद कर देना चाहिए। हालांकि इस मामले में अदालत ने पूर्व में ही कहा है कि अदालत के अंतिम आदेश से नियुक्ति प्रक्रिया प्रभावित होगी।

बता दें कि वर्ष 2015 में सभी जिलों में सिपाही और जैप के जवानों की नियुक्ति के लिए विज्ञापन जारी किया गया था। वर्ष 2018 में नियुक्ति प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। पूर्व के आदेश के तहत इस मामले में नियुक्ति हुए सभी सिपाहियों को पक्ष रखने के लिए अदालत ने मौका दिया था। इसके लिए सार्वजनिक नोटिस भी जारी किया गया था। जिसके बाद से करीब सात हजार सिपाही इस मामले में प्रतिवादी बने हैं।

## ढुल्लू महतो से जुड़े दो केस में हाइकोर्ट ने मांगी केस डायरी और एलसीआर

**PHOTON NEWS RANCHI :** धनबाद से जुड़े दो थाना में बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामले में धनबाद की निचली अदालत द्वारा उनके डिस्चार्ज पिटीशन को खारिज किये जाने को चुनौती देनेवाली दो अलग-अलग क्रिमिनल रिवीजन की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में हाइकोर्ट ने राज्य सरकार को उक्त दोनों मामलों में केस डायरी एवं लोअर कोर्ट रिकॉर्ड (एलसीआर)प्रस्तुत करने का निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई 12 अप्रैल निर्धारित की है। दरअसल, ढुल्लू महतो के खिलाफ बाघमारा में कंस्ट्रक्शन साइट से मशीन उठवा लेने के मामले को लेकर बाघमारा थाने में कांड संख्या 17/ 2020 दर्ज की गयी थी। इस मामले में छह आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। बाद में ढुल्लू महतो का नाम भी इसमें जोड़ा गया। वहीं धनबाद के बरोरा थाने में दर्ज कांड संख्या 11 /2020 में ढुल्लू महतो एवं अन्य पर रामराज मंदिर के बगल में दुकान कंस्ट्रक्शन करनेवाले को प्रताड़ित करने एवं धमकी देने का आरोप लगाया गया था। उक्त दोनों मामलों में धनबाद की निचली अदालत ने ढुल्लू महतो की डिस्चार्ज पिटीशन खारिज कर दिया था, जिसे उन्होंने हाइकोर्ट में चुनौती दी है।

## सौतन की हत्या मामले में महिला दोषी करार, सजा पर सुनवाई 5 मार्च को

**RANCHI :** अपनी सौतन की हत्या के मामले में मिमता देवी और उनके भाई सुभाष महतो को अपर न्यायायुक्त एमके वर्मा की अदालत ने दोषी ठहराया है। कोर्ट इनकी सजा के बिंदु पर 5 मार्च को सुनवाई करेगा। मामले में अदालत ने मृतिका के पति धनराज महतो को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। दरअसल, आरोप है कि कांके थाना क्षेत्र के धनराज महतो की दूसरी पत्नी अंजू देवी की हत्या धनराज महतो की पहली पत्नी मिमता देवी अपने भाई सुभाष महतो संग मिल कर कर दी थी। धनराज महतो की दोनों पत्नियों के बीच अक्सर विवाद होता था। बाद में दोनों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि 13 जनवरी 2001 को पहली पत्नी ने अपने भाई के संग मिल कर हत्या की घटना को अंजाम दे दिया। हत्या की घटना को लेकर मृतका के पिता ने अपने दामाद धनराज महतो और उनकी पहली पत्नी और उनके भाई के खिलाफ कांके थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। अभियोजन पक्ष की ओर से 11 गवाहों की गवाही करायी गयी, जबकि बचाव पक्ष की ओर से 1 गवाही हुई।

## आजसू ने सौंपा मांग पत्र, अबुवा आवास के लाभुक चयन में गड़बड़ी का लगाया आरोप

**PHOTON NEWS RANCHI :** आजसू पार्टी के कांके प्रखंड अध्यक्ष लाल अमन शाहदेव के नेतृत्व में आजसू पार्टी के दर्जनों नेता और पदाधिकारियों के द्वारा गुरुवार को कांके प्रखंड और अंचल कार्यालय में एक मांग पत्र सौंपा है। मांग पत्र के माध्यम से आजसू पार्टी ने कांके प्रखंड के 32 पंचायत में अबुवा आवास के लाभुक चयन में गड़बड़ी का आरोप लगाया है। पार्टी ने मांग पत्र में कहा है कि, गरीब तपके के लोग जिनके घर कच्चे, टूटे हुए हैं, छप्पर में प्लास्टिक लगाकर जीवन बिता रहे हैं। उन्हें अबुवा आवास का लाभ नहीं देकर इस योजना के लिए वैसे लोगों का चयन किया गया है जिन्हें पहले भी आवास मिला हुआ है और उनका पक्का मकान भी है। विभाग से निर्देश दिया गया था कि, ग्राम सभा ही अबुवा आवास योजना की प्राथमिकता सूची तय करेगी। लेकिन उसके विपरीत प्रकाशित सूची का आना ग्राम सभा का घोर अपमान है। अबुवा आवास योजना में काफी अनिमयत्ता बरती गई है। जिसमें



मांग पत्र देते आजसु पार्टी के कार्यकर्ता। ● फोटोन न्यूज

योग्य लाभुकों के साथ-साथ जनप्रतिनिधि लोगों में भी आक्रोश है। वहीं पार्टी ने कांके अंचलाधिकारी जयकुमार राम को भी 6 सूत्री मांग पत्र सौपते हुए कहा कि, कांके आंचल में जितने भी लंबित दाखिल- खारिज है, उन्हें शीघ्र निष्पादन किया जाए। साथ ही खतियान सुधार एवं ऑनलाइन पंजी 2 के लंबित मामले को यथाशीघ्र समाधान किया जाए। अंचल कार्यालय में पदस्थापित कर्मचारी और पदाधिकारी समय पर कार्यालय में उपस्थित हो। दाखिल खारिज एवं सुधार में व्याप्त भ्रष्टाचार बंद किया जाए। पंजी 2 में गलत तरीके से छेड़छाड़ करने वाले पर कार्रवाई हो। आम नागरिकों को बालू गिट्टी सरकारी दर पर उपलब्ध कराई जाए। पार्टी ने चेतावनी देते हुए कहा है कि उपरोक्त विषय पर 15 दिन के अंदर कार्रवाई नहीं होने पर आजसू पार्टी उग्र आंदोलन करेगी। ज्ञापन सौंपने वालो में मुख्य रूप से आजसू प्रखंड अध्यक्ष अमन शाहदेव, जिला अध्यक्ष संजय महतो, केन्द्रीय महासचिव डॉ. प्रो. अशोक नाग, विरेंद्र तिवारी, सफीउला असारी, सुरेन्द्र महतो, महमूद अंसारी, आनंद महतो, बलराम महतो, राजू नायक, मनोज महतो, हीरालाल महतो, हरिशंकर महतो, रितेश कु दिपक मौजूद थे।

## लोक गायक आशुतोष द्विवेदी का 'आयो चले अयोध्या धाम' गीत लॉन्च

**RANCHI :** झारखंड के लोक गायक आशुतोष द्विवेदी का 'आयो चले अयोध्या धाम' गीत गुरुवार को लॉन्च किया गया। आजसू अध्यक्ष सुदेश महतो ने गुरुवार को अपने रांची स्थित आवास पर गीत के पोस्टर का अनावरण और गीत यूट्यूब पर अपलोड करके इसे लॉन्च किया। इस मौके पर सुदेश महतो ने कहा कि अयोध्या में विराजमान रामलला का भव्य मंदिर बनना देश के सभी राम भक्तों के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि मैं भी राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा का साक्षी बना था। हम सभी राम भक्तों को अयोध्या अवश्य जाना चाहिए। प्रभु रामलला के दर्शन से सभी भक्तों का जीवन धन्य हो जायेगा। मैं इस नए गीत के लिए पूरी टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं। लोकगायक आशुतोष द्विवेदी के इस आयो चले अयोध्या धाम गीत में प्रभु श्री राम जी के जीवन और महिमा का पूर्ण वर्णन है। इस गीत के प्रोड्यूसर निहाल सिंह सोढी हैं। इसके लिरिक्स रोहित, म्युजिक हर्ष उपाध्याय, वीडियो रंजित कुमार, डिजिटल हेड गौरव शुक्ला, पब्लिसिटी सोनू सिंह ने किया है।

### राज्यपाल ने होमगार्ड ग्राउंड में स्पोर्ट्स मीट का किया शुभारंभ

## खेलकूद से अनुशासन और आपसी समन्वय की भावना प्रबल होती है : सीपी राधाकृष्णन

**PHOTON NEWS RANCHI :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि खेलकूद की प्रतिस्पर्धा में भाग लेने से अनुशासन और आपसी समन्वय की भावना प्रबल होती है। प्रतिभागी जय और पराजय दोनों में समभाव की भावना रखते हैं। यह भावना मनोबल को बढ़ाता है जिससे वे अपने कार्यों को दक्षता पूर्वक और कुशलतापूर्वक सम्पन्न करने की दिशा में प्रेरित होते हैं।



जवानों से हाथ मिलाते राज्यपाल। ● फोटोन न्यूज

राज्यपाल गुरुवार को रांची स्थित होमगार्ड के सेंट्रल ट्रेनिंग सेंटर में झारखंड गृह रक्षा वाहिनी और अग्निशमन सेवा खेलकूद प्रतियोगिता के शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि गृह रक्षा वाहिनी की स्थापना व्यापक उद्देश्य के साथ की गयी थी। आज यह संगठन राज्य स्तर पर कानून-व्यवस्था के साथ-साथ अन्य महत्वपूर्ण अवसरों पर भी अपनी भूमिका निभा रहा है। आपातकालीन समय में भी यह सक्रिय रहता है। होमगार्ड की सेवा में ढांचागत सुधार एवं सुविधा में बढ़ोतरी के लिए कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अग्निशमन सेवा के लिए अग्निशमन सेवा अधिनियम की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है जिससे भविष्य में इस सेवा में व्यापक सुधार हो सकेगा।

राज्यपाल ने विश्वास प्रकट करते हुए कहा कि सभी प्रतिभागी खेल भावना का परिचय देंगे और इसी भावना के साथ अपने कर्तव्य का भी निर्वहन करेंगे।

## कुल्लियातूल बनात का तालीमी मुजाहिरा व प्रतियोगिता 25 को

**PHOTON NEWS RANCHI :** कुल्लियातूल बनात परहेपाट रातु, रांची का तालीमी मुजाहिरा और इनामी प्रतियोगीता का आयोजन 25 फरवरी दिन रविवार को अंजुमन प्लाजा हॉल में सुबह 10 बजे से आयोजित होगा। उक्त बातें प्रेस कॉन्फ्रेंस में मदरसा कुल्लियातूल बानात के निदेशक सह प्रिंसिपल मौलाना अब्दुल्लाह नदवी, मौलाना शरीफ अहसन मजहरी और मौलाना रिजवान ने संयुक्त रुप से कही। मौलाना ने कहा कि इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अबू बकर सिद्दीकी कृषि और खान सचिव , झारखंड सरकार ,मोहम्मद अर्शी कमांडेट हजारीबाग होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाहनवाज अहमद खान रिटायर्ड डिप्टी लेबर कमिश्नर एवं पूर्व सचिव बिहार राज्य मदरसा एजुकेशन बोर्ड करेगें। उन्होंने कहा कि मदरसा पूरे रांची और





झारखंड में लड़कियों का अकेला सबसे बड़ा मदरसा है। जहां प्रतिवर्ष लगभग 800 बच्ची शिक्षा ग्रहण करते है। जहां दीनी शिक्षा के साथ साथ झारखंड एकेडमिक काउंसिल से मैट्रिक देकर अपनी पढ़ाई पूरी कर रही है। जिसमे 650 लड़कियां हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रही है। मदरसा कुल्लयातुल बानात की लड़कियां अपनी साल भर की पढ़ाई का मुजाहिरा करेंगे। यह एदारा 25 सालों से शिक्षा के क्षेत्र में काम कर रही है। तालीमी मुजाहिरा और इनामी प्रतियोगिता में

# खबरें राउरकेला की

## राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी ज्योत छत्री के परिवार को मिलेगा घर



**ROURKELA :** ज्योति के परिवार को घर- जमीन मिलेगा । सुंदरगढ़ जिलापाल ने लाठीकाटा बीडीओ को इसके लिए जमीन चिह्नित करने का निर्देश दिया है। ज्योत छत्री वर्तमान में भारतीय महिला हॉकी टीम में खेल रही हैं। ज्योती अपने परिवार के साथ पानपोस स्पोर्ट्स हॉस्टल के पास रहती है। ज्योती के पिता और मां 35 साल से इस जगह पर घर बना कर रह रहे हैं। लेकिन अब स्थानीय प्रशासन ने जिस जमीन पर उनका घर है उसे खाली करने का नोटिस जारी कर दिया है। शंख नदी पर पुल के संपर्क पथ के लिए जमीन की जरूरत है।हालांकि, ज्योती ने खुशी जताई कि पुल लोगों के लिए सुविधाजनक होगा। ज्योती को इस बात की भी चिंता है कि अपनी जमीन जा रहा है।लेकिन उनकी जमीन जा रही है इसलिए सरकार उन्हें और उनके परिवार को जमीन देने का निर्णय के लिए उम्मीद रखी है।

## 5टी के अध्यक्ष ने एफआईएच प्रो लीग मैच के लिए बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम का किया निरीक्षण



**ROURKELA :** 5टी और नबीन ओडिशा के अध्यक्ष वी कार्तिक पांडियन ने गुरुवार को राउरकेला के बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम का दौरा किया और पुरुष एफआईएच प्रो लीग में भारत बनाम नीदरलैंड मैच देखा। मैच के आधे समय के दौरान कार्तिक पांडियन ने कहा, रहॉकी सुंदरगढ़ में बहुत लोकप्रिय है और यही कारण है कि माननीय मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने विश्व कप के लिए राउरकेला में दुनिया का सबसे बड़ा स्टेडियम बनाने का फैसला किया। यह सुंदरगढ़ के हॉकी प्रेमियों के लिए एक श्रद्धांजलि है और राउरकेला को स्थान दिया गया है।र हॉकी के लिए एक वैश्विक केंद्र के रूप में। यहां के दर्शक विश्व में हॉकी के लिए सबसे अच्छा माहौल बनाते हैं। उन्होंने आगे कहा, ह्लभारत अच्छा खेल रहा है और उसने काफी संभावनाएं दिखाई हैं। इसी प्रकार, हमें सभी खेल विधाओं के खेल प्रबंधन में और अधिक व्यावसायिकता लाने की आवश्यकता है। कॉरपोरेट्स को खेलों में निवेश शुरू करना होगा और महासंघों और सरकारों के साथ साझेदारी करनी होगी।" उन्होंने मौजूदा प्रो लीग के लिए सभी टीमों को शुभकामनाएं दीं और उम्मीद जताई कि वे सभी ओडिशा की अच्छी यादें अपने साथ घर ले जाएंगे।

## स्वच्छता कार्यकर्ताओं को दिया गया प्रशिक्षण




**ROURKELA :** राउरकेला कोर स्वच्छता कार्यकर्ताओं के लिए 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम गुरुवार ओयूए सैटेलाइट सेंटर, एफएसटीपी, राउरकेला में संपन्न हुआ। कक्षा सत्रों के बाद प्रशिक्षण के बाद मूल्यांकन किया गया और प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। अंगुल, तालचेर, ब्रजराजनगर, आनंदपुर, क्योंझर और राउरकेला के 45 प्रशिक्षुओं को 'सीवर एंट्री प्रोफेशनल्स' बनने के लिए प्रशिक्षित किया गया और ओडिशा सरकार की एक योजना 'गारिमा' के तहत सशक्त बनाया गया, जिसका उद्देश्य कोर स्वच्छता श्रमिकों की सुरक्षा और गरिमा को बढ़ाना है। हाशिए पर मौजूद लोगों को सशक्त बनाने के माननीय मुख्यमंत्री के दृष्टिकोण के अनुरूप आयोजित क्षमता निर्माण कार्यशालाओं की श्रृंखला में यह पहला बैच था।

## सीएम ने 367 अधिकारियों को बांटे नियुक्ति पत्र



**BHUBANESHWAR :** सीएम नवीन पटनायक ने राज्य सरकार के चार विभागों में शामिल हुए 367 अधिकारियों और कर्मचारियों के नियुक्ति पर्व समारोह में भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि सभी नई भर्तियों का एक ही उद्देश्य हो ना चाहिए ओडिशा के लोगों की सेवा करना। 'हम अलग-अलग क्षमताओं में काम कर सकते हैं, लेकिन अंत में, हम सभी लोग सेवक हैं। उन्होंने कहा, "हमारा अंतिम लक्ष्य व्यापक सार्वजनिक हित है।" यह कहते हुए कि ओडिशा के पूरे 4.5 करोड़ लोग उनके परिवार के सदस्य हैं, सीएम ने नए सदस्यों से अपने सभी सार्वजनिक व्यवहारों में लोगों के साथ परिवार के सदस्यों की तरह व्यवहार करने को कहा। उन्होंने उनसे पूरे सम्मान के साथ अधिकार के रूप में सेवाएं प्रदान करने का आह्वान किया। उन्होंने आगे कहा, पिछले दो दशकों में ओडिशा ने खुद को एक आत्मविश्वासी, दूरदर्शी राज्य में बदल लिया है। सीएम ने कहा कि 5ळ पहल के साथ राज्य ने शासन में अधिक पारदर्शिता, टीम वर्क, प्रौद्योगिकी और समयबद्धता सुनिश्चित की है। सीएम ने नए अधिकारियों से अपने संबंधित क्षेत्रों में वांछित परिवर्तन हासिल करने के लिए 5ळ सिद्धांतों का पालन करने को कहा। इस बात पर प्रकाश डालते हुए कि अंतिम उद्देश्य यह है कि ओडिशा को हर क्षेत्र में नेतृत्व करना चाहिए, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह तब हो सकता है जब सभी एक टीम के रूप में काम करें - टीम ओडिशा। उन्होंने सभी से एक न्यूओडिशा, एक सशक्तओडिशा के लिए काम करने का आग्रह किया। हस्तशिल्प निदेशालय में 3 लेखा परीक्षक, ओडिशा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में 11 कनिष्ठ सहायक, डीएफबी ओडिशा में 9 सहायक निदेशक और खाद्य आपूर्ति और उपभोक्ता कल्याण विभाग, ओडिशा सरकार में 104 आपूर्ति निरीक्षक शामिल है।

## जीएसटी चोरी के आरोप में व्यापारिक प्रतिष्ठानों की दुकानों और गोदामों पर छापेमारी



**SUNDARGARH :** झारसुगुड़ा वाणिज्यिक अभियोजन विभाग ने जीएसटी चोरी के आरोप में सुंदरगढ़ में एक फर्नीचर दुकान और गोदाम पर छापा मारा है। सुंदरगढ़ टाउन थाना मिशन रोड स्थित प्रीति फर्नीचर में छापेमारी जारी है। प्रीति फर्नीचर के मालिक सुरेश राणा के पास महेशडीही में दुकान और घर समेत तीन गोदाम में जीएसटी टीम द्वारा छापेमारी किया गया है। यह छापेमारी झारसुगड़ा वाणिज्यिक कर प्रवर्तन सहायक सतीश कुमार जाल के नेतृत्व में सुरेश का प्लाइवुड और गृह निर्माण सामग्री का बिजनेस है। उन पर लंबे समय से कारोबार करते हुए बड़ी मात्रा में जीएसटी धोखाधड़ी करने का संदेह है। इस मामले में जीएसटी अधिकारी बिक्री और खरीद दस्तावेजों की जांच कर रहे हैं।

## पेट्रोल पंप कर्मचारी को चाकू मारकर दो लाख रुपये लूटे, घायल को आईजीएच भेजा गया



**SUNDARGARH :** जिले में गुरुवार दोपहर एक पेट्रोल पंप कर्मचारी को चाकू मार कर दो लाख रुपये लूट लिये गये। गंभीर रूप से घायल कर्मचारी को इलाज के लिए राउरकेला आईजीएच रेफर किया गया। ऐसी घटना सुंदरगढ़ जिले के राजगांगपुर थाना क्षेत्र के जामपाली बाईपास के पास घटी। राय फिलिंग स्टेशन के कर्मचारी अनिल कुमार तिवारी आज 11 बजे मोटरसाइकिल से दो लाख रुपये जमा करने बैंक जा रहे थे। इसी दौरान जामपाली बाइपास के एमआर उद्योग रोड पर पल्सर मोटरसाइकिल पर तीन हेलमेटधारी बदमाश आये और उसे रोक लिया। तीन बदमाशों ने अचानक उस पर चाकू से हमला कर दिया और पैसों से भरा बैग लूट लिया। बदमाशों के हमले में पेट्रोल पंप का कर्मचारी अनिल गंभीर रूप से घायल हो गया। राजगांगपुर अस्पताल में प्रारंभिक इलाज के बाद, कर्मचारी गंभीर हालत को देखते हुए आगे के इलाज के लिए राउरकेला आईजीएच में स्थानांतरित कर दिया गया। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

## वीके पांडियन का राज्य खेल छात्रावास का किया दौरा, बच्चे के साथ बैठकर किए नाश्ता



**ROURKELA :** राज्य सरकार के 5टी अध्यक्ष वीके पांडियन और खेल सचिव आरवी नीलकृष्ण ने गुरुवार को पानपोष स्थित राज्य खेल छात्रावास का दौरा किया। सुबह खेल छात्रावास पहुंचकर उन्होंने वहां विकास कार्यों का निरीक्षण किया। पांडियन ने छात्रावास में रहने वाले अंत:वासियों से बातचीत की और उनकी सुविधा संबंधी समस्याओं को समझा। उन्होंने छात्रावास के अंत:वासियों के साथ नाश्ता भी किया। पांडियन ने बच्चों से कहा कि मुख्यमंत्री चाहते हैं कि राज्य के खेल छात्रावासों से अच्छा प्रशिक्षण प्राप्त कर अधिक से अधिक खिलाड़ी भारतीय हॉकी टीम में शामिल हों। उन्होंने उम्मीद जताई कि खिलाड़ी कड़ी मेहनत करते रहेंगे और अच्छा खेलेंगे। पांडियन ने छात्रावास के निवासियों से कहा कि हॉकी प्रशिक्षण में कोई भी समस्या हो तो तुरंत उनके ध्यान में लाएँ। पांडियन और खेल सचिव की यात्रा के दौरान राज्य के श्रम मंत्री सारदा प्रसाद नायक भी मौजूद थे।

# 26 फरवरी को PM करेंगे कार्य का शुभारंभ

## समस्तीपुर रेलवे मंडल और सोनपुर रेलवे मंडल में बनेगा अंडर पास, लोगों को होगी सुविधा


**एजेंसी समस्तीपुर।** उत्तर बिहार में आने वाले दिनों रेलवे गुमटी बंद होने के कारण लगने वाले जाम से लोगों को मुक्ति मिलने वाली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोहन आगमी 26 फरवरी को समस्तीपुर रेलवे मंडल के 18 और सोनपुर रेलवे मंडल के दो स्थानों पर रोड ओवर ब्रिज और रोड अंदर ब्रिज का दिल्ली से ऑनलाइन शिलान्यास करेंगे।इन पुलों में दलसिंहसराय का बहु प्रतिक्षित दलसिंहसराय स्टेशन के पास स्थित 32 नंबर रेलवे गुमटी भी शामिल है। इन सभी पुलों के बन जाने से उत्तर बिहार में सड़क जाम की समस्या बहुत हद तक दूर हो जाएगी। आरओबी निर्माण को लेकर लंबे समय लोग मांग कर रहे थे। हालांकि शहर के भोला टॉकीज रेलवे गुमटी पर फ्लाई ओवर की स्वीकृति नहीं मिल पाई। जिससे






शहर में लगने वाली जाम से मुक्ति मिलने की संभावना बहुत कर है। डीआरएम विनय श्रीवास्तव ने बताया कि प्रधान मंत्री रेलवे मंडल के विभन्न खंडों पर स्थिति 18 फुट ओवर ब्रिज का शिलान्यास करेंगे। जिसको लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है।समस्तीपुर- खगड़िया रेल खंड के रोसड़ा- नयानगर स्टेशन के बीच रेलवे गुमटी नबर 13 पर एलएचएस जूब्बा सहनी- पिपराहा के बीच गुमटी नंबर 10 पर एलएचएस रोसड़ा - सिंघियाघाट के बीच गुमटी नंबर 20 पर एलएचएस सिंघियाघाट- अंगारघाट के बीच एनसी 27ए अंगारघाट- भगवानपुर देसूआ के बीख बीच रेलवे गुमटी नंबर 30 पर एलएचएस जूब्बा सहनी व पिपरा के बीच गुमटी नंबर 7 पर एलएचएस लहेरियासराय- दरभंगा के बीच एलसी नंबर 21 पर रोड ओवर ब्रिज कृष्णा सिह गढपूरा स्टेशन के एलसी नंबर बीए पर एलएचएस लहेरियासराय- दरभंगा के बीच गुमटी नंबर 21 पर रोड ओवर ब्रिज बापूधाम मोतिहारी स्टेशन के पास स्थित एलसी 160 कांटी यार्ड में रोड ओवर व्रिज थलवारा- लहेरियासराय के बीच एलसी 18 पर रोड ओवर ब्रिज मोतिहारी- महबल के बीच एलसी नंबर 124 पर रोड ओवर ब्रिज दरभंगा - मोहम्मदनपुर रोड के बीच एनसी नेबर 28 पर रोड ओवरी ब्रिज का शिलान्या करेंगे। सोनपुर रेलवे मंडल के इन गुमटी पर होगा निर्माण सोनपुर रेलवे मंडल के दलसिंहसराय- नाजिरगंज स्टेशन के बीच रेलवे गुमटी नंबर 32 पर आरओंवी के अलावा बरौनी - तेघरा स्टेशन के बीच रेलवे गुमटी नंबर 9 पर रोड ओवर व्रिज के कार्य का शिलान्यास पीएम के हाघों होगा।

## बेर तोड़ने का आरोप लगा बच्ची से थूक चटवाया फिर पीटा



**पूर्णिया ।** पूर्णिया में स्कूली जा रही बच्चियों को दौड़ा-दौड़ा कर पिटाई किए जाने का मामला सामने आया है। बेर तोड़ने का आरोप लगाकर पहले 12 साल की एक बच्ची की हथेली पर थूक फेंककर उससे चटवाया गया। फिर उसे और उसकी सहेलियों को जमकर पिटाई की गई।मौके पर कई लोग मौजूद थे। बच्चियां उनके सामने खुद को बचाने के लिए गुहार लगाती रहीं, लेकिन किसी ने इनकी एक न सुनी। परिजनों ने थाने में लिखित शिकायत की है। हंगामा होने के बाद आरोपी मो. मुस्ताक गांव छोड़कर फरार हो गया।मामला बायसी थाना क्षेत्र का है। घटना मंगलवार सुबह की है। जब परिजनों ने बायसी थाना में आवेदन दिया तो मामला प्रकाश में आया। तीनों बच्चियां स्कूल जा रही थीं। इसी दौरान घर से डेढ़ किमी की दूरी पर यह घटना हुई। इसके बाद सभी बच्चियां स्कूल नहीं जाकर घर वापस लौट गई और सारी बातें अपने परिजनों को बताई। बच्चियों का कहना है कि हमने बेर नहीं तोड़ा था, फिर भी हमारे साथ ऐसा किया गया।पीड़िता ने बताया कि वह घर से प्राथमिक विद्यालय के लिए निकली थी। हम तीन छात्रा साथ में थे। स्कूल पहुंचने ही वाले थे, तभी पीछे से मो. मुस्ताक ने बेर तोड़ने का आरोप लगाकर पीटना शुरू कर दिया। हमें दौड़ा-दौड़ा कर मारा। हाथ जोड़ते रहे, मगर एक नहीं सुनी। उन लोगों ने हमसे अपना थूक भी चटवाया।पीड़ित बच्ची की मां ने कहा, बच्चे को थूक चटवाया है। बेर तोड़ने के आरोप में 12 साल की बच्ची की हथेली पर थूक फेंककर उससे चटवाया गया। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। घटना की जानकारी देते हुए प्रशिक्षु एसडीपीओ और बायसी थानाध्यक्ष सुशील कुमार ने कहा कि परिजनों ने लिखित शिकायत की है। घटनाक्रम के बाद से आरोपी फरार है। मामले की जांच की जा रही है। फिर कार्रवाई की जाएगी।

## 10वीं बोर्ड की परीक्षा दे रही छात्राएं आचनक हुई बेहोश

**एजेंसी मोतिहारी ।** मोतिहारी के ढाका हाई स्कूल में उस वक्त अफरा तफरी मच गई, जब अचानक बच्चे बेहोश होने लगे। सभी घबरा कर बेहोश हो रहे बच्चे को स्थानीय रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के बाद सभी को घर भेज दिया गया। बता दें कि बिहार के मैट्रिक बोर्ड के अंतिम पेपर कर परीक्षा दूसरे सिटिंग में चल रहा था। जहां ढाका हाई स्कूल में लगभग 12 छात्राएं क्लास रुम में बेहोश हो गई। सभी देख हैरान हो गए, किसी को कुछ समझ नहीं आ रहा था कि



आखिर क्यों बेहोश हो रही है। स्कूल के प्रिंसिपल और शिक्षक सभी बच्चे को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया।जहां इलाज के बाद उन्हें घर भेज दिया गया। बताया जा रहा है कि दूसरी सिटिंग में अंग्रेजी विषय की परीक्षा चल रही थी। तभी अचानक एक-एक कर छात्राएं बेहोश होने लगी।अनुमंडलीय अस्पताल प्रभारी सुधीर कुमार गुप्ता ने बताया कि लगभग 12-15 बच्चियां इलाज के लिए आई थी। जिनका इलाज करके उन्हें घर भेज दिया गया।

कोई खास परेशानी नहीं थी, लग रहा था कि परीक्षा को लेकर काफी टेंशन में थी। इसी वजह से सभी लोग बेहोश हो गई थी।

## कोर्ट परिसर में चाकूबाजी, साले ने जीजा पर किया हमला

**एजेंसी छपरा ।** छपरा के कोर्ट परिसर में दो लोग आपस मे मारपीट करते हुए चाकूबाजी करने लगे। घटना बुधवार शाम की है। इस दौरान एक व्यक्ति ने दूसरे पर चाकू से हमला कर दिया। घायल को पुलिस की मदद में इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।घायल की पहचान हरिशंकर यादव के रूप में हुई है। वह आज कोर्ट में तारीख पर गया हुआ था। चाकू मारने का आरोप घायल व्यक्ति ने अपने साले चंद्र भूषण प्रसाद और इसके बेटा रजनीश कुमार पर लगाया है। आरोपी चंद्रभूषण छपरा कोर्ट में नाजायज क्लर्क के रूप में कार्य करता है।



घायल हरिश्चंद्र प्रसाद के मित्र उमेश कुमार ने बताया कि हरिश्चंद्र प्रसाद और मैं दोनों आरोपी चंद्रभूषण प्रसाद की जमीन खरीदने के लिए 4 लाख 20 हजार रुपये दिए था। इसे लेकर दोनों पक्ष में विवाद चल रहा था। पूर्व में भी चंद्रभूषण ने मेरे ऊपर चाकू से जानलेवा हमला किया था। इसका मुकदमा कोर्ट में चल रहा है। बुधवार को अउखट 11 में तारीख को लेकर पेशी थी। चंद्रभूषण द्वारा कागजात हेरफेर की जा रही थी। विरोध किए जाने पर चंद्रभूषण अपने साथी के साथ मारपीट पर उतारू हो गया। स्थानीय लोगों द्वारा मामले को शांत करा दिया गया।

कुछ देर बाद चंद्रभूषण ने अपने बेटे और अन्य साथियों के साथ मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया। हरिशंकर प्रसाद गंभीर रूप से घायल हो गए है।

## संक्षिप्त डायरी

### 8 बच्चे के सिर से उठा मां का साया



**बगहा ।** बगहा के रतनमाला शहर में करंट की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई है। मृतक की पहचान नगर के वार्ड 35 रतनमाला निवासी मो. रोशन की पत्नी नन्हकी खातून (60) के रूप में हुई है। बताया गया कि चारा काटने के दौरान महिला विद्युत पोल से टकरा गई जिसमें 11 हजार वोल्ट का करंट प्रभावित हो रहा था। उसी के चपेट में आने से महिला की मौत हो गई। घटना के बाद परिवार और समुदाय के सदस्यों ने मुआवजा की मांग की है। घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है। मौत की सूचना पर थानाध्यक्ष अनिल कुमार मौके पर पहुंच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।इधर परिजन मुआवजे की मांग को लेकर अधिकारियों से संपर्क कर रहे हैं। वार्ड के पूर्व वार्ड पार्षद परवेज आलम आदि ने बताया कि महिला के तीन बेटे और पांच बेटियां हैं। ऐसे में उनके पालन पोषण को लेकर स्थानीय लोगों ने विद्युत विभाग से मुआवजे की मांग की है।घटना के बाद लोगों में विद्युत विभाग के प्रति रोष भी है। बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता आलोक अमृतांशु ने बताया कि इंसुलेटर पंचर होने से पोल में करंट आया था, महिला के परिजनों को उचित मुआवजा दिया जाएगा।

### जन विश्वास यात्रा कार्यक्रम में कई लोगों के कटे जेब



**गोपालगंज।** गोपालगंज के गांधी कॉलेज मैदान में आयोजित जन विश्वास यात्रा कार्यक्रम में शामिल होने आए लोगों के जेब काटने का मामला सामने आया है। अपनी मांग को लेकर ज्ञापन देने पहुंचे बिजली कर्मियों के 60 हजार रुपए की चोरी कर ली गई है। एक चोर को भी रंगे हाथ बिजली कर्मियों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।इस मामले में बताया जा रहा है कि बुधवार को शहर के गांधी कॉलेज मैदान में जन विश्वास यात्रा के दौरान तेजस्वी यादव का भाषण हो रहा था। तभी कुछ बिजली कर्मी तेजस्वी यादव से मिल कर आवेदन देना चाहते थे। अपने हाथों में तख्ती लेकर उन्होंने अपने ओर आकृष्ट करना चाहते थे। तभी चोरों ने मौके का फायदा उठाकर एक-एक कर करीब आधा दर्जन लोगो के पैकेट से पैसे निकाल लिए।इसी बीच एक कर्मी के पैकेट में जैसे ही एक चोर हाथ डाला। तभी उसने उसे पकड़ लिया। इसके बाद मौके पर मौजूद लोगों ने उसकी पिटाई करते हुए पुलिस के हवाले कर दिया है। इस मामले में बिजली कर्मी ने बताया कि बिजली के बिल की वसूली कर अपने पैकेट में सभी कर्मी पैसे रखे थे। इसी बीच सभी लोग एकत्रित होकर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे थे। इस दौरान चोर ने बरौली थाना क्षेत्र के नवादा गांव निवासी राजीव कुमार सिंह के पास से 10 हजार, मांझा थाना क्षेत्र के डुमरिया गौसिया गांव निवासी अनिल कुमार सिंह के पास से 21580 रुपए, सिधवलिया थाना क्षेत्र के विशुनपुर गांव निवासी चंदेश्वर राम के पास से 11600, नवादा खास गांव निवासी राघो कुमार के पास से 3200, नेऊरी गांव निवासी शशिकांत सिंह के पास से 7200 रुपए की चोरी की गई। पीड़ितों ने बताया कि पकड़े जाने पर आरोपी ने अपने साथी को पैसे देने की बात कहा था। फिलहाल इस मामले में नगर थानाध्यक्ष ओपी चौहान ने बताया कि एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है मामले की जांच की जा रही है।

### छज्जा के विवाद में आधा दर्जन की पिटाई



**आरा ।** भोजपुर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के सहिया गांव में बुधवार को छज्जे के विवाद को लेकर एक ही परिवार के महिला समेत आधा दर्जन लोगों की लाठीझडंडे से जमकर पिटाई कर दी गई। जिससे सभी गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए शाहपुर रेफरल अस्पताल से आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उनका इलाज कराया जा रहा है।जानकारी के अनुसार घायलों में शाहपुर थाना क्षेत्र के सुहियां गांव निवासी नंद बिहारी यादव,उनका पुत्र विकास यादव, तीन भतीजा कन्हैया यादव,मनीष यादव,सचिन यादव एवं भवाह प्रतिमा देवी शामिल हैं। इधर जख्मी नंद बिहारी यादव ने बताया की उनके घर का छज्जी पहले से ही निकला हुआ है। जिसको लेकर पट्टीदार से ही कुछ माह से विवाद चल रहा है। बुधवार को जब वह अपने उसी टूटे छज्जी को रिपेयरिंग कर रहे थे।तभी उक्त पट्टीदार के वहां आ गए और छज्जी तोड़ने के लिए कहने लगे।इसी बात को लेकर उनके बीच तीखी नोकझोंक हुई।

## अविश्वास प्रस्ताव प्रखंड प्रमुख की कुर्सी गई

**एजेंसी समस्तीपुर।** जिले के मोहनपुर प्रखंड में अविश्वास को लेकर विशेष बैठक गुरुवार को आयोजित की गई। इस बैठक में प्रखंड प्रमुख संगीता कुमारी की कुर्सी चली गई। जबकि उपप्रमुख्य अमरेश कुमार सिंह अपनी कुर्सी बचाने में कामयाब हो गए। यहां बात दें कि गत वर्ष दिसंबर महीने में सदस्यों ने संगीता देवी पर अविश्वास लगाया गया था। मामला हाईकोर्ट भी गया था। बाद में डीएम के आदेश पर अविश्वास को लेकर बैठक आयोजित की गई।प्रखंड मुख्यालय में एसडीओ सुश्री निशिकांत की देखरेख और कार्यपालक पदाधिकारी सह



बीडीओ मनीला राज की मौजूदगी में विशेष बैठक हुई। इस बैठक में अविश्वास प्रस्ताव पर पहले चर्चा की गई। जिसके बाद 14 पंचायत समिति सदस्यों वाले इस प्रखंड के 9 पंचायत समिति सदस्यों ने वर्तमान प्रखंड प्रमुख संगीता देवी के दो वर्षों के कामकाज पर अविश्वास प्रस्ताव पारित करने की मांग की। बहुमत को देखते हुए कार्यपालक पदाधिकारी सह बीडीओ मनीला राज ने प्रखंड प्रमुख संगीता देवी पर अविश्वास प्रस्ताव पारित कर दिया है। मतदान के दौरान पंचायत समिति सदस्य उपेंद्र दास, अमर कुमार राज, अमरेश कुमार पिंटू, दिया देवी ,दीपा देवी, सरिता सहनी, नूतन कुमारी, रीना कुमारी ने प्रखंड प्रमुख का विरोध किया। प्रखंड प्रमुख संगीता देवी के पक्ष में संगीता देवी, किरण कुमारी चुनचुन राय, गणेश राय आरती देवी खड़ी दिखी।बैठक में चर्चा के बाद मत पत्र का उपयोग किया गया है। इस दौरान अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में 9 मत प्राप्त हुए जबकि अविश्वास प्रस्ताव के विरोध में मात्र 5 मत प्राप्त हुए। चुनाव के बाद प्रमुख संगीता कुमारी की कुर्सी चली गई। अब प्रमुख के लिए नए सिरे से चुनाव कराया जाएगा। इस दौरान उप प्रमुख अमरेश कुमार सिंह पर भी लोगों ने अविश्वास लगाया था।

## टॉप-10 अपराधी बेगूसराय से गिरफ्तार

**बेगूसराय।** सुपौल से आई एसटीएफ की टीम ने बेगूसराय जिला पुलिस के सहयोग से एक टॉप टेन अपराधी को गिरफ्तार किया है।एसटीएफ को यह सफलता बखरी थाना थाना क्षेत्र में मिली। जहां सोनमा गांव स्थित अपने ससुराल में छुपकर रह रहे सुपौल जिला के किशनपुर थाना क्षेत्र के अंदौली वार्ड नंबर-7 निवासी जय नारायण चौधरी के पुत्र शंभू चौधरी को गिरफ्तार किया गया।प्रभारी थानाध्यक्ष उदय शंकर कुमार ने बताया कि शंभू चौधरी सुपौल का टॉप टेन अपराधी है जो पुलिस की दबिश के कारण बखरी थाना क्षेत्र के सोनमा गांव स्थित अपने ससुराल में छिपा हुआ था। जिसे बखरी थाना के सहयोग से सुपौल एसटीएफ



की टीम गिरफ्तार कर ले गई है। प्रभारी थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार शंभू चौधरी के ऊपर सुपौल जिला के भपतियाही थाना में हत्या, लूट, आर्म्स एक्ट सहित कई संगीन आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस लंबे समय से उसकी तलाश कर रही थी।

## मैट्रिक की परीक्षा देकर लौट रही छात्रों की बिगड़ी तबीयत

**मुजफ्फरपुर ।** मुजफ्फरपुर में मैट्रिक परीक्षा के आखिरी दिन परीक्षा देकर लौट रही करीब एक दर्जन छात्राओं को अचानक रास्ते मे चक्कर, उल्टी और बेचैनी होने की शिकायत होने लगी। अचानक छात्राओं की तबीयत बिगड़ने से अफरातफरी मच गई है। सभी बच्चियों को मुजफ्फरपुर के सदर अस्पताल और एसकेएमसीएच में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों की देखरेख में सभी बच्चियों के इलाज चल रहा है। फिलहाल सभी छात्राओं की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।चंदवारा के महिला शिल्प कला भवन केंद्र से परीक्षा देकर घर लौट रही डेढ़ दर्जन छात्राओं की तबीयत बिगड़ने की जानकारी सामने आई है। जिनमें से कई छात्राओं को प्राथमिक उपचार देने के बाद अस्पताल से छुट्टी भी दे दी गई है।



फिलहाल सदर अस्पताल के एमरजेंसी विभाग आठ छात्राओं को भर्ती कर उनका उपचार किया जा रहा है।बीमार छात्राओं ने बताया कि परीक्षा खत्म होने के बाद उन्होंने कॉलेज कैंपस के लगे नल से पानी पिया। इसके बाद वे सभी ऑटो में बैठकर घर वापस लौटने लगी। इसके बाद आधे रास्ते में कई छात्राओं की तबीयत बिगड़ गई वही कुछ बेहोश हो गई।

## पूर्णिया में बंद घर में 13 लाख की भीषण चोरी

**एजेंसी पूर्णिया ।** पूर्णिया में बेखौफ चोरों ने एक घर में घुसकर 13 लाख की भीषण चोरी की घटना को अंजाम दिया है। गृहस्वामी सपरिवार घर बंद कर पिता के श्राद्ध कर्म में शामिल होने गए थे। इसी का फायदा उठाकर बेखौफ चोर घर में घुसे। आलमारी में रखा 85 हजार कैश के अलावा सोने और चांदी के 12 लाख के जेवरात की चोरी कर ली। चोरी की वारदात की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची है। चोरी की यह वारदात मरंगा थाना क्षेत्र के वार्ड 8 स्थित सुपरिम होंडा सर्विस सेंटर के समीप की है।पीड़ित गृहस्वामी की पहचान शहर के मरंगा थाना क्षेत्र के वार्ड 8 निवासी स्वर्गीय महेंद्र प्रसाद यादव के बेटे राजेश भारती के रूप में हुई है।वहीं





घटना की जानकारी देते हुए पीड़ित गृहस्वामी ने बताया कि वे मूल रूप से कटिहार जिले के कुरसेला के रहने वाले हैं। बीते 12 फरवरी को उनके पिता का देहांत हो गया था। जिसे लेकर वो परिवार के सभी सदस्यों के साथ श्राद्ध कर्म में शामिल होने कटिहार के कुरसेला गांव गए थे। 24 को श्राद्धकर्म होना था। हालांकि, इससे पहले ही उन्हें पड़ोसियों का फोन आया। कॉल पर पड़ोसियों ने घर के मेन डोर का ताला टूटे होने की बात बताई। जिसके बाद वे बिना श्राद्ध कर्म में शामिल हुए पैतृक गांव से सपरिवार पूर्णिया स्थित घर के लिए रवाना हो गए। घर पहुंचने पर मेन डोर का लॉक टूटा पाया। घर के अंदर प्रवेश करने पर सारा सामान इधर-उधर बिखरा देखा। घर के आलमारी और बक्सा में रखे 85 हजार कैश, 25 तोला सोने के जेवरात, 1 किलो चांदी के आभूषण करीब 12 लाख के जेवरात गायब थे। जिसके बाद फोन पर मरंगा थाना की पुलिस को चोरी की इस वारदात की सूचना दी गई। वहीं, घटना के संबंध में मरंगा थाना प्रभारी रूपक रंजन सिंह ने बताया कि पुलिस मौके पर पहुंची थी। पीड़ित की ओर से चोरी की इस वारदात को लेकर आवेदन मिला है। मामले की छानबीन की जा रही है।

# हिंदी के पेपर से शुरू हुई परीक्षा, परीक्षार्थी बोले-आसान था

**बिजनौर ।** यूपी बोर्ड की दसवीं व बारहवीं की परीक्षाएं गुरुवार से शुरू हो गईं। मेरठ जिले में 102 परीक्षा केंद्रों पर यह परीक्षाआयोजित की जा रही है। कई केंद्रों पर परीक्षा देने पहुंचे परीक्षार्थियों का शिक्षकों द्वारा तिलक लगाकर स्वागत किया गया। पहली पाली में दसवीं के छात्रों की हिंदी की परीक्षा रही। परीक्षा के बाद परीक्षार्थी बेहद खुश थे। कहा कि सब कुछ पढ़ा हुआ पूछा गया था। दोहराकर पक्का कर लिया था। बिजनौर में परीक्षा केंद्र से निकली पिंकी, सर्वेश और मनोज का कहना था कि हिंदी में विशेष योग्यता मार्क्स आएंगे। दूसरी पाली में भी बारहवीं में हिंदी की परीक्षा होगी।परीक्षा में सेंधमारी, किसी भी तरह की गड़बड़ी और अफवाह फैलाने वालों पर एफआईआर दर्ज कराकर उन्हें जेल भेजा जाएगा। बता दें कि इस वर्ष परीक्षाएं मात्र 12 कार्य दिवसों में ही संपन्न होंगी। पहली बार परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्रों पर तैनात कक्ष निरीक्षकों को कर कोड में क्रमांक युक्त कंप्यूटराइज्ड



परिचय पत्र दिए गए हैं।सीसीटीवी की निगरानी में खोले गए पेपर मेरठ जिले की बात करें तो दसवीं और बारहवीं में 81,895 परीक्षार्थी शामिल होने थे। नकल पर अंकुश के लिए प्रश्नपत्र सीसीटीवी की निगरानी में खोले गए। इस बार यूपी बोर्ड की परीक्षा में समय के साथ कई बदलाव और भी देखने को मिले। यह पहला मौका था जब वर्ष 2024 की बोर्ड परीक्षा सुबह 8.30 बजे से शुरू हुई। इससे पूर्व यूपी बोर्ड की पहली पाली सुबह साढ़े सात और उसके बाद आठ बजे से शुरू होती थी। गायब शिक्षकों को वेतन रुकेगा डीआईओएस राजेश कुमार ने बताया कि बोर्ड परीक्षा की ड्यूटी में लगे कक्ष निरीक्षकों को सुबह परीक्षा केंद्र पर पहुंचना अनिवार्य था। ड्यूटी से गायब रहने वाले प्राथमिक, राजकीय, एडेड और वित्तविहीन स्कूलों के कक्ष निरीक्षकों का वेतन रोका जाएगा। मुजफ्फरनगर में विभिन्न केंद्रों परे



आज से यूपी बोर्ड की परीक्षा का आगाज हो गया। पहले दिन प्रथम पाली में हाईस्कूल के परीक्षार्थियों ने प्रारंभिक हिंदी विषय की परीक्षा दी। सभी केंद्रों पर सुबह से ही भीड़ रही। सघन तलाशी के बाद परीक्षार्थियों को प्रवेश मिला। जिले में बनाए गए 72 केंद्रों पर गुरुवार को परीक्षा शुरू हुई। सुबह साढ़े आठ बजे से शुरू हुई प्रथम पाली में हाईस्कूल के परीक्षार्थी शामिल हुए। हालांकि प्रथम पाली में इंटरमीडिएट की भी सैन्य विज्ञान विषय की परीक्षा है, लेकिन जिले में इसके इक्का-दुक्का ही परीक्षार्थी हैं। परीक्षा आरंभ होने से करीब एक घंटे पहले यानी साढ़े सात बजे से परीक्षार्थियों को प्रवेश देना शुरू हो गया था। सभी परीक्षार्थियों का प्रवेश पत्र में फोटो से मिलान कर और सघन चेकिंग करने के बाद ही उन्हें परीक्षा कक्ष में भेजा गया। इसके अलावा हर परीक्षा केंद्रों पर पुलिस की तैनाती रहीं। सीसीटीवी कैमरों से भी लगातार निगरानी की जा रही है। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. धर्मेंद्र शर्मा ने अपनी सचल टीम के साथ जाकर कई केंद्रों का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। हाईस्कूल के करीब 30 हजार से अधिक परीक्षार्थी प्रारंभिक हिंदी की परीक्षा देने के लिए पहुंचे। वहीं जिले में विभिन्न केंद्रों पर 1428 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। दोपहर दो बजे से द्वितीय पाली की परीक्षा शुरू हुई, जिसमें हाईस्कूल की वाणिज्य और इंटरमीडिएट की सामान्य हिंदी विषय की परीक्षा होगी।यूपी बोर्ड हाईस्कूल व इंटर की परीक्षा शुरू। पहली पाली में करीब 98 प्रतिशत परीक्षार्थी उपस्थित रहे। डीएम अंकित कुमार अग्रवाल व एसपी नीरज कुमार जादौन ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। हाईस्कूल हिंदी के पेपर में 2382 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षार्थी पेपर देने के बाद खुश थे। बोले खूब नंबर आएंगे। पेपर काफी आसान था। प्रशासनिक अधिकारी सुबह ही केंद्रों का निरीक्षण करने के लिए निकल पड़े।

## डीएम की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक



**संवाददाता बरेली :** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने निर्देश दिये कि जनपद में टीकाकरण का जो भी लक्ष्य प्राप्त हुआ है, उसे शत प्रतिशत पूर्ण किया जाये। हजियापुर में टीकाकरण का प्रतिशत कम है उसमें सुधार लाया जाये। बैठक में वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम, श्लठऊ रठउव, कोल्ड चेन तथा ऊश्ऊट पोर्टल पर आईडी बनाए जाने आदि की समीक्षा की गयी। प्रतिदिन ई-संजीवनी ओपीडी की समीक्षा करते हुये पाया कि बहेड़ी, शेरगढ़ व दलेलनगर की स्थिति खराब है, जिस पर उन्होंने अगले तीन दिन में कारण जानने व प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिये कि एनालिसिस करें कि जिन एमओआईसी का ट्रांसफर किया गया था उनके द्वारा कैसा कार्य किया जा रहा है, कार्य प्रदर्शन के आधार पर पोस्टिंग दी जायेगी।

## कोतवाली कुतुबखाना पुल का नाम महादेव सेतु होगा

### नाथ कॉरिडोर के मार्ग पर मांस की बिक्री पर लगेगी रोक

**संवाददाता बरेली।** नाथ कॉरिडोर में मीट और मांस के कबाब नहीं बेचे जाएंगे। नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक में मांस की बिक्री पर रोक लगाने पर सहमति बनी। महापौर उमेश गौतम ने कहा कि खुला मांस तो कहीं नहीं बिकना चाहिए। अगर कॉरिडोर के मार्ग पर अतिक्रमण करके कोई दुकान लगाए है तो उस पर कार्रवाई करें। कुतुबखाना पुल के नीचे कब्जे करके दुकान लगाए जाने का वीडियो दिखाते हुए पार्षद सौरभ कुमार ने कहा कि ह्यजहां नगर आयुक्त की ओर से अतिक्रमण न करने के लिए फ्लैक्स लगाया गया है,



वहीं पर तमाम ठेले वाले दुकान सजाए हैं। यातायात भी बाधित है इस पर नगर आयुक्त निधि गुप्ता वत्स ने अवैध कब्जे हटवाने का आश्वासन दिया। कुतुबखाना पुल अब महादेव सेतु महापौर कार्यालय में हुई कार्यकारिणी बैठक में पिछली कार्रवाई की पुष्टि के साथ कुतुबखाना पुल का नाम महादेव सेतु किए जाने का प्रस्ताव महापौर ने रखा। पार्षद सलीम पटवारी ने अनुमोदन किया। सभी पार्षदों ने मेज थपथपाकर इसे पारित किया।

## अवैध निर्माण होंगे चिन्हित कमिश्नर ने दिया आदेश

**संवाददाता बरेली।** शहर के सातों नाथों को जोड़ने के साथ -साथ पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए शासन ने तैयारियां शुरू कर दी है। नाथ कॉरिडोर के तहत यह काम शुरू होना है, लेकिन उससे पहले इस कार्य में अवैध निर्माण रोड़ा बन रहा है। जिसको लेकर कमिश्नर सौम्या अग्रवाल ने अवैध निर्माण को चिन्हित कर हटाने का निर्देश दिया है। शासन की प्राथमिकता में शामिल नाथ कॉरिडोर बनाने के लिए बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) ने तैयारी तेज कर दी है। कॉरिडोर में बाधक बन रहे अवैध मकानों को चिन्हित कराया जा रहा है। जिससे कि नाथ मंदिरों के रास्तों से आने जाने वाले शिवभक्तों को दिक्कत न हो। बनखंडीनाथ मंदिर के रास्ते में नाला बाधक बन रहा है। जिसके चलते उसको पीछे कराया जाना सुनिश्चित किया जा रहा है। बीडीए ने नाथ कॉरिडोर निर्माण के लिए खाका खींचना शुरू



कर दिया है। बाबा त्रिवटीनाथ, मढ़ीनाथ और बनखंडीनाथ मंदिरों तक पहुंचने के लिए नाथ कॉरिडोर के रास्ते में आने वाले अड़चनों को दूर करने के लिए बीडीए ने अवैध निर्माण को चिन्हित करना शुरू कर दिया है। कई निर्माणों पर निशान भी लगाए जा रहे है। बीडीए सचिव के निर्देशन में टीम ने कई स्थानों पर अवैध निर्माण बाधक होने की दशा में लोगों को अल्टीमेटम भी दिया है। जल्द ही बदलेगी बरेली की सूरत जल्द ही बरेली की सूरत बदल जाएगी। नाथों से ही बरेली की पहचान होगी। जिले में प्रवेश करने से पहले ही भगवान भोलेनाथ के प्रतीक आप को नाथ नगरी का अहसास करा देंगे।

## जंगल में पड़ा मिला युवक का शव

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश के बिजनौर जनपद में सीमांत ग्राम पंचायत मोटाढाक क्षेत्र में एक व्यक्ति ने विषैला पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव के पास से विषैले पदार्थ की शीशी बरामद की।उत्तराखंड सीमा पर स्थित ग्राम पंचायत मोटाढाक क्षेत्र में करीब व्यक्ति(50) का शव देखे जाने से सनसनी फैल गई।शव के पास विषैला पदार्थ की शीशी मिली। घटना की सूचना मिलते ही अनेक ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गए।ग्राम



प्रधान सागर बडोला की सूचना पर थाना प्रभारी राजेंद्र पुंडीर,अपराध निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने शव अपने कब्जे में ले लिया।मृतक की पहचान कोटद्वार उत्तराखंड के खूनीबड़ निवासी 50 वर्षीय सत्येंद कुमार के रूप में रूप में हुई।

## बदायूं में सपा राष्ट्रीय सचिव आबिद रजा बोले



**बदायूं।** बदायूं में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव आबिद रजा ने कहा कि 2019 में मुलायम सिंह यादव को यह एहसास हो गया था कि विपक्ष कमजोर है और उसका नतीजा था कि पांच सीटें मिलीं। उन्होंने क्लीयर कट कह दिया कि नरेंद्र मोदी को उन्होंने दोबारा प्रधानमंत्री बनने की कही थी।आबिद अपने आवास पर पत्रकारों से रूबरू थे। कहा कि आज हालात जैसे दिखते हैं, मैं बिल्कुल प्रेस के माध्यम से यह कहने में संकोच नहीं है, मैं सच बोलता हूं और इसकी बहुत सजा मिलती है। आज विपक्ष इतना कमजोर है कि नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनना तय माना जा रहा है। गठबंधन पर तंज कसते हुए कहा कि चंद सीटें आप जीत लें कुछ संघर्ष करके पक्ष-विपक्ष में लड़ाई आपस में इतनी है कि न हिंदू वोट को सहेजने की कोशिश की जा रही है न मुसलमान वोट की नाराजगी दूर की जा रही है। सपा को घेरते हुए कहा कि आज न कोई संघर्ष किया जा रहा है। न कोई विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। बल्कि संघर्ष के नाम पे फेसबुक, ट्वीटर और फोटो सेशन तक पार्टी रह गई है।कहा कि 20 प्रतिशत मुसलमान आखिर कब तक टिकट का मोहताज बना रहेगा। क्या मुसलमान के हिस्से में राजनीति में पोस्टर लगाना, नारे लगाना, कुर्सियां बिछाना, माइक व टेंट लगाना ही बचा है। गठबंधन करके मुसलमान की अनदेखी यह सोचकर और की जाती है कि अब मुसलमान जायेगा कहां। कई चुनाव में गठबंधन करने के बावजूद जीत हासिल तो नहीं हो पा रही है लेकिन मुसलमान वोट की कद्र, कीमत और एहमियत जरूर खत्म होती जा रही है।कहा कि पूरे पांच साल मुसलमान की जायज बातों पर आवाज तक नहीं उठाई जाती। मुसलमानों के हक में कोई धरना प्रदर्शन तो छोड़े कोई बयान तक जारी नहीं किया जाता। चुनाव नजदीक आते ही कहीं मुसलमान 5 साल अपनी आप बीती पर शिकायत करके नाराज ना हो। उसके वोट देने के विकल्प खत्म करने के मकसद से गठबंधन करके मुसलमान को वे वोट देने पर मजबूर किया जा रहा है जो अल्लाह की नजर में गलती नहीं बल्कि गुनाह है।

## नये आंगनबाड़ी केन्द्रों व लर्निंग लैब का कार्य शीघ्र कराया जाये पूर्ण : डीएम

**संवाददाता बरेली ।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में आज जिला पोषण समिति की मासिक बैठक विकास भवन सभागार में हुई। जनवरी माह में नौ तथा फरवरी माह में एनआरसी की पूर्ण क्षमता के अनुरूप कुपोषित बच्चों को भर्ती कराया गया है।नवनियुक्त व स्थानांतरित किये गये बाल विकास परियोजना अधिकारियों को निर्देश दिये कि नये आवंटित आंगनबाड़ी भवनों का निर्माण शीघ्रता से



करवाया जाये, 75 लर्निंग लैब बननी हैं उक्त कार्य को भी प्राथमिकता के आधार पर करवाया जाये, हॉट कुक मील व्यवस्था को लागू करने, कुपोषित बच्चों को सुपोषित श्रेणी में लाने व इस सम्बन्धी प्रत्येक आंगनबाड़ी केन्द्र पर अध्यावधिक रजिस्टर मेन्टेन रखने, इसके साथ ही जो आंगनबाड़ी सेविका कार्य में रूचि नहीं ले रही हैं उनकी सूची बनाकर लाने के निर्देश दिये। डीएम ने डीपीआरओ को निर्देश दिये कि ग्राम प्रधानों से बात कर आंगनबाड़ी केन्द्रों पर बर्तनों की व्यवस्था करायी जाये। उन्होंने आंगनबाड़ी रजिस्टर अध्यावधिक कराए जाने संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## राज्यमंत्री गुलाब देवी ने छात्राओं का तिलक किया

**संभल ।** संभल में योगी की माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी ने परीक्षार्थियों का तिलक कर एवं गुलाब का फूल देकर बोर्ड परीक्षा का शुभारंभ किया है। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में आज से यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं शुरू हुई हैं।राज्यमंत्री ने यूपी में नकल विहीन परीक्षा कराने का भरोसा दिलाया है। उन्होंने कहा है कि अगर परीक्षा में कोई लापरवाही होती है तो कार्रवाई की जाएगी। आज गुरुवार को पहली पाली में हाईस्कूल के हिंदी विषय के साथ उत्तर प्रदेश में बोर्ड की परीक्षाएं प्रारंभ हो गई हैं। योगी



सरकार में माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री एवं जनपद संभल की चंदौसी विधानसभा से भाजपा विधायक गुलाब देवी ने अपने शिक्षा विद्यालय बीएमजी इंटर कॉलेज चंदौसी से यूपी बोर्ड परीक्षा का शुभारंभ किया है। उन्होंने परीक्षा देने पहुंचे परीक्षार्थियों का तिलक किया और गुलाब का फूल देकर उत्साहवर्धन किया। शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने परीक्षार्थियों का मुंह मीठा कर शुभकामनाएं भी दीं।



शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी ने सभी परीक्षार्थियों का न सिर्फ उत्साहवर्धन किया बल्कि उन्हें लग्न के साथ पढ़ाई करने का भी मूल मंत्र दिया। इसके साथ ही शिक्षा मंत्री द्वारा हौसलाफजाई किए जाने से परीक्षार्थियों के चेहरे पर खुशी छा गई। इस दौरान मंत्री गुलाब देवी ने अन्य इंटर कॉलेज में बने परीक्षा केंद्रों का भी निरीक्षण किया और वहां सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था को परखा।गुलाब देवी ने बताया कि इस वर्ष जनपद संभल में 50736 परीक्षार्थी परीक्षा दे रहे हैं, जिसमें हाईस्कूल के 27786 और इंटरमीडिएट के 22950 परीक्षार्थी शामिल हैं। शिक्षा मंत्री ने कहा कि आज हमने परीक्षा केंद्र पर पहुंचकर छात्रों का मांगलिक तिलक करके स्वागत किया, जब बच्चे अपने भविष्य का निर्माण करने के लिए कदम उठाते हैं तो अभिभावक और शिक्षकों को उनका तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर व मां सरस्वती पूजन कराकर उत्साहबर्धन करना चाहिए। परीक्षा केंद्र के राममय होने के विषय में उन्होंने कहा कि आज सारा विश्व राममय हो रहा है।

## संक्षिप्त डायरी

### बोर्ड ड्यूटी लगाने मे बीईओ ने कर दिया खेल चहेते शिक्षकों की नहीं लगी ड्यूटी रोष

**संवाददाता रिछा।** वृहस्पतिवार से शुरू हो रही यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इन्टर मीडियट की परीक्षा मे कक्ष निरीक्षक के रुप मे ब्लाक दमखोदा के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर बेसिक शिक्षकों की ड्यूटी लगाने मे भी अनियमितता बरती गयी है। सूत्रों के अनुसार बीईओ प्रेमसुख गंगवार और उनके चहेते लेखाकार ने कुछ खास शिक्षकों की बोर्ड परीक्षा ड्यूटी नही लगाई। जूनियर हाईस्कूल कुन्डरा और पैगा से किसी शिक्षक को नहीं लगाया गया, जबकि बहादुरगंज जूनियर, प्राइमरी स्कूल, सिंधौरा, तेजनगर सनेत कयी स्कूलों को एकल कर दिया गया। इससे अन्य शिक्षकों मे रोष व्याप्त है।इस बाबत बीईओ प्रेमसुख गंगवार से बात की गयी तो उन्होंने ऐसी किसी गडबडी से इंकार किया। जबकि बी एस ए संजय सिंह का कहना है कि अगर गडबडी की गयी है तो देखा जाएगा।

### अमरोहा की गजरौला पालिका बैठक में हंगामा



**अमरोहा।** अमरोहा की गजरौला पालिका में आज बोर्ड की बैठक आयोजित की गई। बोर्ड की बैठक में कुछ ही सभासद पहुंचे। जहां बैठक के दौरान वार्ड नंबर एक के सभासद रोंकी ने पालिका में भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। साथ ही मोहल्ले में कोई विकास कार्य नहीं कराने का आरोप लगाया। साथ ही कहा कि मोहल्ले में कूड़े के बड़े बड़े ढेर लग रहे हैं, लेकिन कोई भी सुनवाई होने को तैयार नहीं है। इसके साथ ही कई सभासदों ने भी पालिका में चल रही बोर्ड की बैठक में जमकर हंगामा काटा। आरोप लगाए कि नगर पालिका में काम सिर्फ कागजों में हो रहा है। जबकि धरातल पर स्थिति परे है। इसके साथ ही सभासदों ने पालिका द्वारा मोहल्लों में कोई भी विकास कार्य नहीं कराने के आरोप लगाए।साथ ही पालिका ऑफिस में कर्मचारियों के समय से दफ्तर नहीं आने पर कार्य में बाधा उत्पन्न होने की बात कही। फिलहाल बोर्ड की बैठक भारी हंगामे की बीच सम्पन्न हुई। उधर कुछ सभासदों ने जल्द पालिका के खिलाफ प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है।

### अमरोहा से सैंकड़ों किसान दिल्ली रवाना



**अमरोहा।** से दिल्ली बॉर्डर पर धरना देने के लिए सैंकड़ों किसान अपनी विभिन्न मांगों को लेकर दिल्ली रवाना हो गए हैं। किसानों का कहना है कि सरकार जब तक किसानों की मांग नहीं मानती है, तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। किसान दिल्ली बॉर्डर पर अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। साथ ही बताया कि यह आंदोलन अब बड़ा होने जा रहा है।भारतीय किसान यूनियन असली के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरपाल सिंह ने बताया कि गजरौला क्षेत्र से आज सैंकड़ों किसान दिल्ली में चल रहे किसानों के धरने में शामिल होने के लिए रवाना हुए हैं। दिल्ली बॉर्डर पर किसान एमएसपी कानून सहित अपनी विभिन्न मांगों को लेकर धरने पर बैठे हैं। साथ ही बताया कि जब तक किसानों की समस्याओं और मांगों का समाधान नहीं हो जाता, तब तक किसानों का धरना जारी रहेगा।उधर किसानों के एकत्र होने की सूचना मिलते ही भारी पुलिस फोर्स के साथ गजरौला क्राइम इंस्पेक्टर बालेंद्र सिंह मौके पर पहुंच गए थे। लेकिन किसान शांतिपूर्ण तरीके से दिल्ली धरने के लिए रवाना हो गए। पुलिस के किसानों को रोकने की कोशिश फिलहाल नाकाम दिखाई दी। उधर सैंकड़ों की संख्या में किसान दिल्ली के लिए रवाना हो गए।

### फांसी पर लटका मिला युवक का शव



**संभल ।** संभल में बबूल के पेड़ से फांसी के फंदे पर युवक का शव लटका मिलने से हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर ग्रामीण इकट्ठे हो गए। उधर पुलिस भी पहुंच गई, पुलिस ने मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर पीएम को भेज दिया। बेटे की मौत से मां का रो-रोकर बुरा हाल है। मां का कहना है कि उसने बेटे के लिए सूजी का हलवा बनाया था। पूरा मामला जनपद संभल के थाना रजपुरा क्षेत्र के गांव डुप्टा खुर्द का है। गुरुवार को गांव निवासी चंद्रपाल शर्मा के पुत्र विकास शर्मा का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला तो हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फांसी के फंदे पर लटके युवक के शव को ग्रामीणों की मदद से नीचे उतरा और उसे पीएम के लिए भेज दिया। मृतक युवक चार भाई-बहन हैं। युवक नोएडा की कंपनी में नौकरी करता था। वह चार दिन पूर्व अपने घर लौटकर वापस आया था। घर में मां कमलेश के साथ बैठा हुआ था तभी उसके मोबाइल पर लगातार फोन आ रहे थे। मां ने खाने के लिए सूजी का हलवा और सेब काटे थी, लेकिन उसने कुछ खाया नहीं बल्कि फोन आने के बाद वह घर से बाहर चला गया और कुछ देर के बाद उसका मोबाइल स्विच ऑफ हो गया।मां कमलेश बेटे का मोबाइल स्विच ऑफ होने के बाद घबरा गईं और उसे तलाश करने लगीं।

# प्रभावी पहल का इंतजार

बीते कुछ वर्षों में देश की सामरिक और विदेश नीति में आमूलचूल परिवर्तन हुए हैं। पड़ोसी देशों के दुस्साहस का सीमा पर हमारी सेना मुंहतोड़ जवाब दे रही है तो दूसरी ओर अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए अन्तरराष्ट्रीय मंचों पर सार्थक कूटनीतिक प्रयास किए जा रहे हैं। दुनियाभर में भारत की साख और प्रभाव तेजी से बढ़ रहा है। इसके बावजूद हमारे देश का बड़ा भू-भाग और उसमें रह रहे नागरिक पाकिस्तान और चीन के कब्जे में हैं। इन क्षेत्रों में रह रहे हमारे नागरिक नारकीय जीवन जीने को विवश हैं। पाकिस्तान की सेना यहां के बाशिंदों के मानवाधिकारों को आए दिन रौंदती रहती है। हालांकि तीन दशक पहले देश की संसद ने इन क्षेत्रों को दोबारा हासिल करने का संकल्प पारित किया था। लेकिन संसद द्वारा पारित इस संकल्प की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जाने का लोगों को बेसब्री से इंतजार है। देश के इतिहास में 22 फरवरी, 1994 का दिन अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस दिन हमारी संसद ने ध्वनिमत से एक प्रस्ताव पारित करके संकल्प व्यक्त किया था कि पाकिस्तान के कब्जे वाला जम्मू और कश्मीर भारत का अटूट अंग है। पाकिस्तान को वह हिस्सा छोड़ना होगा जिस पर उसने कब्जा जमा रखा है। संसद में पारित इस संकल्प में पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर में चल रहे आतंकी शिविरों पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। और कहा गया कि भारत में अशांति, वैमनस्य और विध्वंस पैदा करने के स्पष्ट उद्देश्य से पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में आतंकियों को प्रशिक्षण देने के साथ उन्हें हथियार और धन मुहैया कराया जा रहा है। इसके अलावा भारत में घुसपैठ करने के लिए भी आतंकियों की मदद की जा रही है। प्रस्ताव में चार बिंदुओं में संकल्प व्यक्त करते हुए कहा गया कि यह सदन भारत की जनता की ओर से घोषणा करता है कि पाकिस्तान अधिकृत जम्मू कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और रहेगा। भारत अपने इस भाग के विलय का हरसंभव प्रयास करेगा। दूसरे बिंदु में कहा गया है कि भारत में इस बात की पर्याप्त क्षमता है कि वह उन अलगाववादी और आतंकवादी शक्तियों का मुंहतोड़ जवाब दें, जो देश की एकता, प्रभुसत्ता और क्षेत्रीय अखंडता के खिलाफ हों। तीसरे बिंदु में मांग की गई है कि पाकिस्तान जम्मू कश्मीर के उन क्षेत्रों को खाली करे, जिन्हें उसने कब्जाया और अतिक्रमण किया हुआ है। चौथे बिन्दु में स्पष्ट तौर पर चेतावनी दी गई भारत के आंतरिक मामलों में किसी भी तरह के हस्तक्षेप का मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। कुछ लोगों का कहना है कि शिमला समझौते के चलते भारतीय संसद द्वारा पारित इस संकल्प के कोई मायने नहीं हैं। दरअसल 1972 में भारत की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और पाकिस्तान के तत्कालीन प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो के बीच एक समझौता हुआ था। इस समझौते में नियंत्रण रेखा (एलओसी) को दोनों देशों के बीच सीमा के रूप स्वीकार करने की ऐतिहासिक भूल हुई थी। लेकिन जानकारों का मानना है कि शिमला समझौते का कूटनीतिक समझदारी से प्रयोग करके पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर को दोबारा भारत में शामिल किया जा सकता है। शिमला समझौते में दोनों देशों ने तय किया था कि वे इन विवादों को आपसी बातचीत से हल करेंगे। इन्हें अन्तरराष्ट्रीय मंचों पर नहीं उठाया जाएगा। लेकिन पाकिस्तान लगातार इस शर्त का उल्लंघन करता रहता है यानी उसने खुद शिमला समझौता तोड़ दिया है। इसके अलावा यहां सबसे महत्वपूर्ण तथ्य ये है कि हम जिसे पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर यानी (पीओके) और पाकिस्तान आजाद कश्मीर कहता है वह कश्मीर का हिस्सा है ही नहीं वह तो जम्मू का भाग है। वह न तो कश्मीर का अंश था और न ही इस रूप में उसका समझौता हो सकता था। पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर की भाषा भी कश्मीरी नहीं थी यहां के लोग जिस भाषा का प्रयोग करते हैं वह डोगरी और मीरपुरी का मिश्रण है। आजादी के बाद लगभग पांच सौ रियासतों का भारत में विलय हुआ लेकिन राजनैतिक नेतृत्व की ढुलमुल नीति के चलते जम्मू और कश्मीर के एक बड़े हिस्से पर पाकिस्तान ने अवैध रूप से कब्जा कर लिया। दरअसल स्वतंत्र राज्य की चाहत में कश्मीर के महाराजा हरीसिंह लम्बे समय तक असमंजस की स्थिति में रहे। निर्णय लेने में देरी के चलते शेख अब्दुल्ला जो पहले भारत के साथ विलय के पक्षधर से उनका मन बदलने लगा और वह स्वतंत्र राज्य की मांग करने लगे। इस बीच पाकिस्तान की तत्कालीन सरकार और सेना ने कबाइली लड़ाकों के साथ मिलकर कश्मीर पर हमला कर दिया। अत्याधुनिक हथियारों के साथ आए इन हमलावरों ने मानवता को तार-तार करते हुए गैर मुस्लिमों की हत्या, लूटपाट और महिलाओं के साथ बलात्कार शुरू कर दिए। हालात इतने खराब हो गए कि खुद महाराजा हरीसिंह ने श्रीनगर से पलायन कर 25 अक्टूबर 1947 को जम्मू आकर सुरक्षित स्थान पर शरण ली। कश्मीर को बचाने के लिए उन्होंने 26 अक्टूबर 1947 को भारत में विलय पत्र पर हस्ताक्षर किए। कश्मीर के भारत में विलय के बाद 27 अक्टूबर 1947 को भारतीय सैनिकों का पहला जत्था जम्मू-कश्मीर पहुंचा। उसने बहादुरी से पाकिस्तानी सेना और कबाइलियों को कश्मीर से बाहर धकेल दिया। हालांकि महाराजा हरीसिंह ने बिना शर्त पूरे कश्मीर का भारत में विलय कर दिया था लेकिन इसे रणनीतिक चूक और नासमझी कहा जाए या अपनी छवि चमकाने की कवायद कि तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू इस मामले के संयुक्त राष्ट्र संघ में ले गए सामरिक बढ़त के बावजूद पाकिस्तान के कब्जे वाले भारतीय क्षेत्र को खाली कराए बिना संघर्ष विराम पर सहमति जता दी गई। नतीजन जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के लगभग एक लाख 26 हजार वर्ग किलोमीटर से अधिक क्षेत्र पर पाकिस्तान और चीन का अवैध कब्जा है। इसमें मीरपुर मुजफ्फराबाद (जम्मू और कश्मीर) का 14 हजार वर्ग किलोमीटर, गिलगित बाल्टिस्तान (लद्दाख) का लगभग 75 हजार वर्ग किलोमीटर क्षेत्र शामिल है।

# मातृभाषा, बहुभाषिकता और सांस्कृतिक विन्यास

ANALYSIS



प्रो. रवींद्र नाथ श्रीवास्तव

**मातृभाषा किसी व्यक्ति के जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है क्योंकि यह उनकी पहचान और संस्कृति को आकार देती है। यह वह भाषा है जिसमें लोग अपनी भावनाओं, विचारों और विचारों को व्यक्त करते हैं। एक बच्चे की पहली भाषा सीखने और संज्ञानात्मक विकास की नींव होती है और यह अन्य भाषाओं को सीखने में मदद करती है। शोध से पता चला है कि जिन बच्चों को उनकी मातृभाषा में पढ़ाया जाता है, वे स्कूल में उन बच्चों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन करते हैं। भाषा सीखना तब आसान हो जाता है जब यह उन अवधारणाओं से संबंधित हो जिनसे बच्चा अपनी मातृभाषा में पहले से ही परिचित है। इसके अलावा, मातृभाषा सांस्कृतिक विरासत और परंपराओं के संरक्षण में मदद करती है। यह लोगों के लिए गर्व और अपनेपन का स्रोत है और उनकी पहचान का अभिन्न अंग है। इसलिए, मातृभाषा के महत्व को पहचानना और इसके उपयोग और सीखने को बढ़ावा देना महत्त्वपूर्ण है। भाषा को समझने में मातृभाषा की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह वह नींव है जिस पर अन्य सभी भाषाएं निर्मित होती हैं। बच्चे बिना किसी औपचारिक निर्देश के, अपने माता-पिता, भाई-बहन और परिवार के अन्य सदस्यों को सुनकर स्वाभाविक रूप से अपनी मातृभाषा सीखते हैं।**

भाषा शक्तिशाली उपकरण है। उसमें लोगों को जोड़ने, विचार व्यक्त करने और संस्कृति बनाने की क्षमता होती है। हममें से कई लोगों के लिए, हमारी मातृभाषा वह पहली भाषा है जिसे हम बोलना सीखते हैं और जिसका उपयोग हम अपने परिवार और दोस्तों के साथ संवाद करने के लिए करते हैं। जिस तरह से हम अपनी मातृभाषा का उपयोग करते हैं उसका नई भाषाओं को सीखने और विभिन्न संस्कृतियों को समझने की हमारी क्षमता पर गहरा प्रभाव पड़ सकता है। यह वह भाषा है जो किसी व्यक्ति के परिवार या समुदाय द्वारा बोली जाती है और अकसर घरेलू वातावरण में उपयोग की जाने वाली भाषा है। मातृभाषा किसी व्यक्ति के जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है क्योंकि यह उनकी पहचान और संस्कृति को आकार देती है। यह वह भाषा है जिसमें लोग अपनी भावनाओं, विचारों और विचारों को व्यक्त करते हैं। एक बच्चे की पहली भाषा सीखने और संज्ञानात्मक विकास की नींव होती है और यह अन्य भाषाओं को सीखने में मदद करती है। शोध से पता चला है कि जिन बच्चों को उनकी मातृभाषा में पढ़ाया जाता है, वे स्कूल में उन बच्चों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन करते हैं। भाषा सीखना तब आसान हो जाता है जब यह उन अवधारणाओं से संबंधित हो जिनसे बच्चा अपनी मातृभाषा में पहले से ही परिचित है। इसके अलावा, मातृभाषा सांस्कृतिक विरासत और परंपराओं के संरक्षण में मदद करती है। यह लोगों के लिए गर्व और अपनेपन का स्रोत है और उनकी पहचान का अभिन्न अंग है। इसलिए, मातृभाषा के महत्व को पहचानना और इसके उपयोग और सीखने को बढ़ावा देना महत्त्वपूर्ण है। भाषा को समझने में मातृभाषा की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह वह नींव है जिस पर अन्य सभी भाषाएं निर्मित होती हैं। बच्चे बिना किसी औपचारिक निर्देश के, अपने माता-पिता, भाई-बहन और परिवार के अन्य सदस्यों को सुनकर स्वाभाविक रूप से अपनी मातृभाषा सीखते हैं। मातृभाषा यह समझने के लिए एक रूपरेखा प्रदान करती है कि भाषा कैसे काम करती है, जिसमें व्याकरण, वाक्य रचना और शब्दावली शामिल है। शोध से पता चला है कि जिन छात्रों की मातृभाषा में मजबूत नींव होती है, वे दूसरी भाषा सीखने में अधिक सफल होते हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि उन्होंने पहले से ही संज्ञानात्मक कौशल और भाषा-जागरुकता विकसित कर ली है जो भाषा सीखने के लिए आवश्यक हैं। वे नई भाषा में पैटर्न और संरचनाओं को पहचानने के लिए भी बेहतर ढंग से सुसज्जित हैं, क्योंकि उनका संदर्भ-बिंदु उनकी मातृभाषा में है। इसके अलावा, कक्षा में मातृभाषा का उपयोग करने से छात्रों को नई जानकारी को बेहतर ढंग से समझने और बनाए रखने में मदद मिल सकती है। जब शिक्षक छात्रों की मातृभाषा में अवधारणाओं को समझाते हैं तो यह नई जानकारी को स्पष्ट और सुदृढ़ करने में मदद कर सकता है। यह छात्रों के मौजूदा ज्ञान और उनके द्वारा प्राप्त किए जा रहे नए ज्ञान के बीच एक पुल बनाने में भी मदद करता है। जब कोई व्यक्ति एक नई भाषा सीखता है तो सबसे पहले वह अपने दिमाग में शब्दों और वाक्यांशों का अपनी मातृभाषा से नई भाषा में अनुवाद करता है। यह अनुवाद प्रक्रिया चुनौतीपूर्ण और समय लेने वाली हो सकती है। यदि अनुवाद सटीक नहीं है तो इससे गलतफहमी और गलत व्याख्याएं भी हो सकती हैं। इसके अलावा, मातृभाषा की संरचना और व्याकरण भी नई भाषा सीखने को प्रभावित कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, कुछ भाषाओं में दूसरों की तुलना में अधिक जटिल व्याकरण संरचनाएं होती हैं। यदि किसी व्यक्ति की मातृभाषा में व्याकरण संरचना जटिल है, तो उन्हें सरल व्याकरण संरचना के साथ एक नई भाषा सीखना अधिक चुनौतीपूर्ण लग सकता है। नई भाषा में मातृभाषा के साथ समानताएं हों तो इससे व्यक्ति के लिए नई भाषा सीखना और समझना आसान हो सकता है। व्यक्ति कुछ शब्दों और वाक्यांशों को अधिक आसानी से पहचानने और याद रखने में भी सक्षम हो सकता है। इसके अलावा, अपनी मातृभाषा में सीखने से आपकी सांस्कृतिक पहचान और विरासत को संरक्षित रखने में मदद मिलती है। यह आपको अपनी भाषा, इतिहास और परंपराओं को समझने और उनकी सराहना करने की अनुमति देता है, साथ ही आपको अन्य संस्कृतियों और भाषाओं की बेहतर समझ भी देता है। निष्कर्षतः, अपनी मातृभाषा में सीखने के लाभों को कम करके नहीं आंका जा सकता। यह अन्य चीजों के अलावा प्रभावी शिक्षण, आलोचनात्मक सोच और सांस्कृतिक संरक्षण को बढ़ावा देता है। शिक्षकों और नीति निमार्ताओं के लिए इसे पहचानना और यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि छात्रों को उनकी मातृभाषा में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। बौद्धिक विकास पर द्विभाषावाद का प्रभाव एक दिलचस्प विषय है। द्विभाषी व्यक्तियों में दो भाषाओं के बीच निर्बाध रूप से स्विच करने की क्षमता होती है और इसका संज्ञानात्मक कार्य पर सकारात्मक प्रभाव पाया गया है। शोध ने सुझाव दिया है कि द्विभाषावाद से ध्यान नियंत्रण, संज्ञानात्मक लचीलेपन और समस्या-समाधान क्षमताओं में वृद्धि हो सकती है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि द्विभाषी व्यक्तियों को लगातार दो भाषाओं के बीच स्विच करने की आवश्यकता होती है, और यह मानसिक व्यायाम संज्ञानात्मक क्षमताओं को मजबूत कर सकता है। इसके अलावा, द्विभाषिकता को उम्र से संबंधित कुछ संज्ञानात्मक गिरावट, जैसे कि मनोभ्रंश, की शुरूआत में देरी से जोड़ा गया है। प्रयोगों से पता चला है कि द्विभाषी व्यक्तियों में मनोभ्रंश के लक्षण एकभाषी व्यक्तियों की तुलना में कई वर्षों बाद प्रदर्शित होते हैं। इसके अलावा, संज्ञानात्मक विकास पर द्विभाषावाद का प्रभाव इस बात पर भी भिन्न हो सकता है कि कोई व्यक्ति दूसरी भाषा कब सीखता है। जो व्यक्ति जीवन में पहले दूसरी भाषा सीखते हैं, उन्हें बाद में जीवन में दूसरी भाषा सीखने वालों की तुलना में संज्ञानात्मक विकास में अधिक लाभ होता है। कुल मिलाकर, संज्ञानात्मक विकास पर द्विभाषावाद का प्रभाव एक जटिल और आकर्षक विषय है जो भाषा सीखने और समझने के महत्व पर प्रकाश डालता है। यह दशार्ता है कि एक नई भाषा सीखने से न केवल दूसरों के साथ संवाद करने की हमारी क्षमता का विस्तार होता है, बल्कि हमारी संज्ञानात्मक क्षमताओं और समग्र स्वास्थ्य पर भी इसका व्यापक प्रभाव पड़ता है। मातृभाषा को खोने का मतलब है अपनी पहचान का एक हिस्सा खोना और अपनी जड़ों से कट जाना। यह सुनिश्चित करने के लिए कि सांस्कृतिक विविधता और भाषाई विरासत बनी रहे, मातृभाषाओं को संरक्षित करना महत्वपूर्ण है। सांस्कृतिक विविधता, संज्ञानात्मक विकास और भाषा सीखने को बनाए रखने के लिए मातृभाषाओं का संरक्षण महत्वपूर्ण है। आने वाली पीढ़ियों के लिए उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित करने के लिए माता-पिता, शिक्षकों और नीति निमार्ताओं को मातृभाषाओं के संरक्षण को प्राथमिकता देनी चाहिए। वैश्विक अर्थव्यवस्था में मातृभाषा की भूमिका को कम करके नहीं आंका जा सकता। जैसे-जैसे दुनिया और अधिक आपस में जुड़ रही है, विभिन्न भाषाओं में प्रभावी ढंग से संवाद करने की क्षमता तेजी से महत्वपूर्ण हो गई है। अब केवल एक भाषा बोलना पर्याप्त नहीं है, विशेषकर व्यापारिक जगत में। अध्ययनों से पता चला है कि लोग उन लोगों पर भरोसा करने और उनके साथ व्यापार करने की अधिक संभावना रखते हैं जो उनकी भाषा बोलते हैं।ऐसा इसलिए है क्योंकि भाषा न केवल संचार के बारे में है बल्कि संस्कृति और पहचान के बारे में भी है। किसी की मातृभाषा बोलने से पता चलता है कि आप उनकी संस्कृति और विरासत का सम्मान करते हैं और उसे महत्त्व देते हैं। इसके अलावा, कई भाषाएं बोलने से नौकरी के अधिक अवसर और जीविका की संभावना बढ़ सकती है। विभिन्न भाषाओं को बोलने की क्षमता आज की परस्पर जुड़ी दुनिया में एक मूल्यवान संपत्ति है और इससे व्यक्तियों और व्यवसायों को समान रूप से कई लाभ हो सकते हैं। शिक्षा प्रणालियों में मातृभाषा को शिक्षण में शामिल करने का एक तरीका द्विभाषी शिक्षा प्रदान करना है। इसका मतलब यह है कि छात्रों को उनकी मातृभाषा के साथ-साथ उस भाषा में भी पढ़ाया जाता है जिसे वे सीखने की कोशिश कर रहे हैं। उदाहरण के लिए, भारत में जो छात्र हिंदी को अपनी मातृभाषा के रूप में बोलते हैं, उन्हें हिंदी के साथ-साथ अंग्रेजी में भी पढ़ाया जा सकता है। यह दृष्टिकोण न केवल छात्रों को विषय वस्तु को बेहतर ढंग से समझने में मदद करता है बल्कि उन्हें उस भाषा को समझने में भी मदद करता है जिसे वे सीखने की कोशिश कर रहे हैं। यह किसी की भाषा और संस्कृति पर गर्व की भावना विकसित करने में भी मदद करता है, जो व्यक्तिगत पहचान के लिए महत्वपूर्ण है।

**(लेखक, नव नालंदा महाविहार सम विश्वविद्यालय से संबद्ध हैं।)**

# खराब न होने दें अपनी माटी का स्वास्थ्य

हम सबके जीवन में माटी का बड़ा महत्व है। चाहे हम भारत में हों या दुनिया के किसी भी देश में हों, बात जब माटी की होगी तब भारत का ही नाम लेते हैं। अपनी माटी अपनी ही है। हमारे लोकजीवन में बार-बार माटी की बात होती है। कथित आधुनिक सोच ने मिट्टी को डस्ट और एलर्जी वाली वस्तु बताना काफी पहले शुरू किया। इससे माटी के प्रति हमारी अवधारणा भी बहुत हद तक प्रभावित हुई है। पहले घर भी माटी के होते थे। आज भी गांवों में माटी के बहुत सारे घर हैं। यह और बात है कि आर्थिक-सामाजिक परिवर्तन के कारण अब पक्के घर अधिक दिखाई देते हैं। माटी के घरों की पुताई माटी से ही होती थी। नीचे माटी, ऊपर माटी, सब तरफ माटी ही प्रयोग होती रही है। घर में गृहस्थी के नाम पर सबसे अधिक माटी के बर्तन होते थे, जिन्हें हम गगरी, घड़ा ,कलश, मटका,सुराही आदि नाम से जानते हैं। अब गांव और नगर दोनों में सुराही के पानी पर चर्चा होती है। अपने गांव में कुम्हार परिवार माटी के खिलौने, गगरी, कलश, सुराही, मटका, मटकी, दीया, दियाली के अलावा विभिन्न प्रकार माटी के उत्पादों को बनाते थे। अब परम्परा टूट गई। कुम्हार परिवारों के सामने रोजी-रोटी का संकट है। वे उपेक्षा का शिकार हैं। गांव में भी प्लास्टिक की टोंटी वाली बाल्टी पहुंच गई है, जिसे वाटर बैग कहते हैं। माटी के सोंधेपन से हम गांववासी सीधे जुड़े हैं। कोई एक गिलास सुराही, घड़े का पानी पिला दे तो लगता है कि हम अपना बचपन वाला पानी पी रहे हैं। जिन लोगों को माटी के कुएं ,ईंट से बने कुओं का पानी पीने का सौभाग्य मिला, वही उसकी तासीर को आत्मसात कर सकते हैं । मांगलिक कार्यक्रमों विवाह, तिलकोत्सव, (फलदान ) मुंडन ,छेदन,उपनयन संस्कार में माटी के बर्तन ही प्रयुक्त प्रयोग होते थे। मांड़ौ (मंडप) के नीचे कलश माटी का ही जल भरकर रखा जाता है। रंग-बिरंगे अक्षत लगाए जाते हैं । उसकी सतरंगी छटा हम सबने देखी है । हमें याद है, अस्सी के दशक तक मांगलिक कार्यक्रम में रसगुल्ला, जलेबी, बर्फी और कुल्फी माटी की ही तश्तरियों में ही अतिथियों को परोसी जाती थीं। पानी पीने के लिए दिए जाने वाले पात्र को लोग हुंडा कहते हैं । लोकभाषा में इसे कुज्जा भी कहा जाता है। तब की स्थिति में उसे हम सब तालाब से आई माटी ही जानते थे। कुम्हार तालाब से माटी लाते। माटी को कूटते। पीसते। पानी डालकर चाक पर बर्तन बनाते। आवां में बर्तन पकाकर प्रयोग के लिए तैयार करते। यही बर्तन लोगों को प्रयोग के लिए देते थे। माटी के बर्तन प्रयोग के बाद फिर वापस माटी में मिल जाते। यह प्राकृतिक समन्वय था । इस पर मीटिंग और बैठकों के प्रस्ताव नहीं होते थे। हमारे कवि मनीषियों ने बताया है कि हमारा शरीर भी माटी है । कुछ भी कर लो। लगा लो और महका लो चमेली से, जूही से, गुलाब से, पारिजात से, मगर माटी को माटी ही होना है । इसे कबीर दास ने कागद कहा। यहु संसार कागद की पुड़िया बूंद परे घुलि जाना है। अब हम अति शहरी जीवन की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं । कुम्हारों का भारी नुकसान हुआ है । उन्हें प्रजापति भी कहा जाता है। हो सकता है वह प्रजापति। दक्ष प्रजापति के वंशज हों। माटी के बर्तनों का काम आदिकाल से करते हैं । पूरी दुनिया के वैज्ञानिक मृद्भांडों से सभ्यताओं और संस्कृतियों के निष्कर्ष निकालते हैं। सिंधु घाटी और मोहनजोदड़ो में यही जांचा । राखीगढ़ी और धोलावीरा को जांचा। खुदाई से प्राप्त रथों को भी जांचा। मतलब साफ है, माटी हमारे आदि-अनादि के प्रमाण दे रही है। मगर आधुनिक वैज्ञानिकों ने प्लॉस्टिक की बोतल बनाई । पहले बड़ी और अब छोटी भी उपलब्ध है। एक बड़ा हिस्सा हमारे जीवन में प्लॉस्टिक का है। वह हमें प्रतिपल प्रभावित कर रही है। हम जिस पेन से लिख रहे हैं, इसका का भी 98 प्रतिशत भाग प्लॉस्टिक का ही है। प्लॉस्टिक ने हमें माटी से दूर किया। परंपरा को प्लास्टिक ने नष्ट किया। कुम्हारों का व्यवसाय तहस-नहस किया । सामग्री रखने के लिए आधुनिक डिब्बे हैं। कुछ डिब्बे खुलने के और बंद होने की मशीनों से युक्त हैं। मगर माटी से तो पृथक ही किया प्लॉस्टिक ने । आज हमारे कुम्हार परिवार अपनी महान परंपरा से बाहर हैं। अन्य व्यवसाय करने के लिए विवश हैं। सरकारों ने मिट्टी के लिए कुछ कुम्हारों को भूमि का पट्टा भी दिया है। मगर कुम्हारों का मिट्टी के बर्तन बनाने से पलायन नहीं रोक पाए। इससे रासायनिक कचरे को बढ़ने का संबल मिला। हालात यह है कि रासायनिक कचरे नदियों और समुद्र के जल में घुल रहे हैं । जब तक हम प्लास्टिक प्रदूषण और स्टील के बर्तनों के प्रदूषण को शरीर में पहुंचाते रहेंगे, शरीर रुग्ण रहेंगे। बीमारियां बढ़ती रहेंगी। लाखों रुपये इलाज पर खर्च होते रहेंगे। हालात यह है कि माटी का स्वास्थ्य खराब हो रहा है। जिस तरह से हमारे अंदर प्राण है, उसी तरह से धरती में प्राणवायु है। पृथ्वी में एक विशेष गंध है। उसे सगंधा कहा गया है। वह गंध अनेक जहरीले रसायनों से खराब हुई है। खेती करने की परंपरा को काफी पहले खाद से हटाकर वैज्ञानिकों ने किसानों को उर्वरकों की ओर ध्यान आकर्षित कराया था। फिर फसलों को कीट-पतंगों से बचाने के लिए रसायनों के छिड़काव के परामर्श आकाशवाणी और अन्य समाचार माध्यमों से प्रसारित किए गए। अब कृषि वैज्ञानिक ही कह रहे हैं कि रसायनों के प्रयोग से बचें। हम कह सकते हैं कि भारत की आदिकालीन कृषि परंपरा में रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों की दखल कराकर क्षेत्र को भारी नुकसान पहुंचाया गया है । इसकी भरपाई हाल-फिलहाल होती नहीं दिख रही है। प्राचीन साहित्य में खेती की विशद चर्चा है। हमारे ऋषियों ने कहा कि जरा भी असावधानी कृषि और पशुओं को नष्ट कर देती है। जीवन का आधारभूत तत्व पृथ्वी है। इसी पर सारे प्राणी जन्म लेते हैं।

## Social Media Corner

सच के हक में...



देशभर के अपने किसान भाई-बहनों के कल्याण से जुड़े हर संकल्प को पूरा करने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में गन्ना खरीद की कीमत में ऐतिहासिक बढ़ोतरी को मंजूरी दी गई है। इस कदम से हमारे करोड़ों गन्ना उत्पादक किसानों को लाभ होगा।

**(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'एक्स' पर पोस्ट)**



यूपी बोर्ड की 10वीं और 12वीं कक्षा की परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई-शुभकामनाएं! भरपूर आत्मविश्वास के साथ आप सभी इस परीक्षा रूपी उत्सव में प्रतिभाग करें और अपना सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयास करें। माँ सरस्वती की कृपा आपको प्राप्त हो। आप सभी को अपेक्षानुकूल परिणाम मिले, इस हेतु ढेरों मंगलकामनाएं! अम्ब विमल मति दे!

**(सीएम योगी आदित्यनाथ का 'एक्स' पर पोस्ट)**



झारखंड के युवा हेमंत सरकार द्वारा किए गए अन्याय को ना भूले हैं, ना भूलेंगे! जेएमएम-कांग्रेस-राजद ठगबंधन की भ्रष्ट सरकार ने 60-40 नियोजन नीति लागू कर स्थानीय युवाओं के रोजगार का हक छीना। बेरोजगारी भत्ता और घर के एक सदस्य को नौकरी देने के नाम पर युवाओं का शोषण करने वाली इस निकम्मी सरकार को राज्य की युवा शक्ति मुँहतोड़ जवाब देगी।

**(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी का 'एक्स' पर पोस्ट)**

# हिट विकेट हो गए कमलनाथ

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस नेता कमलनाथ को भाजपा ने हिट विकेट कर दिया । एक सप्ताह से कमलनाथ के भाजपा में जाने की खबरें सुर्खियां बन रही थीं। मगर भाजपा आलाकमान ने कमलनाथ के लिए पार्टी के दरवाजे नहीं खोले। चर्चा है कि मध्य प्रदेश भाजपा द्वारा कमलनाथ के भाजपा प्रवेश का विरोध किए जाने के कारण पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कमलनाथ के भाजपा प्रवेश के कार्यक्रम को टाल दिया। अब कमलनाथ के सुर भी बदले-बदले नजर आ रहे हैं। वह बोल रहे हैं कि मैं कभी भी कांग्रेस नहीं छोड़ सकता हूं। मैं जन्मजात कांग्रेसी हूं और रहूंगा। जबकि एक दिन पहले तक कमलनाथ के खासमखास सज्जन सिंह वर्मा ने खुलेआम कांग्रेस में कमलनाथ की उपेक्षा करने का आरोप लगाते हुए उनके भाजपा में शामिल होने की पुष्टि की थी। मगर अब सज्जन वर्मा भी अपने बयानों से पलटते नजर आ रहे हैं। भाजपा में कमलनाथ को शामिल करने को लेकर अंदर खाने विरोध के स्वर उठ रहे थे। भाजपा नेता तेजिंदर सिंह बग्गा का कहना है कि कमलनाथ सिख विरोधी दंगों के अगुवा रहे हैं। उन पर सिखों की हत्या करने के आरोप हैं। ऐसे व्यक्ति को भाजपा में शामिल नहीं करना चाहिए। हालांकि कमलनाथ हमेशा ऐसे आरोपों को नकारते रहे हैं। सभी तरह की जांच में उन्हें क्लीनचिट भी मिल चुकी है। मगर सिख समाज के मन में आज भी कमलनाथ को लेकर नकारात्मक भावना बनी हुई है। ऐसे में भाजपा कमलनाथ को पार्टी में शामिल कर सिख मतदाताओं को नाराज नहीं करना चाहती है। हालांकि तेजिंदर सिंह बग्गा का कहना है कि यदि कमलनाथ के सांसद बेटे नकुलनाथ भाजपा में शामिल होते हैं तो उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। क्योंकि नकुलनाथ ने सिख विरोधी कोई काम नहीं किया है। कमलनाथ कांग्रेस में सबसे वरिष्ठ नेता माने जाते हैं। संजय गांधी के दून स्कूल के दिनों के साथी कमलनाथ को 1980 के पहले लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने उन्हें अपना तीसरा बेटा कहकर चुनाव जीतवाने की अपील की थी। 1980 में मध्य प्रदेश के आदिवासी बहुल छिंदवाड़ा से पहली बार चुनाव जीतने के बाद कमलनाथ ने कभी राजनीति में पीछे मुड़कर नहीं देखा। वह लगातार सफलता की सीढ़ी चढ़ते गए। कांग्रेस की केन्द्र सरकार में वह कई बार मंत्री, संगठन में पदाधिकारी, मध्य प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष व मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री बनाए गए। मगर 2023 में कांग्रेस के मध्य प्रदेश विधानसभा का चुनाव हारने के बाद पार्टी में उन्हें हाशिये पर धकेल दिया गया। उन्हें बिना पूछे ही प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष से हटा दिया गया। इतना ही नहीं उनके विरोधी रहे जीतू पटवारी को उनके स्थान पर मध्य प्रदेश कांग्रेस का अध्यक्ष व उमंग सिंघार को विधायक दल का नेता बना दिया गया। इससे कमलनाथ को बड़ा झटका लगा था और तभी से वह कांग्रेस छोड़कर भाजपा में अपने प्रवेश की जुगत लगाने लगे थे। हालांकि अब कमलनाथ ने साफ कर दिया है कि वह कांग्रेस छोड़कर कहीं नहीं जा रहे हैं। राहुल गांधी की न्याय यात्रा में भी वह शामिल होंगे। अगले लोकसभा चुनाव में पार्टी के सभी 29 सीटों पर प्रत्याशियों को जितवाने के लिए पूरी मेहनत करेंगे। मगर राजनीति के जानकारों का कहना है कि यह कमलनाथ की खिसियाहट मिटाने का एक तरीका है। कमलनाथ को पता है कि भाजपा में शामिल नहीं होने के कारण पार्टी नेतृत्व के समक्ष उनकी छवि संदिग्ध की बन चुकी है। कांग्रेस आलाकमान को पता है कि जब भी मौका मिलेगा कमलनाथ कांग्रेस को अलविदा कह देंगे। इसलिए कांग्रेस आलाकमान उनको लेकर हमेशा सतर्क रहेगा और आगे उन्हें ऐसी कोई बड़ी जिम्मेदारी भी नहीं दी जाएगी जिस से उनके पार्टी छोड़ने पर पार्टी की छवि खराब हो। कमलनाथ जैसे वरिष्ठ नेता द्वारा पिछले एक सप्ताह से जिस तरह का राजनीतिक ड्रामा किया गया, उसकी किसी को उम्मीद नहीं थी। कमलनाथ की छवि एक गंभीर और सुलझे हुए नेता की मानी जाती रही है। ऐसे में भाजपा में शामिल होने को लेकर अफवाहों का जो दौर देखने को मिला उससे उनकी छवि तो खराब हुई है।

# बहुत याद आएंगे अमीन सयानी

विश्व में हिंदी के लोकप्रिय रेडियो उद्घोषक अमीन सयानी अब नहीं रहे। अपनी आवाज में यादों का सागर छोड़ कर उन्होंने विदा ले ली है। उन्होंने पूरे भारतीय उपमहाद्वीप में प्रसिद्धि और लोकप्रियता हासिल की जब उन्होंने रेडियो सीलोन के प्रसारण पर अपने बिनाका गीतमाला कार्यक्रम को प्रस्तुत किया। वह आज भी सर्वाधिक अनुकरणीय उद्घोषकों में से एक थे। पारंपरिक भाइयों और बहनोंङ्क के विपरीत भीड़ को बहनों और भाइयों के साथ संबोधित करने की उनकी शैली को अभी भी एक मधुर स्पर्श के साथ एक घोषणा के रूप में माना जाता है। अमीन सयानी वस्तुत हिंदी भाषा के लिए एक ऐसी अमूल्य निधि हैं जिनको सदैव याद किया जाएगा। हिंदी में आवाज के इस जादूगर ने 1951 से अब तक 54,000 से अधिक रेडियो कार्यक्रमों और 19,000 स्पॉट/जिंगल्स का निर्माण, संचालन (या भाषण) किया है। अमीन सयानी को उनके भाई हामिद सयानी ने ऑल इंडिया रेडियो, बॉम्बे से परिचित कराया था। अमीन ने वहां दस वर्षों तक अंग्रेजी कार्यक्रमों में भाग लिया। बाद में, उन्होंने भारत में ऑल इंडिया रेडियो को लोकप्रिय बनाने में मदद की। सयानी वर्षों तक भूत बंगला, टीन डेवियन ,बॉक्सर और कत्ल जैसी विभिन्न फिल्मों का भी हिस्सा रहे। इन सभी फिल्मों में वह किसी न किसी कार्यक्रम में उद्घोषक की भूमिका में नजर आये। अमीन सयानी ने महात्मा गांधी के निर्देशों के तहत नव-साक्षरों के लिए एक पाक्षिक पत्रिका के संपादन, प्रकाशन और मुद्रण में अपनी मां कुलसुम सयानी की सहायता की । पाक्षिक, रहबर (1940 से 1960), एक साथ देवनागरी (हिंदी), उर्दू और गुजराती लिपियों में प्रकाशित हुआ था - लेकिन सभी गांधी द्वारा प्रचारित सरल हिंदुस्तानी भाषा में। यह सरल संचार का आधार था जिसने उन्हें व्यावसायिक प्रसारण के अपने लंबे करियर में मदद की और 2007 में नई दिल्ली के प्रतिष्ठित हिंदी भवन द्वारा उन्हें हिंदी रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उनके बारे में एक कम ज्ञात तथ्य यह है कि उन्होंने 1960-62 के दौरान टाटा ऑयल मिल्स लिमिटेड के विपणन विभाग में ब्रांड एक्जीक्यूटिव के रूप में काम किया था - मुख्य रूप से उनके टॉयलेट साबुनः हमाम और जय की देखभाल करते थे।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222, Jharkhand And Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. R.N.I Number - JHABIL/2022/85899 Editor- Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# रिलायंस आईआईटीएस मिलकर बनाएगी देसी एआई चैटबॉट हनुमान

## - कंपनी देश के 8 आईआईटीएस के कंसोर्टियम के साथ मिलकर कर रही है तैयार

**नई दिल्ली ।**

भारत के कारोबारी प्रमुख और रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी अगले महीने चैटबॉट के जैसा एआई चैटबॉट 'हनुमान' को लॉन्च करने वाले हैं। इसे तैयार करने के लिए कंपनी देश के 8 आईआईटीएस का कंसोर्टियम के साथ मिलकर तैयार कर रही है। आर्टिफिशियल इटेलिजेंस सेक्टर में भारत के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि साबित करने जैसा होगा। रिलायंस इंडस्ट्रीज और देश के 8 आईआईटी द्वारा समर्थित भारतजीपीटी ग्रुप ने मुंबई में एक टेक्नोलॉजी कॉन्फ्रेंस के दौरान ये एआई चैटबॉट की झलक दिखाई। इस कॉन्फ्रेंस के दौरान एक वीडियो में दक्षिण भारत में एक मोटरसाइकिल मैकेनिक ने तमिल भाषा में एआई बॉट से बात की। इसके अलावा, एक बैंकर ने हिंदी में बॉट से बातचीत की और एक हैदराबाद के डेवलपर ने कंप्यूटर कोड लिखने के लिए इस बॉट का इस्तेमाल किया। एक रिपोर्ट के अनुसार इस एआई मॉडल को हनुमान नाम दिया गया है। अगर यह मॉडल सफल रहा तो भारत के लिए यह एआई की दुनिया में एक मील का पत्थर साबित होगा। आईआईटी बॉम्बे के कंप्यूटर विज्ञान और एक इंजीनियर ने बताया कि यह एक लार्ज लैंग्वेज मॉडल है। भारत जीपीटी का यह मॉडल हेल्थ केयर, गवर्नेंस, फाइनेंशियल सर्विसेज और एजुकेशन जैसे चार मुख्य क्षेत्रों में 11 स्थानीय भाषाओं में काम करेगा। इसके अलावा, हनुमान के पास स्पीच-टू-टेक्स्ट कैपेबिलिटी भी होगी। उन्होंने कहा कि रिलायंस जियो स्पेसिफिक यूजर्स के लिए कस्टमाइज्ड मॉडल्स बनाएगा। इस मॉडल को तैयार करने में आईआईटी मुंबई भी शामिल है। इसमें वायरलेस कैरियर रिलायंस जियो इंफोकॉम लिमिटेड और भारत सरकार का भी समर्थन प्राप्त है।

# मेटल शेयरों में तेजी के साथ कारोबार

**मुंबई ।**

भारतीय शेयर बाजारों में गुरुवार को फिर जोरदार तेजी देखने को मिली। हालांकि रिकॉर्ड स्तरों पर पहुंचने के बाद मुनाफावसूली का दबाव देखने को मिला। गुरुवार के कारोबारी सत्र में मेटल शेयरों में अच्छी तेजी देखी गई। निफ्टी मेटल इंडेक्स करीब 2 फीसदी तक चढ़ गया. टाटा स्टील, जेएसडब्ल्यू स्टील, सेल और हिंडाल्को के शेयरों में अच्छा कारोबार देखने को मिला। दरअसल कोकिंग कोल की कीमतों में वृद्धि के बाद स्टील कंपनियों के शेयरों में तेजी देखने को मिली है। टाटा स्टील के शेयर में इंट्राडे में लगभग 3.7 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई, जबकि जेएसडब्ल्यू स्टील में 3.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई।

जेएसपीएल और सेल में भी क्रमशः 2 प्रतिशत से अधिक की बढ़त दर्ज की गई। कोकिंग कोयला एक प्रमुख कच्चा माल है जिसका उपयोग स्टील के निर्माण में किया जाता है। टाटा स्टील का शेयर 144 रुपये पर बंद हुआ है। बुधवार के कारोबारी सत्र में टाटा स्टील के शेयरों ने 146 रुपये के स्तर को छू लिया था। इस शेयर का रिकॉर्ड हाई 153 रुपये है। बाजार के जानकारों का कहना है कि टाटा स्टील के शेयरों में मध्यम अवधि में 170 रुपये के स्तर तक देखने को मिल सकते हैं।



# ब्लूस्मार्ट ने टाटा पावर के साथ बिजली खरीद पर किया समझौता




**मुंबई ।**

इलेक्ट्रिक मोबिलिटी राइड हेलिंग सेवा प्रदाता ब्लूस्मार्ट ने हरित ऊर्जा के स्रोत के लिए टाटा पावर के साथ एक बहुवर्षीय बिजली खरीद समझौता किया है। ब्लूस्मार्ट ने एक बयान में कहा कि बिजली खरीद समझौते (पीपीए) के तहत टाटा पावर ट्रेडिंग कंपनी लिमिटेड (टीपीटीसीएल) द्वारा राजस्थान के बीकानेर जिले में टाटा पावर के 200 मेगावाट के सौर पीवी बिजली संयंत्र से 30 मेगावाट क्षमता प्राप्त की जाएगी। ब्लूस्मार्ट के एक वे रिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हम बड़े पैमाने पर गतिशीलता को पूरी तरह से कार्बन मुक्त करने का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं।हम अपने ईवी चार्जिंग बुनियादी ढांचे को 100 प्रतिशत स्वच्छ बिजली के साथ शक्ति प्रदान करते हैं। इस दिशा में टाटा पावर के साथ अपने गठबंधन को और मजबूत करने के लिए उत्साहित हैं। टीपीटीसीएल के अे धिकारी ने कहा कि ब्लूस्मार्ट के साथ हमारी साझेदारी उन्हें देश में कार्बन मुक्त गतिशीलता लाने में मदद करेगी। हम अपने टिकाऊ, अभिनव और किफायती ऊर्जा समाधानों के जरिए अपने नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्यों को प्राप्त करने में कई उद्योगों का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। बता दें कि ब्लूस्मार्ट करीब 6,000 ईवी संचालित करती है। यह दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) और बेंगलुरु में अपने 35 ईवी चार्जिंग हब में 4,000 ईवी चार्जर का स्वामित्व तथा संचालन भी करती है।

# किसानों को दलहन और तिलहन की उपज बढ़ानी होगी: नीति आयोग



**नई दिल्ली ।**

नीति आयोग की एक नई रिपोर्ट में बताया गया है कि किसानों को जल्द से जल्द गेहूं और चावल के बजाय दलहन और तिलहन की खेती बढ़ानी पड़ेगी। रिपोर्ट कहती है कि 2047-48 तक देश में दलहन-तिलहन की मांग उपज से ज्यादा हो जाएगी और उसे काबू में करने के लिए गेहूं-चावल उगाने वाले किसानों को इन फसलों का रुख करना पड़ेगा। कृषि में मांग और आपूर्ति अनुमान पर कार्य समूह की यह रिपोर्ट जारी की गई है, जिसके मुताबिक सामान्य स्थिति में 2047-48 तक भारत में दलहन का उत्पादन बढ़कर 4.7 करोड़ टन हो जाएगा, जो 2019-20 में करीब 2.3 करोड़ टन था। मगर इस दौरान मांग बढ़कर तकरीबन 4.9 करोड़ टन हो जाएगी, जिस हिसाब से करीब 20 लाख टन दलहन की कमी होगी। रिपोर्ट में कहा गया है` कि दलहन की मौजूदा उपज मांग को पूरा करने के लिए काफी नहीं है। अगर इसका रकबा और उत्पादन नहीं बढ़ा तो यह अंतर आगे भी बना रह सकता है। खाद्य तेलों के मामले में भी स्थिति ऐसी ही है। रिपोर्ट के अनुसार 2047-48 तक तिलहन की मांग बढ़कर 3.1 करोड़ टन हो जाएगी, जो 2019-20 में 2.2 करोड़ टन थी। लेकिन इस दौरान खाद्य तेलों का उत्पादन 2019-20 के 1.2 करोड़ टन से बढ़कर करीब 2.4 करोड़ टन ही हो पाएगा। ऐसे में मांग और आपूर्ति के बीच करीब 70 लाख टन का अंतर आ जाएगा। तिलहन की पैदावार बढ़ाई गई और दूसरे स्रोतों से उत्पादन भी बढ़ा तो निकट भविष्य में यह अंतर कम किया जा सकता है और आगे जाकर हम इस क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन सकते हैं। इसके विपरीत चावल की मांग 2030-31 में 11 करोड़ टन और 2047-48 में 11.4 करोड़ टन होने का अनुमान है, जबकि सामान्य स्थिति में इसका उत्पादन 2030-31 में 14.5 करोड़ टन और 2047-48 में 15.4 करोड़ टन रहने के आसार हैं। गेहूं का उत्पादन भी भविष्य की मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त होने की उम्मीद है। इतना ही नहीं 2030-31 में 1.9 से 2.6 करोड़ टन और 2047-48 में 4 से 6.7 करोड़ टन गेहूं अधिशेष भी रह सकता है यानी जरूरतें पूरी होने के बाद भी देश में इतना गेहूं बचा रहेगा।

# गन्ने का एफआरपी बढ़ाने के बाद चीनी कंपनियों के शेयरों में गिरावट

**नई दिल्ली ।**

केंद्र सरकार के 2024-25 सत्र के लिए गन्ने का उचित व लाभकारी मूल्य (एफआरपी) 25 रुपये बढ़ाकर 340 रुपये प्रति क्विंटल करने के एक दिन बाद गुरुवार को शुरुआती कारोबार में चीनी कंपनियों के शेयर में तीन प्रतिशत तक की गिरावट देखी गई। बीएसई पर सूचीबद्ध राणा शुगर्स का शेयर 3.21 प्रतिशत गिरकर 25.35 रुपये पर, मवाना शुगर्स का शेयर 2.81 प्रतिशत गिरकर 101.70 रुपये पर, राजश्री शुगर्स एंड केमिकल्स का शेयर 2.50 प्रतिशत गिरकर 72.62 रुपये पर, श्री रेणुका शुगर्स का शेयर 2.41 प्रतिशत गिरकर 48.50 रुपये पर, केसीपी शुगर एंड इंडस्ट्रीज का शेयर 2.20 प्रतिशत गिरकर 40.87 रुपये पर और ईआईडी पैरी (इंडिया) का शेयर 1.57 प्रतिशत गिरकर 629.20 रुपये पर आ गया। डालमिया भारत शुगर एंड इंडस्ट्रीज का शेयर 1.15 प्रतिशत की गिरावट के साथ 403.15 रुपये प्रति शेयर पर, बलरामपुर चीनी मिल्स का शेयर 1.12 प्रतिशत गिरकर 376.50 रुपये पर, धामपुर शुगर मिल्स 0.96 प्रतिशत की गिरावट के साथ 248 रुपये पर और त्रिवेणी इंजीनियरिंग एंड इंडस्ट्रीज 0.76 प्रतिशत की गिरावट के साथ 347.80 रुपये प्रति शेयर पर आ गया। सरकार ने बुधवार को 2024-25 सत्र के लिए गन्ने का उचित व लाभकारी मूल्य (एफआरपी) 25 रुपये बढ़ाकर 340 रुपये प्रति क्विंटल करने की मंजूरी दे दी थी दी। गन्ने का नया सत्र अक्टूबर से शुरू होता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के 2014 में सत्ता में आने के बाद यह अब तक की सबसे बड़ी एफआरपी है।

## जापान का सूचकांक निक्की सर्वकालिक उच्च स्तर पर




**तोक्यो।** जापान का सूचकांक निक्की 225 गुरुवार को 1989 में बनाए गए रिकॉर्ड को तोड़ते हुए 39,098.68 अंक पर बंद हुआ। इसके साथ ही सूचकांक 34 साल के उच्चतम स्तर को पार कर गया। 29 दिसंबर 1989 को यह 38,915.87 पर पहुंच गया था। सूचकांक गुरुवार को 2.2 प्रतिशत बढ़कर 39,098.68 अंक पर बंद हुआ। जापान की अर्थव्यवस्था 2011 में भीषण भूकंप, सुनामी और पूर्वोत्तर जापान में फुकुशिमा दाई-इची परमाणु ऊर्जा संयंत्र में नुकसान के बाद से काफी चरमराई। हालांकि हाल के महीनों में बाजार में तेज बढ़त दर्ज की गई, जिसे विदेशी निवेशकों की मजबूत रुचि से काफी बल मिला है।



## ब्राजील से किया 3 हजार टन उड़द का अतिरिक्त आयात, भाव कम हुए

**जयपुर ।** उड़द के भाव कम हो गए हैं। इसकी वजह ब्राजील से उड़द का अतिरिक्त आयात होना बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार जयपुर मंडी में दिवाली से पूर्व साबुत उड़द का भाव 108 रुपए प्रति किलो था, जो कि वर्तमान में घटकर 95 रुपए प्रति किलो के आसपास रह गया है। सियाराम ब्रोकर्स के कांति कुमार ने बताया कि उड़द मोगर 115 से 125 रुपए तथा उड़द छिलका दाल 118 रुपए प्रति किलो थोक में बेची जा रही है। बताया जा रहा है कि केन्द्र सरकार ने ब्राजील से 3 हजार टन अतिरिक्त उड़द का आयात किया है। यह मात्रा पहले से इंपोर्ट की जा रही 20 हजार टन उड़द के अतिरिक्त है। आपको बता दें कि देश में उत्पादन में गिरावट आने की आशंका के मद्देनजर सरकार ने बीते नवंबर माह के दौरान ब्राजील के किसानों और कारोबारियों से अरहर एवं उड़द ज्यादा उगाने का अनुरोध किया था। ताकि उत्पादन के स्रोतों में बढ़ोतरी हो सके। इस बीच ब्राजील से 3 हजार टन उड़द भारत पहुंच चुका है। इसके अतिरिक्त आयात किए जाने वाला 20 हजार टन उड़द इस साल भारत पहुंच जाएगा। हालांकि केन्द्र सरकार ब्राजील से इंपोर्ट बढ़ाने पर भी विचार कर रही है। भारत ने पिछले साल 3.1 मिलियन टन दालों का आयात किया था। इसमें आधे से ज्यादा मात्रा मसूर दाल की थी। बता दें कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा दाल उत्पादक देश है। इसके बावजूद खपत अधिक होने के कारण भारत को अरहर, मसूर और उड़द दाल का आस्ट्रेलिया, कनाड़ा, रूस, म्यांमार, मोजाम्बिक, तंजानिया, सूडान एवं मालावी से आयात करना पड़ता है। हालांकि भारत में वर्ष 2011 से डिमांड और सप्लाई के अंतर में कुछ सुधार आया है। मगर इसके बावजूद हर साल करीब तीन मिलियन टन दालों का आयात करना पड़ता है।

## भारत ने रूसी तेल से बने पेट्रोलियम उत्पाद निर्यात किए

**नई दिल्ली ।** जी7 देशों को भारत की तरफ से निर्यात किए जाने वाले एक तिहाई पेट्रोलियम उत्पाद लगभग 6.65 अरब डॉलर रूसी कच्चे तेल से निकाले गए थे। एक यूरोपीय थिंक टैंक ने अपनी रिपोर्ट में इस बात का भी जिक्र किया है कि कैसे जी7 देशों ने प्रतिबंध लगाकर रूसी कच्चे तेल को खरीदने से परहेज किया, लेकिन तीसरे देश को उससे निकाले जाने वाले उत्पादों के निर्यात की अनुमति दे दी। रूस द्वारा यूक्रेन पर आक्रमण के बाद उसको दंडित करने के लिहाज से तेल खरीद पर प्रतिबंध के साथ ही विकसित देशों ने मूल्य सीमा जैसे कदम उठाए थे। फिनलैंड की सेंटर फार रिसर्च आन एनर्जी एंड क्लीन एयर ने कहा कि पेट्रोलियम उत्पादों का सबसे ज्यादा निर्यात रिलायंस इंडस्ट्रीज की जामनगर रिफाइनरी से किया गया। यहां से यूरोपीय देशों को 5.2 अरब डॉलर के पेट्रोलियम उत्पाद निर्यात किए गए। भारत ने पेट्रोलियम उत्पादों को निकालने के लिए 3.02 अरब यूरो का रूसी कच्चा तेल आयात किया। अकेले अमेरिका को 1.2 अरब यूरो के पेट्रोलियम उत्पादों का आयात किया। इन पेट्रोलियम उत्पादों को बनाने के लिए 73.3 करोड़ डॉलर का रूसी कच्चा तेल आयात किया गया।

## उसना चावल पर जारी रहेगा 20 प्रतिशत निर्यात शुल्क: सरकार

**नई दिल्ली ।** केंद्र सरकार ने बुधवार को कहा कि उसना चावल के निर्यात पर 20 प्रतिशत शुल्क 31 मार्च के बाद भी जारी रहेगा। स्थानीय स्तर पर पर्याप्त भंडारण और घरेलू कीमतों को नियंत्रित रखने के लिए 25 अगस्त, 2023 से 16 अक्टूबर, 2023 तक उसना चावल पर 20 प्रतिशत निर्यात शुल्क लगाया गया था। हालांकि बाद में इसे 31 मार्च 2024 तक के लिए बढ़ा दिया गया था। वित्त मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा कि 20 प्रतिशत निर्यात शुल्क बिना किसी अंतिम तिथि के 31 मार्च के बाद भी जारी रहेगा। इसके अलावा पीली मटर का शुल्क-मुक्त आयात 31 मार्च के बाद भी जारी रहेगा बशर्ते कि उसका बिल 30 अप्रैल, 2024 या इससे पहले जारी किया गया हो।

## स्पाइसजेट ने अतिरिक्त 316 करोड़ हासिल किए

**मुंबई ।** विमानन कंपनी स्पाइसजेट ने 316 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि जुटा ली है, जिससे शेयर निर्गम के जरिए उसकी कुल जुटाई गई धनराशि 1,060 करोड़ रुपये हो गई है। संघर्षरत एयरलाइन में ताजा पूंजी निवेश हाल ही में अपने कार्यबल में 10 से 15 प्रतिशत की कटौती की घोषणा के बीच आया है। कंपनी ने बताया` कि स्पाइसजेट के निदेशक मंडल की तरजीही आवंटन समिति ने 21 फरवरी 2024 को एरीज़ अपॉर्चुनिटीज फंड लिमिटेड सहित दो निवेशकों को तरजीही आधार पर 4.01 करोड़ इक्विटी शेयर के आवंटन को मंजूरी दे दी। स्पाइसजेट के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक अजय सिंह ने कहा कि कंपनी ने कुल 1,060 करोड़ रुपये का निवेश जुटाया है। यह महत्वपूर्ण पूंजी निवेश स्पाइसजेट की विकास संभावनाओं में निवेशकों के विश्वास की पुष्टि करता है और भविष्य के लिए हमारी वित्तीय स्थिति को मजबूत करता है। उन्होंने कहा कि अतिरिक्त वित्त पोषण से स्पाइसजेट को अपनी विस्तार योजनाओं को आगे बढ़ाने और अपनी परिचालन क्षमताओं को बढ़ाने में मदद मिलेगी। विमान बेड़े की जानकारी रखने वाली एक वेबसाइट के अनुसार 21 फरवरी तक एयरलाइन के 65 विमान बेड़े में से केवल 35 विमान सेवा में थे।




# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

## सेंसेक्स 535 , निफ्टी 162 अंक बढ़ा

**मुम्बई ।**

घरेलू शेयर बाजार गुरुवार को बढ़त पर बंद हुआ। बाजार में ये तेजी दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के बाद भी खरीददारी हावी रहने से आई है। आज कारोबार के दौरान आईटी के साथ ही धातु और आईटीसी के शेयरों में उछाल से भी बाजार ऊपर आया। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 0.74 फीसदी करीब 535.15 अंक बढ़कर 73,158.24 पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 162.40 अंक तकरीबन 0.74 फीसदी ऊपर आकर 22,217.45 अंक के स्तर पर बंद हुआ। आज कारोबार के दौरान

सेंसेक्स की कंपनियों में एचसीएल टेक का शेयर सबसे ज्यादा 3.12 फीसदी बढ़कर बंद हुआ। इसके अलावा आईटीसी का शेयर भी 2.73 फीसदी ऊपर आकर बंद हुआ। इसके अलावा टीसीएस , टेक महिंद्रा, विप्रो, इन्फोसिस जैसे आईटी शेयर भी आज सुधार के साथ बंद हुए। दूसरी ओर इंडसइंड बैंक का शेयर सबसे ज्यादा टटा। इसके अलावा एचडीएफ़सी बैंक, कोटक बैंक, एसबीआई, बजाज फाइनेंस और जेएसडब्ल्यू स्टील के शेयर भी नीचे आये।आज बाजार शुरुआती गिरावट से उबरने में कामयाब रहा और लाभ के साथ बंद हुआ। इससे पहले आज सुबह वैश्विक बाजारों से मिले खराब संकेतों से बाजारों में गिरावट दर्ज की गयी। सुबह सेंसेक्स और निफ्टी में मामूली गिरावट देखने को मिल रही है लेकिन बैंक निफ्टी करीब 100 अंक नीचे गिरकर कारोबार करता हुआ दिखाई दिया। सेक्टोरल इंडेक्स में निफ्टी आईटी में मजबूत कारोबार होता हुआ नजर आया। सेंसेक्स 45 अंक नीचे 72,578 पर शुरुआती कारोबार कर रहा है। वहीं निफ्टी 3 अंक नीचे 22,052 के स्तर पर था।

बैंक निफ्टी भी 65 अंक गिरकर 46,953 पर शुरुआती कारोबार कर रहा था।




# पेटीएम के शेयर एक हफ्ते में 22 फीसदी चढ़ें

## - पेटीएम का शेयर 395.05 के मुकाबले 400.00 रुपये के भाव पर खुला

**मुंबई ।**

घरेलू शेयर बाजार में लगातार 7वें कारोबारी सत्र में चल रही गिरावट के बीच पेटीएम के शेयर में तेजी देखने को मिली। बुधवार को शेयर 395.05 रुपये के मुकाबले 400.00 रुपये के भाव पर खुला। इसके बाद शेयर 402 रुपये के भाव पर पहुंच गया। एक नई रिपोर्ट के अनुसार 600 रुपये के लक्ष्य मूल्य के साथ पेटीएम अपनी आउटपरफॉर्म रेटिंग बनाए रख रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक पेटीएम पर हुई सख्त कार्रवाई असर अब कम होता` दिखाई दे रहा है। शेयरों में तेजी देखी जा रही है। रिपोर्ट की मानें तो आरबीआई की कार्रवाई पेटीएम पेमेंट्स बैंक तक ही सीमित है। इस कार्रवाई का कंपनी के पूरे कारोबार पर असर होने की संभावना कम या नहीं के बराबर है। कंपनी के पेटीएम पेमेंट बैंक के वॉलेट और फास्टैग जैसे प्रोडक्ट में गिरावट के साथ, ब्रोकरेज का अनुमान है कि पेमेंट जीएमवी में 5 फीसदी की गिरावट होगी और मार्जिन पर वर्तमान में 0.09 फीसदी 0.04 फीसदी का सबसे खराब असर होगा। पेटीएम के शेयरों में एक बार फिर से तेजी लौट आई है। इस तेजी के पीछे एक- दो नहीं बल्कि कई वजह है। इसमें आरबीआई द्वारा पेटीएम पेमेंट्स बैंक को 15 दिन की मोहलत देना। पेटीएम के आला अधिकारियों द्वारा हाल में दिए गए पॉजिटिव बयान शामिल है। इसके अलावा पिछले सप्ताह ईडी ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक द्वारा किए गए वैश्विक ट्रांजेक्शन की जांच करने की घोषणा की थी। ईडी द्वारा शुरू की गई संभावित विदेशी मुद्रा उल्लंघन की जांच में किसी तरह की गड़बड़ी का पता नहीं चला है। पेटीएम ने 16 फरवरी को अपना मुख्य खाता पेटीएम पेमेंट्स बैंक से हटाकर एक्सिस बैंक में ट्रांसफर कर दिया है। हाल ही हुए इन घटनाक्रमों के कारण पेटीएम पर निवेशकों का विश्वास एक बार फिर से लौटता दिख रहा है। एक ब्रोकरेज फर्म ने पेटीएम को 600 रुपये प्रति शेयर के टारगेट प्राइस के साथ आउटपरफॉर्म रेटिंग दी है।




## एचसीएलटेक वैश्विक सेमीकंडक्टर नवाचार बढ़ाने इंटेल से कर रही साझेदारी

**नई दिल्ली ।**

एचसीएल टेक्नोलॉजीज (एचसीएलटेक) वैश्विक सेमीकंडक्टर नवाचार को बढ़ाने के लिए इंटेल फाउंड्री के साथ दीर्घकालिक सहयोग का विस्तार कर रही है। एक खबर के अनुसार यह साझेदारी एक मजबूत और विविध आपूर्ति श्रृंखला स्थापित करने के लिए इंटेल फाउंड्री की उन्नत प्रौद्योगिकी विनिर्माण क्षमताओं के साथ एचसीएलटेक की डिजाइन विशेषज्ञता को एक साथ लाती है, जो नवाचार तथा उत्कृष्टता के एक नए युग का प्रतीक है। इसका मकसद सेमीकंडक्टर निर्माताओं, प्रणाली ओईएम (मूल उपकरण निर्माताओं) और क्लाउड सेवा प्रदाताओं के लिए अनुकूलित सिलिकॉन समाधान विकसित करना है। एचसीएलटेक के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इंटेल फाउंड्री की उन्नत प्रौद्योगिकियां और विनिर्माण तथा उन्नत पैकेजिंग में सिलिकॉन-सत्यापित आईपी हमारे पारस्परिक ग्राहकों के लिए अभिनव, सुलभ व विविध समाधानों की हमारी आपूर्ति को मजबूत करते हैं। हम एक मजबूत तथा खुले परिवेश को बढ़ावा देने के लिए एचसीएलटेक के साथ अपने सहयोग को और मजबूत करने के लिए उत्साहित हैं।

# डब्ल्यूपीएल के शुरुआती मुकाबले में आज आमने-सामने होंगी मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स

**शाम 7.30 बजे से शुरु होगा मैच**

**बेंगलुरु ।**

महिला प्रीमियर लीग क्रिकेट (डब्यूपीएल) का दूसरा सत्र शुक्रवार से यहां शुरु होगा। इसमें पहला मुकाबला मुंबई इंडियंस और पिछली बार की उपविजेता दिल्ली कैपिटल्स के बीच होगा। पिछले साल डब्ल्यूपीएल का पहला टूर्नामेंट मुंबई में खेला गया था पर बार इसका आयोजन बेंगलुरु और नई दिल्ली में किया जा रहा है। मुंबई इंडियंस की कप्तानी हरमनप्रीत कौर जबकि दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान मेग लैनिंग करेंगी। लैनिंग इस बार भी अच्छा प्रदर्शन करने उतरेंगी। पिछले साल के शुरुआती सत्र में उन्होंने इस टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाए थे। वहीं मुंबई की गेंदबाज हेली मैथ्यूज ने सबसे अधिक 16 विकेट लिए थे। इस टूर्नामेंट में भारत सहित दुनिया भर की कई उभरती ओर अनुभवी खिलाड़ी खेलेंगी।

पहले सत्र में भारतीय खिलाड़ी इस टूर्नामेंट में उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाई थी, ऐसे में अब उनका लक्ष्य बेहतर प्रदर्शन रहेगा। जिन युवा भारतीय खिलाड़ियों पर सभी की नजरें रहेंगी। उनमें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की श्रेयंका पाटिल भी शामिल हैं। श्रेयंका ने पिछले 10 महीनों में अच्छा प्रदर्शन किया था। इसी कारण उन्हें अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण का अवसर भी मिला था। वहीं श्रेयंका के अलावा दिल्ली कैपिटल्स की उभरती खिलाड़ी टिटास साधु पर भी सभी की नजरें रहेंगी। पहले सत्र में उन्हें भी अवसर नहीं मिला था।

टिटासने एशियाई खेलों में भारत की तरफ से पदार्पण करते हुए शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ चार ओवर में छह रन देकर तीन विकेट लिए थे। वहीं ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुंबई में खेले गए टी20 मैच में साधु ने चार विकेट लेकर अपनी क्षमताएं दिखायी थीं। दिल्ली की टीम में एक अन्य युवा खिलाड़ी ऑफ स्पिनर मिन्नू मणि भी शामिल हैं। मणि भी डब्ल्यूपीएल में अपने को साबित करना चाहेंगी। मणि ने अभी तक भारत की ओर से चार टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं जिनमें उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया है। इसके अलावा युवा खिलाड़ियों के पास भी इस टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन कर भारतय टीम में जगह बनाने का अवसर रहेगा।

**दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं :**

**मुंबई इंडियंस :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), अमनजोत कौर, अमेलिया केर, क्लो ट्रायॉन, हेली मैथ्यूज, हुमैरा काजी, इस्सी वोंग, जिन्तिमनी कलिता, नट साइवर-ब्रंट, पूजा वस्त्राकर, प्रियंका बाला, सैका इशाक, यास्तिका भाटिया, शबनिम इस्माइल, एस सजना, अमनदीप कौर, फातिमा जाफर, कीर्तन बालाकृष्णन।

**दिल्ली कैपिटल्स :** मेग लैनिंग (कप्तान), जेमिमा रोड्रिग्स, लौरा हैरिस, शैफाली वर्मा, एलिस कैप्सी, एनाबेल सदरलैंड, अरुंधति रेड्डी, अश्विनी कुमारी, जेस जोनासेन, मारिज़ैन कैप, स्नेहा दीप्ति, मिन्नू मणि, राधा यादव, शिखा पांडे, अपर्णा मंडल , तानिया भाटिया, पूनम यादव, टिटास साधु।




## एंडरसन और वुड शायद ही चौथा टेस्ट खेलें : आकाश चोपड़ा

**रांच ।**

भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा का मानना है कि इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन और मार्क वुड रांची में शुक्रवार से भारतीय टीम के खिलाफ होने वाले चौथे टेस्ट मैच में शायद ही खेलेंगे। चोपड़ा ने कहा कि रांची की पिच काली मिट्टी की होने के कारण धीमी हो जाएगी। ऐसे में इससे तेज गेंदबाजों को सहायता नहीं मिलेगी। उन्होंने कहा, रांची की पिच काली मिट्टी वाली पिच है और यह धीमी होती रहती है। इस पिच में उछाल और गति नहीं है। इसलिए यहां तेज गेंदबाजों को ज्यादा सहायता नहीं मिलेगी। ऐसे में मुझे लगता है कि एंडरसन और वुड को शायद ही जगह मिले। इन हालातों में दो नए गेंदबाजों को अवसर मिल सकता है। चोपड़ा ने यह भी कहा कि अगर एंडरसन नहीं खेलते हैं तो तेज गेंदबाज ओली रॉबिन्सन को चौथे टेस्ट में अवसर मिल सकता है।उन्होंने कहा, अगर एंडरसन नहीं खेलते हैं, तो रॉबिन्सन खेल सकते हैं क्योंकि वह बहुत अच्छे गेंदबाज हैं। इसके अलावा गस एटकिंसन भी इस टीम में शामिल हैं उन्हें वुड की जगह शामिल किया जा सकता है। वे इस मैच में स्पिनर शोएब बशीर को भी शामिल कर सकता है। मुझे लगता है कि स्पिन आक्रमण इस मैच में हावी रहेगा।

# भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट में जीत के साथ ही सीरीज अपने नाम करने उतरेगी

**सुबह 9.30 बजे शुरू होगा**

**रांची ।**

भारतीय क्रिकेट टीम शुक्रवार से यहां इंग्लैंड के खिलाफ शुरु हो रहे चौथे क्रिकेट टेस्ट मैच को जीतकर पांच मैचों की ये सीरीज अपने नाम करने उतरेगी। भारतीय टीम अभी इस सीरीज में 2-1 से आगे है। भारतीय टीम के बल्लेबाज और गेंदबाज अभी अच्छे फार्म में है, ऐसे में उसके पास इस मैच में जीत के अच्छे अवसर हैं। वहीं दूसरी ओर मेहमान टीम इंग्लैंड के बल्लेबाज और गेंदबाज लय में नहीं हैं, ऐसे में उसके ऊपर इस मैच में दबाव रहेगा। यहां की पिच से स्पिनरों को सहायता मिल सकती है। ऐसे में दोनो ही टीमें अपने-अपने मुख्य तेज गेंदबाजों को आराम दे सकती हैं

भारतीय टीम ने इस मैच में मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को आराम दिया गया है। उनकी जगह युवा आकाश दीप या मुकेश मुकार में से किसी एक को अवसर मिल सकता है। वहीं इंग्लैंड ने तेज गेंदबाज मार्क वुड को आराम दिया है। उनकी जगह ऑली रोबिंसन को शामिल किया है।

भारत अभी सीरीज में 2-1 से आगे चल रहा है और उसकी नजरें इस मैच में जीत के साथ ही घरेलू मैदान पर लगातार 17वीं सीरीज जीतने पर लगी रहेंगी। इससे पहले साल 2012 में एलिस्टर कुक की कप्तानी वाली इंग्लैंड की टीम से मिली हार के बाद से ही भारतीय टीम ने अपनी धरती पर अच्छा प्रदर्शन करते हुए 47 टेस्ट मैचों में से 38 में जीत हासिल की थी। विराट कोहली और केएल राहुल के बाहर होने के बाद भी भारतीय बल्लेबाज काफी मजबूत है। कप्तान रोहित शर्मा, शुभमन गिल ,यशस्वी जायसवाल शानदार फार्म में हैं। यशस्वी ने पिछले मैच में दोहरा शतक लगाया था। ऑलराउंडर रविन्द्र जडेज गेंद और बल्ले से अबतक शानदार रहे हैं। इसके अलावा युवा सरफराज खान ओर ध्रुव जुरेल ने भी अबतक अच्छा प्रदर्शन किया है। वहीं दूसरी ओर इंग्लैंड टीम के प्रमुख बल्लेबाज जो रुट अब तक नाकाम रहे हैं। ऑल पोप और बेन डकेट ही सीरीज में एक-एक शतक लगा पाये हैं। टीम की तेज गेंदबाजी अच्छी है पर उसके स्पिन भारतयीय स्पिनरों जितने अनुभवी नहीं हैं।




**दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं-**

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), यशवी जयसवाल, शुबमन गिल, रजत पाटीदार या देवदत्त पडिक्कल, सरफराज खान, रवींद्र जड़ेजा, कुलदीप यादव, आर अश्विन, आकाश दीप याह मुकेश कुमार मोहम्मद सिराज।

**इंग्लैंड टीम:** बेन स्टोक्स (कप्तान), जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, जॉनी बेयरस्टो, बेन फॉक्स, टॉम हार्टले, जेम्स एंडरसन, ओली रॉबिन्सन, शोएब बशीर।

# सचिन ने कश्मीर में युवाओं के साथ क्रिकेट खेला

**श्रीनगर।**

महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर आजकल अपने परिवार के साथ कश्मीर घाटी के दौरे पर हैं। इस दौरान सचिन ने बर्फबारी का आनंद लेने के साथ ही स्थानीय युवकों के साथ क्रिकेट भी खेला जिसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर आया है। इसमें सचिन उरी में कुछ स्थानीय युवकों के साथ सड़क किनारे क्रिकेट खेलते हुए दिख रहे हैं। इस दौरान ये युवा सचिन के फुटवर्क और उनके शॉट लगाने के तरीके को देखते नजर आये। तेंदुलकर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर इस वीडियो को साझा करते हुए लिखा क्रिकेट और कश्मीर, स्वर्ग में एक मैच।वहीं कुछ दिन पहले ही उन्होंने श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर चुर्सू में एक क्रिकेट बैट निर्माण इकाई का भी दौरा किया था। तेंदुलकर ने विनिर्माण इकाई में एक घंटा बिताया और प्रशंसकों के एक छोटे समूह से बातचीत की। उन्होंने उन्हें दिए गए पहले बल्ले को याद करते हुए इंस्टाग्राम पर एक वीडियो भी पोस्ट किया। उन्होंने लिखा, मुझे पहला बल्ला मेरी बहन ने दिया था और वह कश्मीर विलो बल्ला था। अब मैं यहां हूं तो कश्मीर विलो को तो मिलना बनता है।

सचिन ने उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर आखिरी बिंदु अमन सेतु पुल का दौरा किया और जवानों से बात की। अधिकारियों ने बताया कि लगभग एक घंटे तक चली अपनी यात्रा के दौरान तेंदुलकर ने अमन सेतु के पास कमान पोस्ट पर सैनिकों से बातचीत की। इसके अलावा वह दक्षिण कश्मीर के पहलगाम पर्यटन स्थल भी पहुंचे। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक अन्य वीडियो में तेंदुलकर को एक उड़ान में अपने साथी यात्रियों से उत्साहित होकर बात करते हुए देखा गया। इस दौरान यात्रियों ने तालियां बजाईं और सचिन-सचिन के नारे लगाए। इसपर सचिन ने भी उनका अभिवादन किया।



# टर्निंग पिच से नहीं डरती इंग्लैंड टीम : ओली

## हमारे पास भी अच्छे स्पिनर

**रांची ।**

इंग्लैंड के उप कप्तान ओली पोप ने भारतीय टीम के खिलाफ शुक्रवार से यहां शुरु हो रहे चौथे क्रिकेट टेस्ट मैच से पहले कहा है कि वह टर्निंग पिच से नहीं डरते हैं। ओली के अनुसार उनकी टीम के पास भी काफी अच्छे स्पिनर हैं। उन्होंने कहा कि 'टर्न' लेती पिच से उनकी टीम को कोई परेशानी नहीं होगी क्योंकि इस मुकाबले में शुरू से ही स्पिनरों को सहायता मिलेगी जिससे मुकाबला बराबरी पर आ जाएगा। साथ ही कहा कि हैदराबाद, विशाखापत्तनम और राजकोट में 'स्पोर्टिंग पिच' होने के कारण स्पिनरों के साथ ही तेज गेंदबाजों ओर बल्लेबाजों को भी सहायता मिली थी। इस प्रकार की पिचें स्पिनरों के लिए ही नहीं सभी प्रकार के गेंदबाजों के लिए लिए लाभदायक होती हैं। साथ ही कहा, 'अगर यहां पहली ही गेंद से स्पिनरों को सहायता मिलती है तो इससे टॉस की भूमिका समाप्त हो जाएगी। इससे मैदान पर मुकाबला बराबरी पर आ जाता है। कई बार शुरू में विकेट सपाट होता है पर फिर यह खराब होने लगता है। इसी प्रकार के विकेट पर हमने पहले बल्लेबाजी करते हुए पहला टेस्ट जीता था। इसके बाद भारतीय टीम ने दूसरा और तीसरा टेस्ट जीता। साथ ही कहा कि अगर आप थोड़े सपाट विकेट पर पहले बल्लेबाजी करते हैं तो इससे परिणाम तय नहीं होता पर इससे आपको लाभ मिलता है।' पहले टेस्ट में इंग्लैंड की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले ओली का मानना है कि जिस विकेट पर अच्छा टर्न मिलेगा, इससे उनकी टीम को भी विकेट लेने का अवसर मिल जाएगा। साथ ही कहा, 'हम जैसी उम्मीद लगाए हैं, अगर यह थोड़ा इसी तरह व्यवहार करेगा तो हमें लाभ होगा। हमारे पास कुछ युवा स्पिनर हैं जिन्होंने कुछ अच्छी पिचों पर अच्छी गेंदबाजी की है। इससे हमारे लिए भी विकेट लेने के अवसर मिलेंगे।' ओली ने बल्लेबाजी के दौरान भारतीय स्पिनरों के खिलाफ स्वीप शॉट खेलकर स्पिनरों को प्रभावहीन कर दिया था। ओली ने कहा, 'अगर पिच स्पिन करेगी तो हमें और अधिक स्वीप शॉट और नए तरह के शॉट देखने को मिलेंगे। हमने देखा है कि भारतीय स्पिनर स्पिन लेती पिचों पर किस तरह का खतरा पैदा कर सकते हैं।

# गॉफ दुबई क्वार्टर फाइनल में पहुंची; स्वीयाटेक ने स्वितोलिना को पछाड़ा

**दुबई,**

विश्व नं. 3 अमेरिकी कोको गॉफ ने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए चेक गणराज्य की कैरोलिना प्लिस्कोवा को 2-6, 6-4, 6-3 से हराकर दुबई टेनिस चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।मौजूदा यूएस ओपन चैंपियन गॉफ ने 1 घंटे और 53 मिनट के खेल के बाद प्लिस्कोवा पर जीत हासिल की, और अपने आमने-सामने के मुकाबले में 2-1 से आगे हो गई। इस सप्ताह के डब्ल्यूटीए 1000 इवेंट में पहले से ही कम रैंक वाले विरोधियों द्वारा कई वरीय खिलाड़ियों को हराने के बाद ,गॉफ नवीनतम बड़े नाम वाली दुर्घटना बनने से बच गई क्योंकि वह एक रोलरकोस्टर लड़ाई के बाद क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई जिसने प्रशंसकों को अपनी सीटों पर बांधे रखा। गॉफ का अगला मुकाबला अन्ना कलिंस्काया से होगा, जिन्होंने बुधवार को 2022 दुबई चैंपियन और विश्व नंबर 9 जेलेना ओस्टापेन्का को 6-4, 7-5 से हराया। अन्य मुकाबले में, वर्ल्ड नंबर 1 इगा स्वीयाटेक ने बुधवार रात तीसरे राउंड में नंबर 15 सीड और दो बार की पूर्व चैंपियन एलिना स्वितोलिना को हराया। पोल स्टार ने अब अपने पिछले 26 मैचों में से 25 जीते हैं और शीर्ष 20 खिलाड़ियों के खिलाफ 13 मैचों की जीत की लय में है।इस महीने मध्य पूर्व में लगातार छह मैचों में अपनी जीत का सिलसिला जारी रखते हुए, स्वीयाटेक ने अपने यूक्रेनी प्रतिद्वंद्वी को सीधे सेटों में 6-1, 6-4 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया, जहां अब उसका सामना चीन की झेंग किनवेन से होगा। वर्ल्ड नंबर 7 झेंग ने अनस्तासिया पोटापोवा को सीधे सेटों में 6-3, 6-2 से हराकर अंतिम आठ में जगह पक्की की। उसने अब शीर्ष 20 से बाहर के खिलाड़ियों के खिलाफ अपने पिछले 27 मैचों में से 26 में जीत हासिल की है और पिछले सप्ताह लेयला फर्नांडीज से उसे एकमात्र हार मिली थी। जबकि स्वितोलिना ने 2017 और 2018 में यहां बैक-टू-बैक खिताब हासिल किए, स्वीयाटेक, झेंग और टूर्नामेंट में शेष छह खिलाड़ी - कोको गॉफ, सोराना क्रिस्टिया, मार्केटा वोंद्रोसोवा, एलेना रिबाकिना, जैस्मीन पाओलिनी और अन्ना कलिंस्काया - हैं, सभी पहली बार खिताब के लिए प्रयासरत हैं।

संक्षिप्त समाचार



## रांची की पिच को लेकर कोई अंदाजा नहीं लगा सकता : स्टोक्स

**रांची ।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा है कि उन्हें अंदाजा नहीं है कि शुक्रवार से यहां भारतीय टीम के खिलाफ शुरु हो रहे चौथे टेस्ट मैच में पिच किस प्रकार का व्यवहार करेगी। स्टोक्स ने कहा कि उन्होंने यहां की पिच नहीं देखी है, इसलिए ये किस प्रकार का व्यवहार करेगी इस बारे में कुछ भी नहीं कहा जा सकता है। रांची टेस्ट की पिच अपनी गहरी भूरी, अत्यधिक सूखी और टूटी हुई प्रकृति के कारण चर्चा में है। इसी को लेकर टीम के उप-कप्तान ओली पोप ने गत दिवस कहा था कि पिच में पहले से ही दरारें हैं, जिससे संकेत मिलता है कि इसमें टर्न और असामान्य उछाल शुरु से ही रहेगा। स्टोक्स ने कहा, मुझे नहीं पता, मैंने पहले कभी ऐसा कुछ नहीं देखा है इसलिए मुझे कोई अंदाजा नहीं है। मुझे नहीं पता कि क्या हो सकता है। यदि आप विपरीत छोरों के एक तरफ नीचे देखते हैं यह उससे बिल्कुल अलग दिखता था जिसे मैं देखने का आदी हूं, खासकर भारत में। चेंजिंग-रूम में यह हरा और घास वाला दिखता था पर फिर आप वहां जाते हैं, यह अलग दिखता था। इसमें काफी दरारें थीं। स्पिन के अनुकूल पिच पर स्पिनर टॉम हार्टले, शोएब बशीर और रेहान अहमद को सहायता मिल सकती है। इस मैच में उनकी टीम का लक्ष्य जीत हासिल कर सीरीज में वापसी के पयास करना रहेगा। इस मैच में तेज गेंदबाज मार्क वुड की जगह ओली रॉबिन्सन को शामिल किया जा सकता है। स्टोक्स के अनुसार गेंदबाज रॉबिन्सन ने रांची टेस्ट में हिस्सा लेने के लिए कड़ी मेहनत की है और उन्हें भी अवसर मिल सकता है।

## नागल शीर्ष 100 से बाहर हुए , युगल में बोपन्ना भारत के शीर्ष खिलाड़ी



**नई दिल्ली ।** भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमिन नागल विश्व रैंकिंग में शीर्ष 100 से बाहर हो गए हैं। एकल खिलाड़ी नागल को 16 अंकों का नुकसान हुआ जिससे वह एटीपी की ताजा विश्व रैंकिंग में तीन स्थान नीचे खिसककर 101वें स्थान पर पहुंच गये। पिछले साल नागल को एक क्वालीफायर के तौर पर चेन्नई चैलेंजर के सेमीफाइनल में पहुंचने के कारण 41 अंक का लाभ हुआ था पर वह पिछले सप्ताह बेंगलुरु ओपन में केवल 25 अंक ही हासिल कर पाए जिसे उनकी रैंकिंग नीचे आ गयी। नागल ने इस साल की शुरुआत में ही चेन्नई ओपन का खिताब जीतकर शीर्ष 100 में जगह बनायी थी। वहीं एकल में भारतीय टीम के दूसरे सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रामकुमार रामनाथन हैं। रामकुमार एटीपी रैंकिंग में 42 पायदान ऊपर आकर 420वें स्थान पर पहुंच गए हैं। इसके बाद शशि कुमार मुकुंद 457 वें, एसडी प्रज्वल देव 595 वें और दिग्विजय प्रताप सिंह 623 वें स्थान पर हैं हालांकि युगल में अब भी रोहन बोपन्ना ही भारत के शीर्ष खिलाड़ी बने हुए हैं। उनके बाद दूसरे नंबर पर युकी भांबरी 60, एन श्रीराम बालाजी 80, विजय सुंदर प्रशांत 81, साकेत मयनेनी 89 और अनिरुद्ध चंद्रशेखर 94 के नंबर आते हैं।

## आकाश दीप को मिल सकती टेस्ट कैप

**रांची ।**



जसप्रीत बुमराह की जगह पर बंगाल के तेज गेंदबाज आकाश दीप को इंग्लैंड के बीच रांची में शुक्रवार से शुरु हो रहे चौथे क्रिकेट टेस्ट मैच के लिए भारतीय टीम में शामिल किया जा सकता है। आकाश दीप को इस मैच में टेस्ट कैप मिलने की पूरी उम्मीद है। आकाश दीप अगर पदार्पण करते हैं तो वह तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज के साथ गेंदबाजी मुकेश कुमार बचे हुए 2 मैचों के लिए टीम में लौट आए हैं पर कहा जा रहा है कि चयनकर्ता और टीम प्रबंधन आकाश को अवसर देना चाहते हैं। आकाश ने हाल ही में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ भारत ए की ओर से खेलते हुए 2 मैचों में शानदार गेंदबाजी करते हुए 11 विकेट लिए थे हालांकि मुकेश ने तीसरे टेस्ट से ब्रेक के दौरान बंगाल की ओर से रणजी ट्रॉफी खेलकर 10 विकेट लिए थे पर दूसरे टेस्ट में उनके खराब प्रदर्शन के बाद चयनकर्ता अब आकाशदीप को अवसर देना चाहते थे। मोहम्मद सिराज की जगह खेलते उतरे मुकेश ने दूसरे टेस्ट में केवल एक विकेट लिया था। आकाश दीप ने साल 2019 में पदार्पण के बाद से ही 30 प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं। उन्होंने 23.58 की औसत और 3.03 की इकॉनमी रेट से 104 विकेट लिए हैं। यदि आकाश को अवसर मिलता है तो वह सीरीज में भारत की ओर से खेलने वाले चौथे पदार्पणकर्ता होंगे, इससे पहले रजत पाटीदार, सरफराज खान और ध्रुव जुरेल को पिछले खेलों में कैप मिली थी।

**चौथे टेस्ट के लिए भारतीय टीम इस प्रकार है :**

रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, शुभमन गिल, रजत पाटीदार, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), केएस भरत (विकेटकीपर), देवदत्त पडिक्कल, रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, आकाश दीप।



## अश्विन को नहीं मिला पर्याप्त श्रेय : डिविलियर्स

**500 टेस्ट विकेट पूरे करने पर बधाई देते हुए कही ये बात**

**जोहांसबर्ग ।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी ऑफ स्पिनर आर अश्विन को अपने 500 टेस्ट विकेट पूरे करने पर बधाई देते हुए कहा कि उन्हें पर्याप्त श्रेय नहीं मिला। अश्विन ने इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच में अपने 500 टेस्ट विकेट पूरे किए थे। ये उपलब्धि हासिल करने वाले वह दूसरे दूसरे भारतीय गेंदबाज हैं। अश्विन की इस शानदार उपलब्धि पर बधाई देते हुए डिविलियर्स ने कहा है कि जितना उन्हें सराहना मिलनी चाहिये थी वह नहीं मिली। अश्विन गेंदबाजी के साथ साथ बल्लेबाजी में भी निचले स्तर पर अहम भूमिका निभाते हैं। ये भी सभी को ध्यान रखना होगा कि भारत की ओर से अभी तक केवल 2 गेंदबाज ही 500 या इससे ज्यादा टेस्ट विकेट ले पाए हैं और इसमें अश्विन दूसरे नंबर पर हैं। वहीं पहले नंबर पर दिग्गज लेग स्पिनर अनिल कुंबले हैं जिनके नाम 619 टेस्ट विकेट हैं। डिविलियर्स ने कहा,'क्या शानदार उपलब्धि है। बधाई अश्विन। आप उन खतरनाक गेंदबाजों में शामिल हो जिनके खिलाफ मैंने खेला है। आप बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों ही विभागों में शानदार रहे हैं। आप भारतीय टीम की अमूल्य संपत्ति हो। साथ ही कहा कि एक दिग्गज खिलाड़ी होने के बाद भी उन्हें पर्याप्त श्रेय नहीं दिया जाना निराशाजनक है।

## बेयरस्टो की जगह लारेंस को शामिल करें : कुक

**लंदन ।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान एलिस्टर कुक ने कहा है कि भारतीय टीम के खिलाफ शुक्रवार से रांची में शुरु हो रहे चौथे क्रिकेट टेस्ट मैच में विकेटकीपर बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो को नहीं रखा जाना चाहिये। कुक के अनुसार बेयरस्टो का प्रदर्शन इस सीरीज में अच्छा नहीं रहा है। वह पिछली छह पारियों में एक बार भी 40 रनों तक भी नहीं पहुंच पाये हैं। उनका औसत भी 17.00 बेहद खराब रहा है। कुक ने कहा, 'मैं इस खिलाड़ी की भलाई के लिए ही उसे बल्लेबाजी लाइन अप से बाहर करने की बात कह रहा हूं क्योंकि मुझे लगता है कि अभी तक भारत का दौरा उसके लिए कठिन साबित हुआ है। उन्होंने कहा, 'मैं यह नहीं कह रहा हूं कि वह फिर कभी टेस्ट क्रिकेट नहीं खेलेगा पर अभी ये अच्छा रहेगा कि किसी ऐसे किसी खिलाड़ी को अवसर दिया जाये जिसने अब तक इस सीरीज में नहीं खेला है। कुक ने बेयरस्टो की जगह पर डैन लारेंस को शामिल करने का सुझाव भी दिया। उन्होंने कहा, 'जब आप रन नहीं बना पा रहे हों तो कुछ गेंदबाज आपके खिलाफ दबाव बनाकर लय बना लेते हैं, इसलिये मैं लारेंस को शामिल करने के पक्ष में हूं। वहीं एक अन्य पूर्व कप्तान माइकल एथरटन का मानना है कि इंग्लैंड टीम प्रबंधन बेयरस्टो को ही रखेगा। एथरटन ने कहा, 'बेयरस्टो इस सीरीज के लिए अबतक अहम रहा है इसलिये मुझे नहीं लगता कि इस मौके पर उसे बाहर कर दिया जाएगा। इंग्लैंड की टीम अभी पांच मैच की इस सीरीज में अभी 1-2 से पीछे है और ऐसे में चौथा टेस्ट उसके लिए बेहद अहम है। कुक के अनुसार जिस प्रकार भारतीय टीम ने अपने तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को आराम दिया है। उसी प्रकार उनकी टीम को भी अपने तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन और मार्क वुड को आराम देना चाहिये। इससे वे अंतिम टेस्ट में तरोताजा होकर उतर सकेंगे। इस सीरीज का अंतिम धर्मशाला में होगा और वहां के हालात तेज गेंदबाजों के अनुकूल माने जाते हैं। ऐसे में एंडरसन और वुड धर्मशाला के ठंडी हालातों में काफी प्रभावी होंगे।

## दिल्ली में अधिकतम तापमान 10.8 डिग्री के आसपास, एक्यूआई 'खराब'

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में अधिकतम तापमान 10.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो कि औसत से एक डिग्री कम है। भारतीय मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि गुरुवार को तापमान 25 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है। इसके साथ ही पूरे दिन आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। इस बीच सभी स्टेशन पर वायु गुणवत्ता 'खराब' दर्ज की गई। वहीं, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक, आनंद विहार क्षेत्र में, सुबह 9 बजे, पीएम 2.5 का स्तर 'बहुत खराब' श्रेणी में 309 दर्ज किया गया और पीएम 10 264 या मध्यम स्तर पर पहुंच गया, जबकि नाइट्रोजन डाइऑक्साइड (एनओ2) 133 पर था, जो मध्यम स्तर पर था। इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे (टी3) पर पीएम 2.5 का स्तर 64 दर्ज किया गया, जिसे 'संतोषजनक' माना जाता है और पीएम 10 का स्तर 152 दर्ज किया गया, जो 'मध्यम' श्रेणी में आता है। द्वारका सेक्टर 8 में पीएम 2.5 का स्तर 218 और पीएम 10 का स्तर 274 रहा।

## मुख्यमंत्री ममता बनर्जी यह सुनिश्चित करें कि पश्चिम बंगाल में मीडिया का दमन न हो : ठाकुर

नई दिल्ली। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने पश्चिम बंगाल में एक टेलीविजन चैनल के पत्रकार की गिरफ्तारी पर बृहस्पतिवार को गंभीर आपत्ति जताई और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से यह सुनिश्चित करने की अपील की कि राज्य में मीडिया का दमन नहीं हो। यहां संवाददाता सम्मेलन में ठाकुर ने पत्रकार की गिरफ्तारी को दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया। उन्होंने कहा, 'मेरा ममता बनर्जी से अनुरोध है कि इस तरह की घटनाएं दोबारा न हों।' ठाकुर ने कहा, 'प्रेस की स्वतंत्रता मीडिया का अधिकार है और इसे कुचला नहीं जाना चाहिए। ये मेरी ममता बनर्जी से अपील है।' रिपब्लिक बांग्ला चैनल के पत्रकार शांतु पान को सोमवार को संदेशखालि से गिरफ्तार किया गया था। पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में स्थित संदेशखालि में तनाव व्याप्त है जहां बड़ी संख्या में महिलाओं ने राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के नेता शाहजहां शेख और उसके समर्थकों पर जमीन पर कब्जा करने और बंधक बनाकर यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की एक टीम पांच जनवरी को राशन घोटाले के सिलसिले में छापेमारी करने शाहजहां शेख के आवास पर गई थी। ईडी की टीम पर भीड़ ने हमला कर दिया था। इसके बाद से शाहजहां फरार है। शेख के दो सहयोगियों और अन्य पर सामूहिक दुष्कर्म और हत्या के प्रयास से संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है और दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## मुरादाबाद से 'न्याय यात्रा' में शामिल हो सकती हैं प्रियंका

नई दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा आगामी रविवार को उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद से 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' का हिस्सा बन सकती हैं और उत्तर प्रदेश में इस यात्रा के जारी रहने के दौरान इसमें शामिल रह सकती हैं। सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। प्रियंका गांधी को चंदौली से ही इस यात्रा में शामिल होना था, लेकिन अस्वस्थ होने के चलते वह इसमें शामिल नहीं हो सकीं। कांग्रेस से जुड़े सूत्रों का कहना है कि समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव को आगरा में इस यात्रा का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित किया गया है। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने बुधवार को लोकसभा चुनाव के लिए सीट बंटवारे की घोषणा की थी। कांग्रेस उत्तर प्रदेश की कुल 80 सीट में से 17 सीट पर चुनाव लड़ेगी। 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' बुधवार को कानपुर में थी, जबकि 22 और 23 फ़रवरी को यात्रा में विराम है। यह यात्रा 24 फ़रवरी की सुबह मुरादाबाद से फ़िर शुरू होगी। उसके बाद संभल, अलीगढ़, हाथरस, और आगरा ज़िलों से गुजरते हुए यात्रा राजस्थान के धौलपुर में रुकेगी। इसके बाद 26 फ़रवरी से एक मार्च तक यात्रा में विराम होगा, ताकि राहुल गांधी 27 और 28 फरवरी को इंग्लैंड के कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में दो विशेष व्याख्यान दे सकें और नई दिल्ली में होने वाली पार्टी की कुछ महत्वपूर्ण बैठकों में शामिल हो सकें। इस विराम के बाद दो मार्च को अपराह्न दो बजे धौलपुर से एक बार फिर 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' शुरू होगी। इसके बाद यह मुरैना, ग्वालियर, शिवपुरी, गुना, शाजापुर और उज्जैन-सहित मध्यप्रदेश के अन्य ज़िलों से गुजरेगी। 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' 14 जनवरी को मणिपुर से आरंभ हुई थी। अगले महीने मुंबई में इसका समापन होना है।

## मशहूर महिला कथावाचक जया किशोरी को जान से मारने की धमकी, आरोपी कारोबारी गिरफ्तार

लखनऊ। मशहूर महिला कथावाचक और मोटिवेशनल स्पीकर जया किशोरी का पीछा करने और अश्लील टिप्पणी करने के आरोप में एक होटल कारोबारी को गिरफ्तार किया गया है। लखनऊ की हजरतगंज पुलिस ने यह कार्रवाई की है। दरअसल, जया किशोरी महिला हेल्प लाइन 1090 के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए लखनऊ स्थित गन्ना संस्थान के ऑडिटोरियम में पहुंची थीं। तब उन्होंने महिलाओं को सशक्त व मजबूत बनाने के लिए कई तरह के टिप्स दिए। तभी होटल कारोबारी दीपेश ठाकुरदास थवानी अवैध तरीके से कार्यक्रम में घुस आया और स्टेज पर चढ़ गया। सिरफिरे ने जया किशोरी के साथ अभद्रता करने का प्रयास कर जान से मारने की धमकी भी दी। इस घटना के बाद जया की तरफ से उनके भाई दीपक ओझा ने लखनऊ के हजरतगंज थाने में एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

आरोपी दीपेश शिरडी महाराष्ट्र के रहने वाला है। शिरडी में दीपेश का बड़ा होटल है। परिवार के सदस्य पश्चिम अफ्रीका के घाना में कारोबार करते हैं। आरोपी विदेश आता जाता रहता है और सोशल मीडिया पर महिला कथावाचक को फॉलो करता है। सोशल मीडिया के जरिए जया किशोरी के कार्यक्रमों की जानकारी आरोपी को मिलती है। आरोपी बिना पूर्व सूचना और रजिस्ट्रेशन के कार्यक्रम स्थल पर पहुंच जाता है। आरोपी दीपेश सिर्फ लखनऊ ही नहीं, हैदराबाद ,जयपुर, जालंधर में भी जया किशोरी के स्टेज पर पहुंचा था। दीपेश के खिलाफ इन शहरों में भी मामले दर्ज हैं।

## ईडी ने सोमवार को पेश होने केजरीवाल को भेजा 7वां समन

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित आबकारी नीति घोटाले के संबंध में केजरीवाल को सोमवार हाजिर होने कहा है। बता दें कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को उसके समक्ष पेश होने के लिए ईडी ने सातवां समन जारी किया है। इस संबंध में सूत्रों ने बताया कि केजरीवाल को 26 फरवरी को वित्तीय जांच एजेंसी के सामने पेश होने के लिए कहा गया है। इससे पहले, सोमवार को केजरीवाल कथित आबकारी नीति घोटाले के सिलसिले में ईडी के छठे समन पर



भी उपस्थित नहीं हुए। आप सूत्रों के मुताबिक समन असंवैधानिक था और फिलहाल ईडी के सामने पेश होने की वैधता अदालत में जांच के दायरे में है। दिलचस्प बात यह है कि ईडी ने इस मामले को खुद अदालत में लाने की पहल की है। लगातार समन जारी करने की बजाय उसे अदालत के फैसले का इंतजार करना चाहिए जिससे उचित कानूनी प्रक्रिया शुरू हो सके। बता दें कि इससे पहले, ईडी ने 31 जनवरी को केजरीवाल को समन जारी किया था और 2 फरवरी को उसके सामने पेश होने को कहा था। यह आप संयोजक को जारी किया गया पांचवां समन था। बता दें कि केजरीवाल के पांचवें समन को नजरअंदाज करने के बाद ईडी कोर्ट गई। हालांकि वित्तीय जांच एजेंसी की शिकायत में आरोप लगाया गया कि केजरीवाल जानबूझकर समन का पालन नहीं करना चाहते थे और बचकाना बहाने बना रहे हैं। एजेंसी ने कहा ?कि अगर उनके जैसे उच्च पदस्थ सार्वजनिक पदाधिकारी ने कानून की अवज्ञा की, तो यह आम लोगों के लिए एक गलत उदाहरण स्थापित होगा। दरअसल दिल्ली की नई आबकारी नीति 2021-22 को बनाने और उसके क्रियान्वयन में घोटाले के आरोपों के बाद दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने 20 जुलाई, 2022 को मामले में सीबीआई जांच की सिफारिश की थी। आरोप है कि आबकारी नीति के निर्माण के चरण के दौरान पूर्व उपमुख्यमंत्री सिसोदिया और अन्य अज्ञात और अनाम निजी व्यक्तियों/संस्थाओं सहित आप नेताओं द्वारा एक आपराधिक साजिश रची गई थी और साउथ लॉबी के शराब कारोबारियों को फायदा पहुंचाया गया।

# अखिलेश के 'पीडीए' का जवाब स्वामी प्रसाद मौर्य की 'राष्ट्रीय शोषित समाज' पार्टी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** समाजवादी पार्टी से इस्तीफा देने के बाद स्वामी प्रसाद मौर्य गुरुवार को अपने राजनीतिक दल का ऐलान करने वाले हैं। दरअसल, उन्होंने सपा का साथ छोड़ने के साथ ही साफ कर दिया था कि वो नए राजनीतिक दल का गठन करेंगे। मौर्य दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में अपनी नई पार्टी ऐलान करेंगे, जिसका नाम 'राष्ट्रीय शोषित समाज' होगा।



बीते दिनों स्वामी प्रसाद मौर्य ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव की राजनीतिक विचारधारा पर आपत्ति जताते हुए सपा से इस्तीफा दे दिया था, इसके बाद से यह चर्चा शुरू हो गई थी कि अब उनका अगला राजनीतिक कदम क्या होगा? लेकिन, उन्होंने यह कहकर इन सभी चर्चाओं पर ब्रेक लगा दिया था कि वह किसी के साथ नहीं जा रहे हैं, बल्कि अपनी अलग पार्टी का गठन करेंगे।

उधर, अखिलेश यादव से जब स्वामी प्रसाद मौर्य के सपा से इस्तीफा देने के बारे में सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा कि लोग अपने फायदे के लिए हमारे पास आते हैं और जब उनका काम निकल जाता है, तो वो चले जाते हैं। वहीं, स्वामी प्रसाद ने अपने इस्तीफे के पीछे की वजह के बारे में बताते हुए कहा था कि अखिलेश यादव अब पिछड़ों की बात नहीं करते हैं, जिसे लेकर मेरा उनसे मतभेद है न की मनभेद। स्वामी ने कहा कि जिस दिन अखिलेश को अपनी गलती का एहसास होगा, उस दिन मैं दोबारा सपा में जाऊंगा।

बता दें कि अखिलेश ने स्वामी को पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी थी, लेकिन स्वामी पहले महासचिव के पद से इस्तीफा दिया, फिर एमएलसी और इसके बाद उनका सपा से भी मोहभंग हो गया। खैर, अब उन्होंने अपने लिए नई राजनीतिक स्क्रिप्ट तैयार कर ली है, जिसे वो आज मूर्त रूप देने जा रहे हैं। बता दें कि उत्तर प्रदेश की राजनीति में स्वामी प्रसाद मौर्य एक पुराना नाम है। 80 के दशक में स्वामी ने उत्तर प्रदेश की राजनीति में अपनी पारी शुरू की था। लोकदल से उन्होंने अपने सियासी सफर का आगाज किया था, लेकिन उनके राजनीतिक राह को नया मोड़ तब मिला, जब उन्होंने बसपा का दामन थामा। बसपा ने उन्हें मंत्री बनाया। वो मायावती के करीबी माने जाते थे। इसके बाद मायावती ने उन्हें विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तक की जिम्मेदारी सौंपी। कुछ दिनों तक स्वामी बीजेपी में भी रहे। यहां भी उन्हें कई बड़ी जिम्मेदारी मिली। इसके बाद वो सपा के बैनर तले आए, जहां उन्हें कई बड़ी जिम्मेदारी मिली, लेकिन उनका यहां से भी मोहभंग हो चुका है।

बता दें कि स्वामी प्रसाद मौर्य ऐसे वक्त में अपनी पार्टी बनाने जा रहे हैं, जब लोकसभा चुनाव सिर पर है। ऐसे में बहुत मुमकिन है कि वो मौर्य, कुशवाहा और ओबीसी समुदाय के लोगों के पक्ष में अपनी बात रखते हुए दिखेंगे। ध्यान दें, स्वामी ओबीसी समुदाय के हितों पर खुलकर अपनी बात रखते हैं और खुद को ओबीसी समुदाय का पैरोकार बताते हैं।

## किसानों की अग्निपरीक्षा लेने पर तुली है केन्द्र सरकार : सैलजा

चंडीगढ़। पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार किसानों की अग्निपरीक्षा लेने पर तुली हुई है। यही वजह है कि उसने किसानों के साथ षड्यंत्र रचने की शुरुआत कर दी है। किसानों को वार्ता का झांसा देकर उन पर गोलियां चलाई जा रही हैं, इतना ही नहीं जान लेने की शुरुआत भी कर दी है। तीन कृषि कानूनों के दौरान जिस तरह का इम्तिहान केंद्र सरकार ने किसानों का लिया था, अब फिर उसी तरह की अग्निपरीक्षा लेना चाह रही है। लेकिन, किसान इनकी शतरंजी चालों को समझ चुके हैं। मीडिया को जारी किए गए एक बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि किसान संगठन केंद्र सरकार को उसका वादा याद दिलाने के लिए 8 दिन से कड़ाके की ठंड, बारिश व ओलावृष्टि के बीच सड़क पर बैठे हुए हैं। एमएसपी की गारंटी का कानून बनाने का वादा तीन कृषि कानूनों के खिलाफ दिल्ली के बॉर्डर पर बैठे किसानों को उठाने के समय पीएम ने किया था, लेकिन आज तक कुछ भी नहीं हुआ। सरकार अपने वादे को याद करते हुए एमएसपी की गारंटी देने के बजाए किसानों के साथ बैठक करके बातचीत के नाम पर गुमराह कर रही है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि किसान शांतिपूर्वक तरीके से अपनी बात रखना चाहते हैं। वे देश की राजधानी दिल्ली पहुंचना चाहते हैं, लेकिन पु ?लिस के द्वारा कीलें गाड़कर, रास्ते रोक कर, सड़को पर कंक्रीट की दीवार खड़ी करके भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार उनकी राह में अड़चनें खड़ी कर रही है। केंद्र सरकार ने जब भी बातचीत के लिए किसानों को आमंत्रित किया तो उन्होंने भी सहर्ष इसे स्वीकार करते हुए भरसक कोशिश की। लेकिन, केंद्र की मंशा से अब किसान वाकिफ हो चुके हैं। कुमारी सैलजा ने कहा कि शंभू या खनौरी बॉर्डर पर अभी तक किसानों ने न तो कोई बेरिकेट तोड़ा है और न ही सुरक्षा बलों के लिए किसी तरह की परेशानी का कारण बने हैं, फिर भी बुधवार को दिनभर दोनों बॉर्डर पर आंसूगैस के सैकड़ों गोले दागे गए।



# केन्द्र सरकार चुनाव से पहले कांग्रेस को आर्थिक तौर पर पंगु बनाना चाहती है: कांग्रेस

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस पार्टी ने गुरुवार को आरोप लगाया कि केन्द्र सरकार चुनाव से पहले पार्टी को आर्थिक तौर पर पंगु बनाना चाहती है। पार्टी का दावा है कि मोदी सरकार और आयकर अधिकारियों ने कांग्रेस के बैंक खातों से 65.8 करोड़ रुपए चोरी किए।



कांग्रेस के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने पार्टी महासचिवों जयराम रमेश और केसी वेणुगोपाल के साथ आज पत्रकार वार्ता कर कई गंभीर आरोप लगाये। पूरे मामले की जानकारी देते हुए माकन ने कहा कि कांग्रेस को 2018-19 में 142.83 करोड़ रुपये का चंदा मिला था। इसमें से सिर्फ 14.49 लाख रुपये हमारे विधायकों और सांसदों की एक महीने की सैलरी से मिले थे। 14 लाख रुपये कैश में आने की वजह से हमारे ऊपर 210 करोड़ रुपये की पेनल्टी लगा दी गई। हमें 31 दिसंबर तक अपने खातों की जानकारी आयकर विभाग को देनी थी। हमने 2 फरवरी 2019 को यह जानकारी दी। ऐसे में सारे पैसे पर यह पेनल्टी लगाई गई। ऐसा आज तक कभी नहीं हुआ। मामले में 5 साल बाद सरकार और आयकर विभाग जागा है और वे भी तब जब चुनाव सिर पर हैं। ये कहां का न्याय है? ये कांग्रेस पार्टी को आर्थिक रूप से तोड़ने की कोशिश है ताकि हमलोग चुनाव न लड़ पाएं। अगर हमारे खाते फ्रीज हो जाएंगे तो हम चुनाव कैसे लड़ेंगे, प्रचार कैसे करेंगे?

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव से ठीक पहले नोटबंदी कर दी गई थी। मोदी सरकार चाहती थी कि पार्टियां चुनाव न लड़ पाएं। ठीक उसी तरह 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी पार्टियों पर 'कर हमला' किया गया है। इसका एक ही मकसद है- कांग्रेस पार्टी को आर्थिक रूप से कमजोर कर दिया जाए और हम चुनाव न लड़ पाएं।

## यूपी की सियासत गरमाई, सीएम योगी से मिले राजा भैया



### -सपा के झुकाव के बावजूद बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष से भी हुई मीटिंग

**लखनऊ (एजेंसी)।** राजा भैया के सीएम योगी से मिलने के बाद एक बार फिर उत्तर प्रदेश की राजनीति गरमा गई है। हालांकि सपा की ओर उनका झुकाव होने के बावजूद राजा भैया ने बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष से भी मुलाकात की है। इसलिए यहां की राजनीति में बड़ा बदलाव होता दिख रहा है। एक ओर जहां लोकसभा चुनाव 2024 के लिए उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी- कांग्रेस गठबंधन फाइनल हो गया है। वहीं, राज्यसभा चुनाव को लेकर भी प्रदेश की राजनीति में बदलाव हो गया है। प्रदेश की सियासी हलचल काफी गरमा गई है। सूत्रों का दावा है कि इस गठबंधन के ऐलान के बाद सीएम योगी आदित्यनाथ की जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के अध्यक्ष रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया से मुलकात हुई है। यह मुलाकात सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल से राजा भैया की मुलाकात के 24 घंटे के भीतर हुई है। सपा प्रदेश अध्यक्ष से मुलाकात के बाद राजा भैया का झुकाव सपा की ओर होता दिख था। हालांकि, अब सीएम योगी से मुलाकात के बाद देर रात भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी से भी उनकी मुलाकात हुई है। हालिया जानकारी के मुताबिक भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने राजा भैया के आवास पर पहुंच कर मुलाकात की है। इस दौरान सीएम योगी के ओएसडी श्रवण बघेल के भी मौजूद रहने का दावा किया जा रहा है। राज्यसभा चुनाव को लेकर बीजेपी नेताओं और राजा भैया की मुलाकात की सूचना है। इससे पहले मंगलवार को सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल भी राजा भैया से मुलाकात करने पहुंचे थे। राजा भैया बुधवार की शाम को सीएम योगी से मिले थे। यहां गौरतलब है कि भाजपा राज्यसभा चुनाव के लिए आठवीं सीट पर जीत की कवायद में जुटी हुई है। यूपी में 10 सीटों पर होने वाले राज्यसभा चुनाव के लिए भाजपा की 7 और सपा की 3 सीटों पर जीत तय मानी जा रही थी। इसी बीच भाजपा ने संजय सेठ के रूप में आठवां प्रत्याशी चुनाव में उतार दिया।

# विकसित राष्ट्र बनने की मैराथन दौड़ के लिए भारत की समुद्री ताकत होगी महत्वपूर्ण : उपराष्ट्रपति

**विशाखापत्तनम (एजेंसी)।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को कहा कि 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने की मैराथन दौड़ के लिए भारत की समुद्री ताकत महत्वपूर्ण होगी। साथ ही उन्होंने समुद्री सुरक्षा और अन्य चिंताओं के समाधान से वैश्विक सहयोग का भी आह्वान किया। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज यहां अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगोष्ठी- मिलन 2024 को संबोधित कर रहे थे। पूर्वी नौसेना कमान के काम पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि कमान ने भारत के समुद्री इतिहास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और देश के लिए ख्याति अर्जित की है। उपराष्ट्रपति ने महासागरों की सुरक्षा और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रों को एक साथ आने, अनुभव साझा करने और सहयोगी रणनीति विकसित करने की आवश्यकता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं की सुरक्षा, क्षेत्रीय तनावों से बचना और नीली अर्थव्यवस्था का सकारात्मक दोहन वैश्विक चिंताएं हैं, जिन्हें अब नज़रअंदाज़ नहीं किया जा सकता है। समुद्री व्यवस्था का पालन क्षेत्र की शांति और सद्भाव के लिए और साथ ही आपूर्ति श्रृंखलाओं के रखरखाव और व्यापार एवं वाणिज्य को बढ़ावा देने के लिए भी सर्वोत्कृष्ट है। उन्होंने कहा कि भारत समुद्री सीमाओं का सम्मान करने और नियम-आधारित व्यवस्था को बढ़ावा देने के महत्व को पहचानता है। हमारा मानना है कि समुद्री कानून पर संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन (यूएनसीएलओएस) सहित अंतरराष्ट्रीय कानून का पालन शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व और समुद्री संसाधनों के निरंतर उपयोग के लिए आवश्यक है। एकतरफा कार्रवाई और अंतरराष्ट्रीय कानून की अवहेलना के दूरगामी परिणाम हो सकते हैं।

## महुआ मोइत्रा की याचिका पर शुक्रवार को आदेश देगा दिल्ली उच्च न्यायालय


**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम के तहत पूर्व सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ एक जांच के संबंध में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा 'गोपनीय' सूचना मीडिया को कथित तौर पर लीक करने के विरुद्ध तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता की याचिका पर 23 फरवरी को आदेश पारित करेगा। पूर्व सांसद की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता रेबेका जॉन ने दावा किया कि उनकी मुवक्किल को 'परेशान' किया जा रहा है और एजेंसी द्वारा उन्हें समन जारी करने की सूचना, उन्हें समन मिलने से पहले ही मीडिया ने प्रकाशित कर दी। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने मौखिक रूप से कहा कि अभी तक ऐसा कुछ नहीं है क्योंकि संबंधित समाचार रिपोर्ट में तथ्यात्मक दावे किए गए हैं। उन्होंने कहा, 'वह खबर है। आप एक सार्वजनिक व्यक्ति हैं। यह केवल तथ्यात्मक दावा है?अभी तक ऐसा कुछ नहीं है।' जॉन ने दलील दी कि वह कोई भी जांच करने के एजेंसी के अधिकार के खिलाफ नहीं हैं लेकिन मीडिया को ऐसी जानकारी लीक करना उनके लिए हानिकारक है। उन्होंने कहा, 'यह मुझे सूचित किए जाने से पहले सूचना लीक करने के बारे में है। (अगर कोई प्रेस विज्ञप्ति नहीं है) तो ईडी मेरे बारे में संवेदनशील और गोपनीय सूचना लीक कर रहा है।'

इस पर अदालत ने कहा, 'कल आदेश पारित करेंगे।' एक समाचार संगठन की ओर से पेश हुए वकील सिद्धांत कुमार ने कहा कि याचिकाकर्ता उन आरोपों की जांच का सामना कर रही सार्वजनिक हस्ती हैं जो जनता के सामने हैं और इस तरह यह सार्वजनिक बहस का विषय है। उन्होंने कहा कि इस मामले में कुछ भी हानिकारक नहीं है और मीडिया की खबरें सूत्रों पर आधारित हैं।

# भाजपा ने राजनीति में विश्वसनीयता का संकट समाप्त किया: राजनाथ सिंह

**नबरंगपुर (ओडिशा) (एजेंसी)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस द्वारा पैदा किये गये 'राजनीति में विश्वसनीयता के संकट' को समाप्त किया है और वादों को पूरा करके लोगों का विश्वास हासिल किया है।

रक्षा मंत्री सिंह तीन लोकसभा क्षेत्रों नबरंगपुर, कालाहांडी और बोलांगीर के पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, 'कांग्रेस ने चुनाव के दौरान किए गए वादों को पूरा नहीं किया जिससे लोगों का नेताओं पर से भरोसा उठ गया था, लेकिन भाजपा ने अपने चुनावी वादों को पूरा करके लोगों का भरोसा जीता है। इस प्रकार राजनीति में विश्वसनीयता का संकट समाप्त हुआ है। जनता को अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर भरोसा है।' उन्होंने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस चुनाव के बाद लोगों से किए गए वादे 'भूल' जाती थी और इसीलिए लोगों का नेताओं पर से 'भरोसा उठ' गया था। रक्षा मंत्री ने कहा लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 2014 में सत्ता में आने के बाद से चीजें बदली हैं।



रक्षा मंत्री ने कहा, 'आप हमारे चुनाव घोषणापत्र को देख सकते हैं और आप पाएंगे कि सभी वादे पूरे किए गए हैं।' उन्होंने कहा कि पार्टी ने अनुच्छेद 370 को समाप्त करने, तीन तलाक को खत्म करने और अयोध्या में श्री राम मंदिर के निर्माण का वादा किया था और सभी वादे पूरे किए गए। उन्होंने कहा कि लोगों को अब एहसास हो गया है कि भाजपा जो वादे करती हैं उन्हें पूरा करती है। रक्षा मंत्री ने कहा, 'हम (भाजपा) लोगों की सेवा करने की और राष्ट्र निर्माण के लिए राजनीति करते हैं केवल देश पर शासन करने की नहीं।' उन्होंने कहा कि भारत आर्थिक मोर्चे पर तेजी से प्रगति कर रहा है और वह 2047 तक विकसित राष्ट्र बन जाएगा। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से दिन के 12 घंटे पार्टी के प्रति समर्पित करने का आग्रह किया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि केंद्र में मोदी सरकार बने और ओडिशा में डबल इंजन की सरकार बने। सिंह ने कहा, 'ओडिशा को भी डबल इंजन सरकार की जरूरत है, राजनीतिक समीक्षकों का कहना है कि हम यहां सरकार बनाएंगे।' रक्षा मंत्री ने कहा कि उनका ओडिशा के साथ भावनात्मक लगाव है। उन्होंने कहा, 'हमने कांग्रेस के शासन के दौरान भारत सुरक्षा यात्रा निकाली थी। मैंने यात्रा की शुरुआत ओडिशा से की थी।'

# बातचीत से निकालेंगे समस्या का समाधान, सरकार किसानों के हित में काम करने को प्रतिबद्ध : केंद्रीय कृषि मंत्री



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** किसान आंदोलन को देखते हुए सरकार लगातार किसानों से बातचीत कर रही है और कई दौर की बातचीत में कुछ मांगों पर सहमति भी बनती दिखाई दे रही है। इस दौरान सरकार की तरफ से केंद्रीय कृषि मंत्री किसानों से अपील भी करते दिखाई दे रहे हैं कि सभी मुद्दों का हल बातचीत से ही निकलेगा।

गुरुवार को केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने पत्रकारों से कहा, ÷पंजाब में किसान संगठनों के साथ कई दौर की सार्थक बातचीत हुई है। हम वार्ता से समाधान निकालेंगे। सरकार किसानों के हित में काम करने के लिए प्रतिबद्ध है, हम फिर से बात कर सकते हैं।÷

उन्होंने कहा कि यह देश हम सब का है और हर समस्या का हल निकाला जा सकता है। किसानों के दो दिन तक दिल्ली कूच को स्थगित करने पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हमारी कई दौर की वार्ता हुई है और सार्थक भी रही है। कई मुद्दे और कई मांगें ऐसी हैं, जिन पर और कड़ी मेहनत करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों के लिए प्रतिबद्ध है और हर साल 2 लाख 80 हजार करोड़ रुपए सीधे किसानों के खाते में पहुंचते हैं। यह किसानों के सम्मान और उनकी ज़रूरतों को पूरा करने के लिए होता है।

कृषि मंत्री ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासनकाल में 333 मिलियन टन तक हमारा अनाज उत्पादन बढ़ा है। इसके साथ ही सब्जियों की खेती समेत अन्य क्षेत्रों में लगातार विकास हुआ है और बढ़ोतरी हुई है।

उन्होंने बताया कि खादी उद्योग भी किसानों से जुड़ा है। उसका भी टर्नओवर 1 लाख 35 हजार करोड रुपए हो गया है। हम लगातार किसानों से बातचीत कर रहे हैं। चौथे दौर की बातचीत में भी हमने किसानों से कहा था कि आप हमसे हुई बातचीत को आपस में समझ कर हमें बताइए, हम फिर से बातचीत करने के लिए तैयार हैं। किसानों ने कहा था कि वह अपने सभी संगठनों से बातचीत करके फिर सरकार को बताएंगे। कुछ संगठनों ने सहमति नहीं दी होगी। इसके बावजूद हम वार्ता के लिए फिर तैयार हैं।

## तालिबान में दो लोगों को सार्वजनिक रूप से मौत की सजा

गजनी । तालिबान ने दक्षिणपूर्वी अफगानिस्तान के स्टेडियम में दो लोगों को सार्वजनिक रूप से मौत की सजा दी। गजनी शहर के अली लाला इलाके में हजारों लोगों की मौजूदगी में दोनों लोगों को गोली मार कर मौत की सजा दी गई। तालिबान ने दोनों लोगों के कथित अपराधों तथा उनके बारे में किसी भी प्रकार की जानकारी देने से इंकार किया। कई अदालतों और तालिबान के सर्वोच्च नेता हिबतुल्ला अखुंदजादा ने दोनों लोगों द्वारा कथित तौर पर किए गए अपराधों के लिए उन्हें मौत की सजा देने का आदेश दिया था। फांसी वाली जगह के बाहर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी और अंदर जाने के लिए लोग बेसब्र हो रहे थे। इसके अलावा धार्मिक विद्वानों ने पीड़ितों के रिश्तेदारों से दोषियों को माफ करने का अनुरोध किया, लेकिन उन्होंने इनकार कर दिया। दोपहर करीब एक बजे एक व्यक्ति को आठ गोलियां मारी गई, जबकि दूसरे को सात गोलियां मारी गई। इसके बाद एम्बुलेंस दोनों लोगों के शवों को ले गयी।

## अफगानिस्तान में सड़क दुर्घटनाओं में 1,600 की मौत

काबुल। अफगानिस्तान में पिछले दस महीनों में सड़क दुर्घटनाओं में 1,600 से अधिक यात्रियों की जान चली गई और 4,000 से अधिक घायल हुए हैं। यातायात पुलिस महानिदेशालय में योजना और नीतियों के प्रमुख अब्दुल वोदूद खैर ख्वा ने यह जानकारी दी। स्थानीय टेलीविजन चैनल टोलो न्यूज ने गुरुवार को श्री ख्वा के हवाले से कहा, 卐देश भर में पिछले 10 महीनों में लगभग 3,045 यातायात दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें बड़ी संख्या में लोग मारे गए और घायल हुए।卐 अधिकारी का हवाला देते हुए निजी मीडिया आउटलेट ने कहा कि 976 पुरुषों, 192 महिलाओं और 447 बच्चों सहित 1,600 से अधिक यात्रियों ने इस अवधि में घातक सड़क दुर्घटनाओं में अपनी जान गंवाई। अफगानिस्तान में सड़क दुर्घटनाएं आम बात है इसका मुख्य कारण जर्जर सड़कें, लापरवाही से गाड़ी चलाना और भीड़भाड़ वाले राजमार्गों पर यात्रियों के लिए सुरक्षा उपायों की कमी मुख्य है। अधिकारी के अनुसार यातायात पुलिस महानिदेशालय शहरों और राजमार्गों पर सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए प्रयासरत है।

## 45 साल बाद अचानक चर्चा में आया जुल्फिकार अली भुट्टो की फांसी का केस

### –पाकिस्तान में तथ्यों को लेकर सेना–न्यायपालिका और विधायिका फिर आमने–सामने

इस्लामाबाद । पाकिस्तान में पूर्व पीएम जुल्फिकार अली भुट्टो की फांसी का केस 45 साल बाद अचानक एक बार फिर से चर्चा में आ गया है। इस बार पाकिस्तान के चीफ जस्टिस काजी फैज ईसा ने मंगलवार जुल्फिकार अली भुट्टो की विवादास्पद फांसी का जिक्र किया और कहा, यह मामला सुप्रीम कोर्ट और देश की सेना के लिए अपनी पिछली गलतियों को सुधारने और अपनी प्रतिष्ठा बहाल करने का एक अवसर हो सकता है। चीफ जस्टिस ईसा की यह टिप्पणी उनकी अध्यक्षता वाली शीर्ष अदालत की 9 सदस्यीय बड़ी पीठ की ओर से मामले की सुनवाई के दौरान की गई। दरअसल, 1979 में जुल्फिकार अली भुट्टो को हत्या के मामले में उकसाने के लिए दोषी ठहराया गया था और फांसी की सजा दी गई थी। सुप्रीम कोर्ट की सात सदस्यीय बेंच में चार जजों ने लाहौर हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखा था, जबकि तीन ने जुल्फिकार अली भुट्टो को आरोपों से बरी कर दिया था। उसके बाद 4 अप्रैल, 1979 को जुल्फिकार अली भुट्टो को फांसी दे दी गई थी। हालांकि, भुट्टो का परिवार आज भी न्याय की मांग कर रहा है। कई लोगों का मानना है कि यह तत्कालीन सैन्य तानाशाह जनरल जियाउल हक के दबाव में लिया गया फैसला था, जिन्होंने 1977 में भुट्टो की सरकार को गिरा दिया था।



समर्थकों ने भुट्टो की फांसी को न्यायिक हत्या करार दिया था। उन्होंने सैन्य शासक और शीर्ष अदालत पर एक निर्वाचित प्रधानमंत्री को मनगढ़ंत आरोपों पर फांसी देने के लिए मिलीभगत करने का आरोप लगाया था। शीर्ष अदालत से भुट्टो के साथ हुए अन्यायपूर्ण व्यवहार को वापस लेने की मांग की थी। बता दें ?कि साल 2011 में तत्कालीन राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने भी सुप्रीम कोर्ट परामर्श अधिकार क्षेत्र के तहत अपने ससुर भुट्टो को फांसी की सजा दिए जाने के खिलाफ पुनर्विचार याचिका दायर की थी। सुनवाई के लिए यह केस मुख्य न्यायाधीश काजी फैज ईसा की पीठ के पास पहुंचा था। राष्ट्रपति संदर्भित याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में मुख्य न्यायाधीश ईसा ने सुनवाई की और कहा, क्या यह दोनों संस्थानों न्यायपालिका–विधायिका के लिए उनके खिलाफ लगाए गए आरोपों से छुटकारा पाने का अवसर नहीं है। एक रिपोर्ट के अनुसार, मंगलवार को भुट्टो के पोते और पीपीपी अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी, आपराधिक और संवैधानिक पक्षों में विशेषज्ञता वाले न्याय मित्र भी सुनवाई में शामिल हुए। सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति संदर्भ में दिवंगत पीपीपी संस्थापक और शिकायतकर्ता अहमद रजा कसूरी के उत्तराधिकारियों को भी सुनने का फैसला किया है। सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति सैयद मंसूर अली शाह ने टिप्पणी की कि अदालत मामले की योग्यता की जांच नहीं कर सकती क्योंकि फैसला पहले ही घोषित किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि अदालत इस बात पर गौर कर सकती है कि पूर्व पीएम को मौत की सजा कैसे दी गई।

## 2 बच्चों के साथ दुष्कर्म के आरोपी पिता को बेटियों ने पकड़वाया

### –सोशल मीडिया पर हो रही दोनों की तारीफ

वॉशिंगटन । अमेरिका के वाशिंगटन में रहने वाले एक शख्स जिसने 2 बच्चों के साथ दुष्कर्म किया। पुलिस से बचने के लिए भागता रहा। यहां तक कि शख्स पर 'अमेरिकाज मोस्ट वांटेड सीरीज भी बनी। पुलिसि की कई टीमें उसकी तलाश कर रही थीं, लेकिन 451 दिन बाद वह तब पकड़ा गया जब बेटियां उसके पीछे पड़ीं। अब उनकी पूरी दुनिया में तारीफ हो रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका के रहने वाले 51 साल के डेवी अलबरन पर दो बच्चों के साथ कुकर्म करने का आरोप लगा। पुलिस ने छापा मारा तब आरोपी अलबरन वहां से भाग निकला। इसके बाद आरोपी को पुलिस ने भगौड़ा घोषित कर दिया गया। कई राज्यों की पुलिस टीमें उसकी तलाश कर रही थीं। तभी बेटियों को लगा कि पिता ने गलत किया है और उन्हें सजा मिलनी चाहिए। इसके बाद दोनों बेटियों ने अलबरन ने सोशल मीडिया पर मुहिम छेड़ दी। एना ने फेसबुक और टिकटॉक पर लिखा, मेरे पिता ने दो बच्चों के साथ गलत हरकत की है। वह भाग रहे है और पुलिस उसकी तलाश कर रही है। अगर आपको कहीं भी दिखे तब तुरंत पुलिस को सूचित करें। हमें भी इसकी जानकारी दे सकते हैं। आप सभी अपने प्रोफाइल पर भी उसकी फोटो शेयर करें, ताकि जल्द से जल्द पकड़ा जा सके। दोनों ने बिलबोर्ड लगाए, रिश्तेदारों को भी इस काम में मदद करने को कहा। यहां तक कि बेटियों ने अपने पिता को दिसंबर 2022 में अमेरिका के मोस्ट वांटेड में भी प्रदर्शित किया। बेटियों की मुहिम रंग लाई और 451 दिनों बाद लोगों की सूचना पर पुलिस ने फ्लोरिडा के लेकलैंड से गिरफ्तार कर लिया। वह एक शेड में छिपा हुआ था। 30 साल की एना ने कहा, हम चाहते हैं कि कोई भी इसतरह का आदमी को न बचाए। गिरफ्तारी के बाद बेटियां इतनी खुश हुईं कि उन्होंने जश्न मनाया। उसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर शेयर किया, जिसमें वे शैंपेन की बोतल छिड़कते हुए दिख रही हैं। चिल्लाते हुए कह रही हैं कि हमने यह कर लिया दोस्तों– मेरा पिता जेल में है। आप सबका धन्यवाद। क्योंकि अगर आप नहीं होते तो वह कभी जेल नहीं जा पाता। पुलिस के साथ पूरे शहर ने उन दोनों की तारीफ की। पोल्क काउंटी के शेरिफ ग्रैडी जुड ने कहा, जब अलबरन लेकलैंड पहुंचा, तभी वहां के लोगों ने हमें बता दिया। हम जान चुके थे कि यह आदमी कहां है। इसके बाद छापेमारी कर दबोच लिया। दोनों बेटियों ने जो हमारी मदद की, उसका कोई जवाब नहीं। हम उन्हें सम्मानित करने वाले हैं।





गाजा में हमास और इजरायली सेना के बीच तत्काल संघर्ष विराम को लेकर हुए मतदान के दौरान प्रदर्शन करते हुए लोग।

## पत्नी मेलानिया राष्ट्रपति चुनाव के कैंपेन में क्यों नहीं आ रहीं नजर? ट्रंप ने किया खुलासा

वाशिंगटन । पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने खुलासा किया है कि उनकी पत्नी मेलानिया उनकी 2024 के राष्ट्रपति अभियान रैलियों में भाग क्यों नहीं ले रही हैं, ठीक उसी तरह जैसे इस समय प्रथम महिला जिल बाइडेन ने अपने पति के लिए किया है। मेलानिया ट्रम्प ज्यादातर सार्वजनिक कार्यक्रमों में भाग लेने या व्हाइट हाउस की दौड़ के संबंध में टिप्पणी करने से बचती रही हैं। हालाँकि, उन्होंने 2016 के राष्ट्रपति अभियान के दौरान अधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस सप्ताह साउथ कैरोलिना में अपने टाउन हॉल के दौरान फॉक्स न्यूज की होस्ट लौरा इंग्राहम के साथ बात करते हुए ट्रम्प से पूछा गया था कि क्या उनकी पत्नी अभियान में सक्रिय होंगी। मेलानिया बच्चों के साथ अद्भुत हैं लेकिन बहुत से लोग उन्हें और अधिक देखना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि कैसे उनकी पत्नी अपने 17 वर्षीय बेटे, बैरन ट्रम्प पर अधिक ध्यान दे रही हैं। ट्रम्प ने कहा कि उनका जीवन उस लड़के के इर्द–गिर्द घूमता है, वो उनके लिए बहुत महत्वपूर्ण है। साथ ही, यह हमारे देश और हमारे देश की सफलता के इर्द–गिर्द भी घूमता है। उसने चैरिटी के लिए बहुत सारा पैसा जुटाया है। मेलानिया को एक निजी व्यक्ति कहते हुए, जो अपने देश से प्यार करती है, एक समय के रियल एस्टेट मुगल ने कहा कि लोग इस तथ्य को पसंद करते हैं कि वह वहां इतनी ज्यादा नहीं है। आप जानते हैं, बहुत सारी प्रथम महिलाएँ बाहर जाएँगी। वे हर जगह रहना चाहते हैं। उन्हें अपने पति पर गुस्सा आता है क्योंकि वह उनका परिचय नहीं करा रहा है।

# रूस ने भारतीयों से फ्रॉड किया, जंग लडने भेजा

### कंपनियों ने हेल्पर के तौर पर हायर किया, फिर वैगनर आर्मी जॉइन करवा दी

**मास्को (एजेंसी)।** रूस जबरदस्ती भारतीयों को यूक्रेन के खिलाफ जंग लडने के लिए भेज रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, चार भारतीयों को रूस-यूक्रेन सीमा पर रूसी सैनिकों के साथ लडने के लिए मजबूर किया गया। रूसी कंपनियों ने इन भारतीयों को हेल्पर के तौर पर काम करने के लिए हायर किया था। इसके बाद इन्हें रूस की प्राइवेट आर्मी कही जाने वाले वैगनर ग्रुप में भर्ती करवा दिया गया और जंग के मैदान में छोड़ दिया गया। इन लोगों के परिजनों के बताया कि कुछ एजेंट्स ने दिसंबर 2023 में नौकरी के नाम पर धोखे से भारतीयों को रूस भेज दिया था। अब ये भारतीय मदद की गुहार लगा रहे हैं।



चार भारतीयों में से एक 22 साल के मोहम्मद सुफियान ने एक रूसी सैनिक के फोन से अपने घरवालों को मैसेज भेजा। लिखा- मैं यूक्रेन बॉर्डर से 40 किलोमीटर दूर हूं। हमें हमारी मर्जी के खिलाफ जंग के मैदान में भेजा जा रहा है। हमें धोखा दिया गया। हमारी मदद करो। हम किसी भी कीमत पर भारत लौटना चाहते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, चारों भारतीय फेक आर्मी जॉब रैकेट का शिकार हुए। ये पहली बार नवंबर 2023 में एजेंट्स से मिले थे। एजेंसट्स ने हेल्पर की नौकरी के लिए लाखों की सैलरी बताई थी। इसके बाद दिसंबर 2023 में भारतीयों को विजिटर वीजा पर रूस ले जाया गया। सभी ने चेन्नई एयरपोर्ट से उड़ान भरी। रिपोर्ट्स में सूत्रों के हवाले से बताया गया कि ये भारतीय दुबई में नौकरी करते थे। उनकी सैलरी 30-40 हजार रुपए थी। एजेंट्स ने 2 लाख की सैलरी वाली नौकरी का झांसा दिया। एक परिजन ने बताया कि नौकरी दिलाने के नाम पर एजेंट्स ने भारतीयों से 3 लाख रुपए भी लिए। अब उन्हें वैगनर आर्मी में भर्ती करके यूक्रेन के खिलाफ जंग लडने भेजा जा रहा है।

### 60 अन्य भारतीयों को भी झांसा दिया गया

रिपोर्ट के मुताबिक 60 अन्य भारतीयों को भी झांसा देकर वैगनर आर्मी में शामिल किया गया है। महाराष्ट्र के एक आदमी ने इन लोगों से एक कॉन्ट्रैक्ट पेपर पर साइन करवाए थे। कॉन्ट्रैक्ट रूसी भाषा में लिखा था। साइन लेते समय इन लोगों से कहा गया कि वे रूस में हेल्पर की नौकरी से जुड़े पेपर पर साइन कर रहे हैं।

## भारत ने जी20 एफएमएम बैठक में कहा :भूराजनीतिक मुद्दों का रचनात्मक समाधान तलाशें

**रियो द जिनेरियो (ब्राजील) (एजेंसी)।** पूरी दुनिया में विभिन्न संघर्ष की पृष्ठभूमि में भारत ने ब्राजील की मेजबानी में आयोजित जी20 मंत्री स्तरीय बैठक में भू राजनीतिक समस्याओं के रचनात्मक समाधान निकालने और समान आधार तलाशने पर जोर दिया है। ब्राजील ने एक दिसंबर 2023 को भारत से जी20 की अध्यक्षता प्राप्त की थी। ब्राजील की अध्यक्षता में बुधवार को जी20 विदेश मंत्रियों (एफएमएम) की बैठक यहां आयोजित की गई जो लातिन अमेरिकी देश की अध्यक्षता में संगठन की पहली मंत्री स्तरीय बैठक है।

विदेश राज्यमंत्री वी मुरलीधरन ने 'चल रहे अंतरराष्ट्रीय तनाव से निपटने में जी20 की भूमिका' शीर्षक से आयोजित सत्र को संबोधित करते हुए विभिन्न बिंदुओं का उल्लेख किया और उनपर भारत के रुख की वकालत की। एफएमएम में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए मुरलीधरन ने कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध के मामले में भारत ने समाधान के लिए 'संवाद और कूटनीतिक प्रयासों को तत्काल शुरू करने का आह्वान किया जबकि इजराइल-फलस्तीन संघर्ष के मामले में भारत दो राष्ट्र के समाधान पर विश्वास करता है। उन्होंने जोर दिया कि भारत आतंकवाद के किसी भी स्वरूप की निंदा करता है। उन्होंने कहा, 'हमें पश्चिम एशिया के संघर्ष का विस्तार नहीं होने देना चाहिए।' लाल सागर में समुद्री जहाजों पर हमलों का जिक्र करते हुए विदेश राज्यमंत्री ने तट से दूर समुद्रों में अत्यधिक सुरक्षा की आवश्यकता पर जोर दिया और कहा कि समुद्री के रास्ते गए संचार केबल की सुरक्षा 'महत्वपूर्ण है।' मुरलीधरन ने 'भूराजनीतिक मुद्दों को रचनात्मक समाधान तलाशने के लिए समान आधार बनाने पर जोर दिया।' भारत के रुख को दोहराते हुए उन्होंने विदेश मंत्रियों की बैठक को याद दिलाया कि एक आर्थिक मंच के रूप में जी20 को सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) और जलवायु परिवर्तन पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उन्होंने ब्राजील की अध्यक्षता के दौरान भारत के 'दृढ़ समर्थन' की घोषणा की और कहा, एफएमएम का विषय 'न्यायपूर्ण विश्व का निर्माण एवं सतत ग्रह ' भारत के आह्वान 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' से साथ मेल खाता है।

## राजा कृष्णमूर्ति लड़ सकते हैं अमेरिकी सीनेट 2026 में चुनाव

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** भारतीय-अमेरिकी सांसद राजा कृष्णमूर्ति अमेरिकी सीनेट 2026 में चुनाव लड़ सकते हैं। उन्हें 50 सर्वाधिक शक्तिशाली लोगों की सूची में रखा गया है। जानकारी मिली है कि कृष्णमूर्ति 2026 में अमेरिकी सीनेट के लिए चुनाव लड़ने की योजना बना रहे हैं। लेकिन, उन्होंने इसे सिरे से नकार दिया है। नई दिल्ली में जन्मे और इलिनोइस में पले-बढ़े डेमोक्रेट को शिकागो मैगजीन की हेवी हिटर्स सूची में 24वां स्थान मिला था, जिसमें इलिनोइस के गवर्नर जेबी प्रित्जकर शीर्ष पर थे। 2016 में कांग्रेस के लिए चुने गए कृष्णमूर्ति अब अपने चौथे कार्यकाल में इलिनोइस के 8वें जिले का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, जिसमें शिकागो के पश्चिम और उत्तर-पश्चिमी उपनगरों के साथ-साथ शहर का 41वां वार्ड भी शामिल है। कृष्णमूर्ति की प्रचार निधि में 1.44 करोड़ अमेरिकी डॉलर हैं। यह राशि इलिनोइस के किसी भी अन्य कांग्रेस प्रतिनिधि से तीन गुना अधिक है और पूरी कांग्रेस में तीसरी सबसे बड़ी राशि है। 2022 में उन्होंने डेमोक्रेटिक उम्मीदवारों और डेमोक्रेटिक कांग्रेसनल कैंपेन कमेटी को 460,000 डॉलर का दान दिया। यदि डिक डर्बिन सेवानिवृत्त होते हैं, तो वह 2026 में सीनेट के लिए चुनाव लड़ सकते हैं। 79 वर्षीय डर्बिन अपने पांचवें



सीनेट कार्यकाल में हैं और उन्होंने 2005 से सीनेट डेमोक्रेटिक व्हिप के रूप में कार्य किया है। डर्बिन की सीनेट सीट पर कृष्णमूर्ति के अलावा कई अन्य राजनेताओं की नजरें भी लगी हुई है।

इस मामले में राजनीतिक सलाहकार टॉम बोवेन का मानना है कि कृष्णमूर्ति सीनेट की दौड़ की तैयारी के लिए धन जुटा रहे हैं, मगर उन्होंने इससे इनकार किया है। मीडिया से उन्होंने कहा कि सबसे पहले मुझे उम्मीद है कि सीनेटर डर्बिन अपनी सीट पर बने रहेंगे। मैंने ऐसा कुछ भी नहीं सुना है कि वह सीट छोड़ रहे हैं। मैं अभी इस पर विचार नहीं कर रहा हूं। अमेरिकी कांग्रेस में 535 वोटिंग सदस्य, 100 सीनेटर और 435 प्रतिनिधि हैं। जबकि, सीनेटर अपने पूरे राज्य का प्रतिनिधित्व करते हैं, सदन के सदस्य व्यक्तिगत जिलों का प्रतिनिधित्व करते हैं। उपराष्ट्रपति कमला हैरिस वर्तमान में अमेरिकी सीनेट की अध्यक्षता करने वाली एकमात्र भारतीय-अमेरिकी हैं, जो 2024 के चुनावों में राष्ट्रपति बिडेन के साथी के रूप में चुनाव लड़ेंगी।

## एलन मस्क की कंपनी का कमाल, इंसान के दिमाग में लगी चिप से चलाया माउस

**सैन फ्रांसिस्को (एजेंसी)।** एलन मस्क की कंपनी न्यूरालिंक ने इंसान के दिमाग में चिप लगाकर कमाल कर दिया है। अब बिना छुए ही कंप्यूटर पर माउस चलाकर काम किया सकता है। बता दें कि अब तक किस्सों-कहानियों में सुना था की कोई इंसान किसी वस्तु को छुए बिना केवल अपने दिमाग से उसे नियंत्रित कर सकता हैं। मगर एलन मस्क की कंपनी न्यूरालिंक ने यह कारनामा कर दिखाया है। मस्क ने सोमवार देर रात जानकारी दी कि पहला मानव रोगी, जिसने पिछले महीने न्यूरालिंक से दिमाग में चिप लगवाया था, पूरी तरह से ठीक हो गया है और अब वह अपने विचारों का उपयोग करके कंप्यूटर माउस को कंट्रोल करने में सक्षम है। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक स्पेस इवेंट में मस्क ने कहा, प्रगति अच्छी है, और ऐसा लगता है कि मरीज पूरी तरह से ठीक हो गया है, तंत्रिका संबंधी प्रभावों के बारे में हम जानते हैं। मरीज



सिर्फ सोच कर स्क्रीन के चारों ओर माउस घूमाने में सक्षम है। मस्क ने कहा कि न्यूरालिंक अब मरीज से ज्यादा से ज्यादा माउस बटन क्लिक कराने की कोशिश कर रहा है। हालांकि न्यूरालिंक ने अधिक जानकारी के लिए तुरंत जवाब नहीं दिया। न्यूरालिंक ने पिछले महीने जनवरी में अपने पहले मानव रोगी के दिमाग में सफलतापूर्वक चिप को लगाया था। कंपनी ने इंसान पर ट्रायल करने के लिए बीते साल सितंबर में मंजूरी ले ली थी।

प्रक्रिया के बारे में बता करते हुए न्यूरालिंक ने कहा है कि अध्ययन में एक रोबोट ऑपरेशन करके इंसान के दिमाग में एक ब्रेन कंप्यूटर इंटरफेस को इंप्लांट करता है। न्यूरालिंक का शुरुआती लक्ष्य लोगों को अपने विचारों का उपयोग करके कंप्यूटर कर्सर या कीबोर्ड को कंट्रोल करने में सक्षम बनाना है। न्यूरालिंक 2017 में एलन मस्क द्वारा स्थापित एक स्टार्टअप है। यह एक ब्रेन कंप्यूटर इंटरफेस बनाने की कोशिश कर रहा है जो दर्दनाक चोटों वाले लोगों को केवल अपने विचारों का उपयोग करके फोन और पीसी ऑपरेट करने में मदद करेगा। ऐसा करने के लिए, वे लोगों के दिमाग में इलेक्ट्रोड प्रत्यारोपित करने पर काम कर रहे हैं। ताकि लकवा ग्रस्त लोगों की मदद हो सके।

## भारत की एक और अंजू पहुंची पाकिस्तान, सिख लड़की ने कबूला इस्लाम

इस्लामाबाद । भारत की एक और अंजू ने पाकिस्तान जाकर इस्लाम कबूल लिया है। उसने अपने प्रेमी से निकाह भी कर लिया है। बता दें कि इससे पहले भी राजस्थान की अंजू ने अपने फेसबुक वाले प्रेमी नसरुल्लाह के साथ निकाह कर लिया था। उसने भी ईसाई धर्म छोड़कर इस्लाम स्वीकार कर लिया। अब कुछ इसी तरह का मामला फिर एक बार देखने को मिला है। जिसमें भारतीय मूल की एक सिख लड़की ने पाकिस्तान के सियालकोट जाकर इस्लाम स्वीकार कर अपने प्रेमी के साथ निकाह कर लिया। यह सिख लड़की जर्मनी की रहने वाली है, जिसका नाम जसप्रीत कौर है। धर्म बदलने के बाद अब इसका नाम जैनब हो गया। अपने प्रेमी अली अरसलान के साथ जैनब ने निकाह कर लिया है। जामिया हनाफिया सियालकोट की ओर से इस्लाम स्वीकार करने का प्रमाण पत्र भी दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार जैनब के पिता संगारा सिंह भारतीय पंजाब के लुधियाना के रहने वाले हैं। निकाह से पहले जसप्रीत कौर ने जामिया हनाफिया सियालकोट में इस्लाम अपना लिया, जहां उन्हें नया नाम दिया गया है।

बता दें कि जसप्रीत 16 जनवरी को पाकिस्तान एक धार्मिक तीर्थयात्रा के लिए आई थीं। कौर के पास भारतीय पासपोर्ट भी है। उन्हें 15 अप्रैल तक एकल प्रवेश वीजा दिया गया था। जामिया हनाफिया का प्रशासकों का कहना है कि कौर उन 2000 से अधिक गैर–मुसलमानों में से एक हैं, जिन्होंने उनके संस्थान में इस्लाम स्वीकार किया है। रिपोर्ट से पता चला है कि अरसलान और कौर विदेश में मिले थे। इसके बाद अरसलान ने कौर को पाकिस्तान आने का न्योता दिया था। अब दोनों ने निकाह कर लिया है। साल 2018 में भी एक मामला आया था, जिसमें 40 साल की एक जर्मन महिला ने पंजाब के हाफिजाबाद के एक शख्स से निकाह कर लिया था।

## पाकिस्तान को 1971 जैसे विभाजन का सामना करना पड़ेगा, तालिबान मंत्री की धमकी के पीछे के क्या है मायने?

**लंदन (एजेंसी)।** ऐसा लगता है कि दानव उस हाथ को काटने के लिए तैयार है जिसने उसे खाना खिलाया है। एक बार इस्लामाबाद द्वारा समर्थित, अफगानिस्तान में तालिबान अब पाकिस्तान की क्षेत्रीय अखंडता को खतरे में डाल रहा है। तालिबान अफगानिस्तान के उप विदेश मंत्री शेर मोहम्मद अब्बास स्टानिकजई ने पाकिस्तान को 1971 जैसे विभाजन की चेतावनी दी है जिसमें बांग्लादेश का जन्म हुआ था। दिलचस्प बात यह है कि अफ़ग़ान तालिबान ने पाकिस्तान पर किस तरह से कब्ज़ा कर लिया है, एक ऐसा देश जिसने उनके नेताओं की मेजबानी की, उनके विद्रोह को वित्त पोषित किया और अपने टैंक और बख्तरबंद वाहनों को चलाने के लिए अधिकारियों को ऋण दिया।

तालिबान मंत्री स्टैनिकजई की चेतावनी तब आई जब पाकिस्तान अफगानों को अपने क्षेत्र से अफगानिस्तान में खदेड़ रहा था। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय सीमा के दोनों ओर रहने वाले पश्तूनों ने पाकिस्तान और अफगानिस्तान को अलग करने वाली डूरंड रेखा को कभी स्वीकार नहीं किया। टोलो न्यूज ने एक सार्वजनिक बैठक में स्टैनिकजई के हवाले से कहा हमने डूरंड को कभी नहीं पहचाना है और न ही कभी पहचानेंगे। आज अफगानिस्तान का आधा हिस्सा अलग हो चुका है और डूरंड रेखा के दूसरी तरफ है। डूरंड वह रेखा है जो अंग्रेजों ने अफगानों के दिल पर खींची थी।

स्टैनिकजई ने कहा कि आज, हमारा पड़ोसी देश शरणार्थियों को बहुत क्रूर तरीके से निर्वासित करता है, और उन्हें अपने देश लौटने के लिए कहा जा रहा है। बलूचिस्तान पोस्ट ने बताया कि सैनिकजई ने चेतावनी दी कि इस तरह के अत्याचारों के परिणामस्वरूप 1971 में बांग्लादेश को पाकिस्तान से अलग करने जैसी घटनाएं हो सकती हैं। 2023 में पाकिस्तान ने अफगान शरणार्थियों पर कार्रवाई करते हुए मांग की कि सभी गैर-दस्तावेज प्रवासी 1 नवंबर तक देश छोड़ दें। इस निर्णय ने पाकिस्तान में अनुमानित 1.7 मिलियन अफ़गानों के भविष्य को अनिश्चितता और भय में डूबा हुआ छोड़ दिया।

### पाकिस्तान पर कैसे उल्टा पड़ रहा है 'प्रोजेक्ट तालिबान'?

पाकिस्तान के सामने एक बड़ी समस्या है और तालिबान के साथ उसकी समस्याएं बढ़ती ही जा रही हैं। चाहे वे अफगानों को बाहर निकालें या वे अफगानों को बाहर न निकालें, चाहे वे कुछ भी करें, पाकिस्तान पर मुसीबतें आने वाली हैं। अफगानिस्तान में पाकिस्तान के विशेष दूत आसिफ दुर्रानी ने डूरंड रेखा पर तालिबान के रुख को सिरे से खारिज कर दिया। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने पहले तालिबान की डूरंड रेखा को मान्यता न देने को 'स्वार्थी और निराधार' बताया था।



### पाकिस्तान किस अंतरराष्ट्रीय कानून की बात कर रहा है?

अफगान तालिबान मंत्री स्टैनिकजई ने कहा कि अफगानिस्तान की यात्रा के लिए वीजा और पासपोर्ट की आवश्यकता अफगानों को स्वीकार्य नहीं है। पाकिस्तान ने हमेशा अंतरराष्ट्रीय कानून और ऐतिहासिक समझौतों के माध्यम से डूरंड रेखा की वैधता पर जोर दिया है। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ नेता अब्दुल समद याकूब ने कहा, अगर कोई डूरंड रेखा के बारे में बात करता है, तो एक अंतरराष्ट्रीय कानून है। किसी को अंतरराष्ट्रीय कानून का सम्मान करना चाहिए। एक अंतरराष्ट्रीय सीमा है।



# वर्कआउट रूटीन की एक झलक शेयर की हिना खान ने

छोटे परदे की एक्ट्रेस हिना खान फिट रहने के लिए स्ट्रिक्ट डाइट की बजाय एक्सरसाइज पर भरोसा करती हैं। एक्ट्रेस हिना खान ने हाल ही में अपने वर्कआउट रूटीन की एक झलक शेयर की। हिना ने बताया कि उन?होंने फिट रहने के लिए अपने वर्कआउट में स्किपिंग और वेट ट्रेनिंग को शामिल किया है। इंस्टाग्राम स्टोरीज पर हिना ने जिम की एक झलक शेयर करते हुए लिखा, कुल सात किमी दौड़ी, 1500 स्किप्स और कुछ बॉडी वेट ट्रेनिंग करनी पड़ेगी, ऑप्शन नहीं है।

जिस स्पीड से मैं खाती हूं, माशा अल्लाह, नजर मत लगाना प्लीज. सारी कैलोरी बर्न कर दूंगी, बस खाना नहीं रुकना चाहिए। मैं डाइटिंग नहीं करती, एक्सरसाइज करती हूं. एक ही तो जिंदगी है, खाओ-पियो मस्त रहो। एक दूसरी स्टोरी में हिना ने जिम में वर्कआउट करते और पसीना बहाते हुए अपना एक वीडियो शेयर किया। इसे कैप्शन दिया कि रोशोगुल्ला, कचौरी, बिरयानी, जलेबी, पुचका, चिकन रोल्स सब याद कर-करके मैं वर्कआउट कर रही हूं। अभिनेत्री अपनी कोलकाता यात्रा का जिक्र कर रही थीं, जहां उन्होंने स्वादिष्ट स्थानीय व्यंजनों का आनंद लिया। हिना ने बिग बॉस 17 के विजेता मुनव्वर फारुकी के साथ हल्की-हल्की सी नामक एक संगीत वीडियो में काम किया। गाने को असीस कौर और साज भट्ट ने गाया है। गीतकार और संगीतकार संजीव चतुर्वेदी हैं, जबकि वीडियो ए टू मेकर्स फिल्म द्वारा शूट किया गया है। अंशुल गर्ग द्वारा प्रस्तुत इस गाने का टीजर 20 फरवरी को सुबह 11 बजे रिलीज किया जाएगा।



# लंदन में हुई आलिया भट्ट की क्राइम सीरीज पोचर की स्पेशल स्क्रीनिंग

एक्ट्रेस आलिया भट्ट की क्राइम सीरीज पोचर की स्पेशल स्क्रीनिंग हाल ही में लंदन में हुई है। आ?लिया इन दिनों वेब सीरीज पोचर को लेकर चर्चा में है। इस सीरीज के साथ बतौर एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर वो जुड़ी है। ये सच्ची घटनाओं पर बेस्ड है जो भारतीय इतिहास में हाथी दांत के अवैध शिकार के सबसे बड़े गिरोह का पता लगाती है। इसका प्रीमियर 23 फरवरी को होने वाला है। हाल में लंदन में इस अपकमिंग अमेज़न ओरिजिनल की एक स्पेशल स्क्रीनिंग होस्ट की गई जहां फिल्म देखने आए गेस्ट्स से इसकी खूब तारीफ की और बेहद पॉजिटिव और प्रॉमिसिंग रिएक्शन के साथ इसका स्वागत किया। इस सीजीज को एमी पुरस्कार विजेता फिल्ममेकर रिची मेहता ने लिखा, क्रिएट किया और डायरेक्ट किया है। क्यूसी एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित पोचर में निमिषा सजयन, रोशन मैथ्यू और दिब्येंदु भट्टाचार्य सहित कई टैलेंटेड एक्टर्स शामिल हैं। इसकी कहानी भारतीय वन सेवा अधिकारियों, एनजीओ कार्यकर्ताओं, पुलिस कांस्टेबलों और अच्छे लोगों के एक ग्रुप पर आधारित है जिन्होंने इस इन्वेस्टिगेटिव को ट्रैक करने की कोशिश में अपनी जान जोखिम में डाल दी।

सीरीज के प्रचार के लिए रिची मेहता, प्राइम वीडियो इंडिया में कंटेंट लाइसेंसिंग के निर्देशक, मनीष मेंघानी, एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर, आलिया भट्ट और क्यूसी एंटरटेनमेंट के प्रिंसिपल रेमंड मैन्सफील्ड और सीन मैककिट्रिक लंदन गए। इस दौरान फ्रीडा पिंटो, गुरिंदर चड्ढा, मीरा सयाल, अनु मेनन, सोनी राजदान, शाहीन भट्ट सहित मशहूर फिल्म मेकर्स, वाइल्ड लाइफ प्रोटेक्शन ऑर्गेनाइजेशन और मीडिया के सदस्यों ने स्पेशल प्रिव्यू में हिस्सा लिया। इसके बाद पोचर टीम संग लियोनेल हचेमिन, प्रोग्राम मैनेजर वाइल्ड लाइफ क्राइम, आईएफएडब्ल्यू यूके के साथ बातचीज की गई। ये बातचीत इस सीरीज के निर्माण, रिची द्वारा किए गए रिसर्च और घटित वास्तविक घटनाओं की प्रामाणिकता बनाए रखने के लिए तथ्य और कल्पना को बैलेंस करने पर केंद्रित थी।



# नथिंग ने बॉलीवुड सुपरस्टार रणवीर सिंह को बनाया अपना नया ब्रांड एंबेसडर



लंदन के कंज्यूमर टेक ब्रांड, नथिंग ने बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह को अपना नया ब्रांड एंबेसडर बनाया है। रणवीर सिंह नथिंग स्मार्टफोन का चेहरा होंगे और ब्रांड के आने वाले कैम्पेन में नजर आएंगे। रणवीर सिंह नथिंग फोन के डिजिटल, प्रिंट और टीवीसी कैम्पेन में दिखाई देंगे ।इस साझेदारी के बारे में बात करते हुए रणवीर सिंह ने कहा, मैं नथिंग के साथ जुड़कर बेहद रोमांचित हूं। पहली बार जब से मैंने ब्रांड की खूबसूरत और आकर्षिक डिज़ाइन देखी है, तभी से मुझे अहसास हो गया था कि यह साझेदारी तो होनी ही है। स्मार्टफोन इंडस्ट्री की दूसरी कंपनियों से अलग हटकर कुछ नया करने की नथिंग की प्रतिबद्धता वास्तव में प्रेरणादायक है। मैं नथिंग के साथ सहयोग करने और साथ मिलकर कुछ मजेदार काम करने के लिए अब और इंतजार नहीं कर सकता।'

नथिंग के को-फाउंडर, अकीस इवेंजेलिडिस ने कहा, जब से हमने नथिंग की शुरुआत की है, तब से हमें भारत में जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है। भारतीय बाजार में हमारी महत्वाकांक्षाएं दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही हैं। हमने यहां निर्माण इकाई स्थापित की है, इसी के साथ ही हम देश भर में कई सर्विस सेंटर खोल रहे हैं। यह साझेदारी हमारे ब्रांड को विस्तार देने की दिशा में एक अगला कदम है। मैं हमारे बीच रणवीर का आधिकारिक तौर पर स्वागत करते हुए बेहद रोमांचित हूं! हम काफी समय से संपर्क में हैं। रणवीर की बात करें तो वे एक जबर्दस्त क्रिएटिव इंसान हैं। उनका व्यक्तित्व काफी कुछ हमारे ब्रांड जैसा है। हम एक दूसरे के साथ काम करने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

# रागिनी खन्ना को नहीं मिला गोविंदा की भांजी होने का फायदा

फिल्म इंडस्ट्री के मशहूर कलाकार गोविंदा की भांजी रा?गिनी खन्ना ने कहा है कि उन्हें कभी गोविंदा की भांजी होने का फायदा नहीं मिला है। हालांकि कई ऐसी एक्टर्स और एक्ट्रेसेज हैं, जिनका संबंध बड़े-बड़े स्टार्स हैं। इनमें से ज्यादातार लोग को इन संबंधों और रिश्तों का लाभ नहीं मिल पाता है। 90 के दशक के सुपरस्टार गोविंदा के भांजे कृष्णा अभिषेक, आरती सिंह और सौम्या सेठ के बारे में तो हर कोई जानता है। लेकिन बहुत कम ही लोग जानते हैं कि उनकी एक भांजी भी हैं, जो टीवी की एक बड़ी एक्ट्रेस हैं। गोविंदा की इस भांजी का नाम रागिनी खन्ना है। रागिनी ने राधा की बेटियां कुछ कर दिखाएंगी और ससुराल गेंदा फूल जैसे कई टीवी शोज में काम किया है। रागिनी खन्ना का गोविंदा जैसे स्टार के साथ संबंध होने पर और उनके करियर पर इसके असर के बारे में बात की। बता दें कि रागिनी 39 साल की एक्ट्रेस हैं। उन्होंने कहा कि इसका उन्हें एडवांटेज नहीं मिला है। उन्होंने जोर देकर कहा कि ऐसा नहीं है। वह बहुत बहुत बड़े स्टार हैं। पहली बात तो यह कि मैं उनकी बेटी नहीं हूं। रागिनी खन्ना ने कहा मैं नामू (टीना आहूजा) से प्यार करती हूं, मैं यश (यशवर्धन आहूजा) से प्यार करती हूं, मैं उनसे बहुत प्यार करती हूं। उन्होंने कहा कि गोविंदा और उनकी फैमिली संग मजबूत रिलेशन हैं।

हालांकि, रागिनी खन्ना ने इस बात पर जोर दिया कि टीवी इंडस्ट्री में सफलता पर्सनल एबिलिटी यानी योग्यता पर आधारित है, न कि केवल फैमिली रिलेशनशंस पर।

रागिनी खन्ना ने खुलासा किया कि कोविड-19 महामारी की वजह से वह 4 साल तक गोविंदा से नहीं मिल पाई थीं। लेकिन उनके साथ अच्छे संबंध बनाए रखे। उन्होंने कहा कि गोविंदा और उनकी फैमिली से गहरा रिश्ता है। रागिनी खन्ना ने कहा कि वह अक्सर उनकी फैमिली में होने वाले फंक्शंस और फेस्टिवल में हिस्सा लेने उनके घर जाती हैं। टीवी और फिल्म इंडस्ट्री में कलाकारों को किस तरह देखा जाता है, रागिनी खन्ना ने इस कॉन्सेप्ट पर बेहद दुख जताया कि टीवी को अक्सर फिल्मों से कमतर माना जाता है।



# केजीएफ पर आधारित फिल्म थंगालान में छुपी है सोने की चिड़िया

केजीएफ दुनिया की सबसे बड़ी सोने की खदानों के लिए प्रसिद्ध हैं। अंग्रेजों ने इसका पूरा फायदा उठाया और 900 टन से अधिक सोना इंग्लैंड ले गए। इसी पर आधारित फिल्म थंगालान इस इतिहास को उजागर करेगी। आज के जमाने में कोलार गोल्ड फील्ड्स उर्फ केजीएफ के इतिहास से लोग अंजान है। ऐसे में ये मोस्ट अवेटेड फिल्म थंगालान सबसे बड़ी सोने की खान केजीएफ की असली और पर्दे की पीछे की कहानी की खोज करेगी। यह फिल्म कोलार गोल्ड फील्ड के लोगों की रियल लाइफ स्टोरी पर आधारित है और इस पर भी कि कैसे केजीएफ के निवासियों ने खदानों को अंग्रेजों के आतंक से बचाया था। एक हजार साल पहले इस इलाके की खोज अंग्रेजों ने की थी, और फिर अपने फायदे के लिए उन्होंने इसे लूट लिया था। हाल ही में चियान विक्रम स्टारर इस फिल्म का फर्स्ट लुक और टीज़र सामने आया है, जिसे लेकर हिंदी दर्शकों के बीच काफी हलचल है। बता दें कि हाल ही में पोंगल के खास मौके पर मेकर्स ने बहुप्रतीक्षित फिल्म के रिलीज मंथ अप्रैल 2024 की घोषणा की थी। मशहूर फिल्ममेकर पा रंजीत केएस के निर्देशन में बनी फिल्म थंगालान कथित तौर पर 19वीं शताब्दी की शुरुआत की पृष्ठभूमि पर आधारित है और सच्ची घटनाओं पर आधारित है जो कर्नाटक के कोलार गोल्ड फील्ड में खदान श्रमिकों के जीवन के आसपास घूमती है। फिल्म का टीज़र हमें निर्माताओं द्वारा बनाई गई बेहद अलग दुनिया में ले जाता है। यह फिल्म ब्लॉकबस्टर पोन्नियिन सेलवन 1 और 2 के बाद चियान विक्रम की पैन इंडिया शैली में वापसी का प्रतीक है, और मुख्य अभिनेता के किरदार में उनका समर्पण, प्रतिबद्धता और बदलाव निश्चित रूप से दिखाई देता है। टीज़र में शोषणकाल के दौरान कुछ खून चूसने वाले पल और अभिनेताओं के देसी लुक को दिखाया गया है

# जल्द आएगी रणवीर सिंह की डॉन 3, रितेश फरहान की दिखेगी जादूगरी

रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर की एक्सल एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनने वाली फिल्म दर्शकों को रोमांचित करने वाली है। एक्शन फिल्म लवर्स के लिए यह एक अल्टीमेट पसंद है। इसने लाखो दर्शकों को अपना दीवाना बनाया है और फैंस के दिलों में अपनी एक लगा जगह बनाई है। ऐसे में अब उत्साह को और ऊपर लेकर जाते हुए, फैंस फिल्म की अगली कड़ी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। ऐसे में मेकर्स ने भी फैंस के बीच जोश को देखते हुए डॉन 3 को लेकर एक मोमेंट्स डेवलपमेंट से पर्दा उठाने की तैयारी कर रहे हैं। जी हां, आप सही पढ़ रहे हैं,मतलब अब दर्शक थ्रिल होने वाले हैं। फिल्म को लेकर मेकर्स ने एनर्जेटिक सुपरस्टार रणवीर सिंह को नए डॉन के रूप में अनाउंस किया है, जो अपनी अनमैचेड एनर्जी और करिज्मा के साथ रोल में जादू बिखेरने के लिए तैयार हैं। इसके अलावा डॉन 3 फरहान अख्तर को 12 साल बाद डायरेक्टर की कुर्सी पर वापस लेकर आयेगा। ऐसे में फरहान जैसे विजनरी और स्किल्ड डायरेक्टर की जादूगरी स्क्रीन पर देखने के लिए दर्शक इंतजार कर रहे हैं। रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर अपने काम में माहिर हैं और उनकी हर एक फिल्म अपने आप में उसका सबसे बड़ा सबूत है। डॉन फेंचाइजी भी इसी का एक शानदार उद्धरण है। डॉन 3 ने फैंस को उत्साहित किया है और इस थ्रिल से भरी सवारी का सफर करने के लिए तैयार हैं। इसमें एक्शन, कहानी का बेजोड़ देखने को मिलने वाला है। डॉन 3 दर्शक भी खासा इंतजार करने वाले हैं।






# बेटे आर्यन के फैशन ब्रांड का विज्ञापन शेयर किया शाहरुख ने

अपने बेटे आर्यन खान के फैशन ब्रांड डी यवोल एक?स के लिए सुपर स्टार शाहरुख खान ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर नया विज्ञापन शेयर किया है। बॉलीवुड के किंग खान इन दिनों अपने बेटे आर्यन खान के फैशन ब्रांड डी यवोल एक?स का प्रमोशन करते दिखाई दे रहे हैं। स?टार ने विज्ञापन में शर्टलेस होकर अपनी बॉडी दिखाई। इसमें हम 2023 की एक्शन थ्रिलर पठान से उनका लुक देख सकते हैं। वीडियो में किंग खान को लंबे बालों और दाढ़ी वाले लुक में देखा जा सकता है। उन्होंने काला चश्मा पहन रखा है और उनके हाथ में एक गिलास है। इसमें वह अपने बाइसेप्स और एब्स दिखा रहे हैं। यह वीडियो मुंबई एयरपोर्ट पर दिखाया गया। स?टार ने लिखा कि अब मुंबई हवाई अड्डे पर इसे देखने के लिए उत्साहित हूं। नई लाइफस?टाइल वाली चीजें जल्द ही आ रही हैं। मुझे नए कार्गो पसंद हैं।

वीडियो ने इंटरनेट पर हलचल मचा दी है और प्रशंसक स्वदेश अभिनेता पर प्यार बरसा रहे हैं। एक प्रशंसक ने कहा कि शाहरुख खान की जगह कोई नहीं ले सकता, जबकि दूसरे ने लिखा, पठान लुक। 2023 में, आर्यन ने अपना लक्जरी क्लोदिंग फैशन ब्रांड डी यवोल एक?स लॉन्च किया था। उन्होंने ब्रांड के लिए एक विज्ञापन वीडियो भी बनाया, इसमें वह और शाहरुख शामिल थे। आर्यन वर्तमान में सीरीज स्टारडम की शूटिंग कर रहे हैं, इसके लिए वह शो रनर, लेखक और निर्देशक हैं।